बैशाख शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 20 मई 2024
वर्ष 2, अंक 269, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन 15

रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत 16


## इंजन में आग लगने से विमान की आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक के बेंगलुरु से केरल के कोच्चि जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान के दाएं इंजन में उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लगने के कारण उसे बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार को 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को ले जा रहे विमान के इंजन में बेंगलुरु से रवाना होने के तुरंत बाद आग लग गई। चालक दल ने इसकी जानकारी तुरंत यातायात नियंत्रक को दी। इसके



- बेंगलुरु से कोच्चि जा रही थी एआई एक्सप्रेस की फ्लाइट
- विमान में सवार थे 179 यात्री व चालक दल के 6 सदस्य

बाद विमान रात 11:12 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया, हवाईअड्डे की अग्निशमन सेवाओं ने तेजी से आग बुझा दी। सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित बच गए। केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालक बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि 18 मई को बेंगलुरु से कोच्चि जाने वाली उड़ान IX 1132 को एक इंजन में आग लगने के बाद रात 11:12 बजे बेंगलुरु हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हवाई अड्डे पर पूर्णतः आपातकाल घोषित कर दिया गया था, विमान के लैंड करते ही आग को तुरंत बुझा दिया गया। सभी 179 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों को विमान से सुरक्षित निकाल लिया गया। कारणों की जांच की जा रही है।

## 5वां चरण : पांच केंद्रीय मंत्रियों समेत राहुल की प्रतिष्ठा दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे करीब ढाई करोड़ मतदाता

**अमृत विचार** : प्रदेश में पांचवें चरण के चुनाव में पांच केंद्रीय मंत्रियों, राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, स्मृति ईरानी, साध्वी निरंजन ज्योति व भानु प्रताप वर्मा समेत कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की प्रतिष्ठा दांव पर है। इस चरण में लखनऊ, मोहनलालगंज, अमेठी व रायबरेली समेत 14 लोकसभा व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीटों पर मतदान 20 मई को होगा। करीब ढाई करोड़ मतदाता इन दिग्गज नेताओं के भाग्य का फैसला करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने इन सीटों पर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।



- प्रदेश की 14 लोकसभा और एक विधानसभा सीट पर आज होगा मतदान

लखनऊ सीट पर केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने उनके मुकाबले में मौजूदा विधायक रविदास मेहरोत्रा को चुनाव मैदान में उतारा है। बसपा ने सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। इसी तरह, मोहनलालगंज सीट पर केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर भी तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं। इंडी गठबंधन के तहत सपा से पूर्व मंत्री आरके चौधरी व बसपा के राजेश कुमार से उन्हें चुनौती मिल रही है।

हाईप्रोफाइल सीटों में शामिल अमेठी सीट पर केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी चुनाव मैदान में हैं। नेहरू-गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले किशोरी लाल शर्मा उन्हें चुनौती दे रहे हैं। रायबरेली सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से चुनौती मिल रही है। दोनों सीटों को जीतने के लिए गांधी परिवार क्षेत्रों में डेरा डाले हुए है।

### हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों पर भाजपा-कांग्रेस में घमासान

हाईप्रोफाइल अमेठी व रायबरेली सीटों को जीतने के लिए भाजपा व कांग्रेस में घमासान की स्थिति है। पिछले दिनों सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी व राहुल गांधी के अलावा सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनावी सभाओं के जरिये मतदाताओं को अपने पाले में लाने की कोशिश में लगे रहे, जबकि भाजपा की ओर से केंद्रीय मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चुनावी सभाएं कर अमेठी के साथ ही इस बार रायबरेली सीट जीतने के लिए माहौल बना चुके हैं। फतेहपुर सीट पर केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति चुनाव मैदान में हैं। सपा प्रत्याशी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल उन्हें चुनौती दे रहे हैं। इसी तरह, जालौन सीट पर केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ इंडी गठबंधन से नारायण दास अहिरवार चुनाव मैदान में हैं। अहिरवार बसपा के संस्थापक सदस्य रहे हैं। 2007 से 2011 तक वह मायावती सरकार में मंत्री थे


पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
समर ऑफर
मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300


## प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में पीओके होगा हमारा : मुख्यमंत्री

### योगी ने छह लोकसभा सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में की जनसभा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरा कार्यकाल दीजिए, पीओके (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) भारत का हिस्सा होगा। इस घोषणा के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुंडा-माफिया के सरगना कह रहे हैं कि योगी जी को बुलडोजर नहीं चलाना चाहिए। मैं कहता हूं कि चिंता न करो, जो गुंडे और माफिया बचे हैं चुनाव बाद उनकी संपत्ति पर भी बुलडोजर चल जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को छह लोकसभा सीटों आजमगढ़, लालगंज, जौनपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर और इलाहाबाद में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

योगी ने आजमगढ़ में सांसद व भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' के पक्ष में कहा कि आजमगढ़ को अभी बहुत कुछ देना है, इसे औद्योगिक सिटी बनाना है। यह फिल्म सिटी का केंद्र बनेगा, जहां



- मतदाताओं से अपील-माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए

से ढेर सारे निरहुआ और आम्रपाली दुबे निकलेंगे। सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि वो लोग यहां पिकनिक मनाने आ रहे हैं और चुनाव बाद इंग्लैंड घूमने निकल जाएंगे। योगी ने आजमगढ़ के फूलपुर पवई में लालगंज लोस सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर के लिए भी प्रचार किया।

जौनपुर में योगी ने भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह के लिए वोट मांगा। बोले कि सपा और माफिया का चोली-दामन का साथ है। हम उत्तर प्रदेश की धरती से रामद्रोहियों, भारत विरोधियों और माफिया को समाप्त करके रहेंगे। योगी ने कहा कि सपा-कांग्रेस के इंडी गठबंधन का एकजुट होना खतरे की घंटी का संकेत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भाजपा न आपकी संपत्ति का सर्वे कराने देगी, न ही जजिया कर लगाने देगी और न ही आरक्षण पर सेंध लगाने देगी।

### औरंगजेब की आत्मा को जीवित नहीं होने देंगे

मुख्यमंत्री ने फूलपुर से विधायक और लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार प्रवीण पटेल के पक्ष में सोरांव में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विरासत टैक्स की घोषणा कर कांग्रेस व सपा ने साबित कर दिया कि औरंगजेब की आत्मा को जीवित कर वह हिंदुओं को तबाह करना चाहती हैं, लेकिन भाजपा इनकी कारस्तानी पूरा नहीं होने देगी।

मुख्यमंत्री ने रामपुर खास में प्रतापगढ़ के सांसद व भाजपा प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का हिस्सा बनाना है, इसलिए अबकी बार 400 पार सीटें चाहिए। कांग्रेस और सपा को इस नारे से चक्कर आने लगा है, क्योंकि प्रयागराज और गाजीपुर वाले इनके शागिर्द मिट्टी में मिल चुके हैं।

योगी ने करछना में इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के पक्ष में जनसभा की। बोले कि प्रयागराज में विधायक राजू पाल की हत्या कर दी जाती है और सपा बेशर्मी से माफिया को अपने गले का हार बना लेती है। उन्होंने दो लड़कों की जोड़ी फूलपुर आई थी, लेकिन जनता ही नहीं थी, ऐसे में वापस चले गए हैं। यहां मतदाताओं से कहा कि, माफिया के मरने पर मातम मनाने वालों की जमानत जब्त कराइए।

### एक नजर

#### तीन नए आपराधिक कानूनों पर आज सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट तीन नए आपराधिक कानूनों के अधिनियमन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। पुराने कानूनों में विभिन्न प्रकार के दोषों और विसंगतियों के मद्देनजर आपराधिक कानूनों में बदलाव की मांग की जाती रही है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। लोकसभा ने पिछले साल 21 दिसंबर को भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक को पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी।

### सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसे कार्यकर्ता, मंच पर चढ़े

## प्रयागराज में राहुल-अखिलेश की सभा में भगदड़, कई घायल

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ

**अमृत विचार** : कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव की रविवार को प्रयागराज में आयोजित जनसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। जनसभा में आई भीड़ बेकाबू हो गई और सुरक्षा घेरे की बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच गई। इससे पहले भीड़ ने पुलिस से भी धक्का-मुक्की की। बाद में पुलिस के लाठीचार्ज में भगदड़ मच गई। इसमें तमाम घायल हुए, कुर्सियां टूटीं तो बहुतों के मोबाइल फोन भी गिर गए। स्थिति देखकर दोनों नेताओं के सुरक्षाकर्मियों के भी हाथपांव फूल गए। ऐसे में भाषण दिए बगैर अखिलेश और राहुल को जनसभा से वापस जाना पड़ा।

रैली का आयोजन पड़िला महादेव (फाफामऊ क्षेत्र) में फूलपुर लोकसभा सीट के सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या के समर्थन में किया गया था। जनसभा में चारों तरफ सिर पर लाल टोपी और गले में लाल गमछा डाले हुए कार्यकर्ताओं, समर्थकों को अपने नेताओं के आने का इंतजार था। जैसे ही हेलीकॉप्टर से राहुल गांधी और अखिलेश वहां पहुंचे स्थिति बेकाबू हो गई। इन नेताओं के करीब पहुंचने के लिए पहले हेलीकॉप्टर वाली बैरिकेडिंग और फिर मंच से पहले डी वाली बैरिकेडिंग तोड़कर भीड़ अंदर घुस गई। तमाम कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए।



जनसभा के दौरान मंच पर बैठे राहुल गांधी और अखिलेश यादव। ● अमृत विचार

- समर्थकों ने की पुलिस से धक्का मुक्की, पुलिस ने भांजी लाठी
- नाराज दोनों नेता बगैर संबोधित किए जनसभा छोड़कर चले गए

अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं, समर्थकों को शांत रहने के लिए समझाया लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद राहुल और अखिलेश नाराज हो गए। दोनों नेता मंच से चले गए। सपा एमएलसी मान सिंह यादव ने हंगामे के पीछे भाजपा की साजिश बताई है। तर्क दिया कि जनसभा की भीड़ को देखकर साजिशन पुलिस फोर्स की व्यवस्था नहीं की गई, इस वजह से अव्यवस्था फैली।



भगदड़ के बाद जनसभा स्थल पर बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

## सीआईएसएफ संभालेगी आज से संसद की सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद की सुरक्षा 1,400 से अधिक सीआरपीएफ कर्मचारियों के हटने के बाद सोमवार से पूरी तरह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के हवाले हो जाएगी। इसके 3,300 से अधिक कर्मी आतंकवादरोधी तथा अन्य सुरक्षा दायित्वों की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले लेंगे।

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद दायित्व समूह (पीडीजी) ने शुक्रवार को परिसर से अपने प्रशासनिक अमले के साथ वाहन, हथियार और



- अभी सीआरपीएफ के पास है संसद सुरक्षा की जिम्मेदारी

कमांडो को हटा लिया। कमांडर एवं डीआईजी रैंक के अधिकारी ने सभी सुरक्षा जिम्मेदारियां सीआईएसएफ को सौंप दीं। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुराने और नए संसद भवन तथा इस परिसर में स्थित संबंधित ढांचों की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के कुल 3,317 कर्मियों को शामिल किया जा रहा है।

## केजरीवाल के आवास से सीसीटीवी डीवीआर जब्त

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस की एक टीम आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट की जांच के सिलसिले में रविवार को यहां मुख्यमंत्री केजरीवाल के आधिकारिक आवास पर पहुंची। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने सीसीटीवी डीवीआर (डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर) सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं ताकि 13 मई को मालीवाल पर हुए कथित हमले की फुटेज हासिल की जा सके। उस दिन केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर आप की राज्यसभा सदस्य पर कथित हमला

### स्वाति मामला



- जांच के सिलसिले में मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंची पुलिस

किया था। मालीवाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री आवास की सीसीटीवी फुटेज के साथ छेड़छाड़ की गई है। कुमार को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि कुमार पूछताछ के दौरान गोलमोल जवाब दे रहे थे। दिल्ली पुलिस ने मालीवाल की शिकायत के बाद सिविल लाइंस पुलिस थाने में गैर इरादतन हत्या की कोशिश, बंधक बनाना, निर्वस्त्र करने के इरादे से महिला पर हमला, आपराधिक भयादोहन और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द, भाव-भंगिमा का इस्तेमाल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है।

### आप को खत्म करना चाहते हैं मोदी : केजरीवाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह 'आप' को ख़त्म करना चहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भाजपा मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह 'आप' मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्होंने मार्च निकालने से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी बहुत तेज़ी से बढ़ रही है। हमारे कामों की चर्चा देशभर में हो रही है। भविष्य में आप भाजपा को चुनौती देगी और इसलिए यह हम लोगों को ख़त्म करना चाहते हैं।

## 2023-24 में जीडीपी 7 प्रतिशत रहने का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (इंडरा) को उम्मीद है कि मार्च तिमाही में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 6.9-7 प्रतिशत रह सकती है। रेटिंग एजेंसी के प्रमुख अर्थशास्त्री सुनील कुमार सिन्हा ने यह अनुमान जताया है।

सरकार चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2024) और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि के शुरुआती अनुमान 31 मई को जारी करेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। सिन्हा ने एक साक्षात्कार में बताया कि हम उम्मीद कर रहे हैं कि चौथी तिमाही की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत होगी और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कुल जीडीपी वृद्धि दर लगभग 6.9-7 प्रतिशत होगी। उन्होंने कहा कि पहली दो तिमाहियों में वृद्धि दर को कम आधार का फायदा मिला, हालांकि तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर 2023) तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर आश्चर्यजनक थी।

## ईरान के राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

तेहरान, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन को ले जा रहा हेलीकॉप्टर उत्तर-पश्चिमी ईरान के पहाड़ी इलाके में घने कोहरे के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना कथित तौर पर उस समय हुई, जब रायसी अज़रबैजान के साथ लगे सीमा पर एक बांध परियोजना का उद्घाटन करने के बाद ईरान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत पूर्वी अजरबैजान के खोडा अफ़रीन क्षेत्र से लौट रहे थे। राष्ट्रपति रायसी के काफिले में तीन हेलीकॉप्टर शामिल थे। कई मंत्रियों और अधिकारियों को ले जा रहे दो हेलीकॉप्टर सुरक्षित उतर गए हैं, लेकिन ईरानी राष्ट्रपति और विदेश मंत्री को ले जा रहा मुख्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्टेट टेलीविजन ने बताया कि खोज में जुटी बचाव टीम को दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर मिल गया है। हालांकि, अब तक रायसी और अन्य लोगों के मिलने की कोई जानकारी नहीं है। यह घटना रविवार को पूर्वी अजरबैजान प्रांत के वरज़ाकन और जोल्फा शहरों के बीच दिज़मार जंगल में हुई। दुर्घटना के समय रायसी अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ एक बांध का उद्घाटन करने के बाद लौट रहे थे। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने लोगों से राष्ट्रपति सहित सभी लोगों की सलामती के लिए दुआ करने की अपील की है।



- राष्ट्रपति रायसी के साथ विदेश मंत्री भी थे हेलीकॉप्टर पर सवार

### हम ईरान के लोगों के साथ खड़े हैं: मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर उड़ान के संबंध में आ रही खबरों पर गहरी चिंता व्यक्त की। कहा कि संकट की इस घड़ी में भारत ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आज राष्ट्रपति रईसी की हेलीकॉप्टर उड़ान के संबंध में खबरों से बहुत चिंतित हूं। हम संकट की इस घड़ी में ईरानी लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं और राष्ट्रपति तथा उनके साथियों की सलामती की प्रार्थना करते हैं।

## निकोबार द्वीप पहुंचा मानसून, 31 तक केरल में दस्तक

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा दक्षिण-पश्चिम मानसून ने रविवार को देश के दक्षिणी छोर निकोबार द्वीप पर दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यहां यह जानकारी दी।

मौसम कार्यालय ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून रविवार को मालदीव के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र और दक्षिण बंगाल की खाड़ी, निकोबार द्वीप समूह और दक्षिण अंडमान सागर के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। मानसून के 31 मई तक केरल पहुंच जाने की उम्मीद है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 साल में केरल में मानसून की शुरुआत की तारीख व्यापक रूप से अलग-अलग रही है। केरल में मानसून सबसे देरी से 1972 में 18 जून को और सबसे पहले 1918 में 11 मई को पहुंचा था। मानसून पिछले साल आठ जून को, 2022 में 29 मई को, 2021 में तीन जून को और 2020 में एक जून को दक्षिणी राज्य में पहुंचा था।



- ला नीना के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान
- भीषण गर्मी और लू के प्रकोप से जूझ रहा देश का बड़ा हिस्सा

आईएमडी ने पिछले महीने ला नीना की अनुकूल स्थितियों के कारण सामान्य से अधिक बारिश होने का पूर्वानुमान जताया था। ला नीना की स्थितियां भारत में मानसून के दौरान अच्छी बारिश में मदद करती हैं। देश का बड़ा हिस्सा भीषण गर्मी से जूझ रहा है और कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कई राज्यों में गर्मी का रिकॉर्ड टूट गया है और इसका स्वास्थ्य एवं आजीविका पर गंभीर असर पड़ रहा है। दक्षिणी भारत में अप्रैल में लू का प्रकोप देखा गया था। भीषण गर्मी बिजली ग्रिड पर दबाव डाल रही है और जल निकाय सूख रहे हैं। इसके कारण देश के कुछ हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति पैदा हो रही है। ऐसे में मानसून के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा का पूर्वानुमान तेजी से विकास कर रहे दक्षिण एशियाई देश के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। भारत के कृषि परिदृश्य के लिए मानसून महत्वपूर्ण है और 52 प्रतिशत शुद्ध खेती योग्य क्षेत्र इस पर निर्भर है। यह देश भर में बिजली उत्पादन के अलावा, पीने के पानी के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। जून और जुलाई को मानसून के सबसे महत्वपूर्ण महीने माना जाता है क्योंकि इस अवधि के दौरान अधिकतर खरीफ फसलों की बुआई होती है।

### तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश का रेड अलर्ट

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश जारी रहने के बीच क्षेत्रीय मौसम कार्यालय ने रविवार को अपने पूर्वानुमान में कहा कि तेनकासी, तिरुनेलवेली और थेनी जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इन जिलों के लिए सोमवार को रेड अलर्ट जारी किया गया है। अगले 24 घंटे में 20 सेमी से अधिक बारिश हो सकती है। रविवार को सुबह 8.30 बजे तक (24 घंटे की अवधि के दौरान) तिरुवन्नामलाई के जमुनामारथुर और कन्याकुमारी के पेचिपराई में क्रमश: 12 सेमी और 10 सेमी वर्षा हुई। तमिलनाडु राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने उधगमंडलम (ऊंटी), तेनकासी, होगेनक्कल जाने वाले पर्यटकों को सुरक्षा निर्देशों का पालन करने के लिए कहा है।



कैंसर के बचाव व लक्षणों की जानकारी देतीं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रीति शुक्ला व डॉ.निशी श्रीवास्तव अमृत विचार



आईवीएफ के संबंध में जानकारी देतीं आईवीएफ समन्वयक डॉ.रेनू तंवर व प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ.आस्था सिंह। अमृत विचार



पटना के डॉ.आनंद कुमार को सम्मानित करते जीएसवीएम प्राचार्य प्रो. संजय काला, आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी। अमृत विचार

# हाथ व पैरों में कमजोरी, उल्टी-खांसी में खून तो सावधान

❍ आईएमए सीजीपी में कैंसर रोग विशेषज्ञों ने दी अहम जानकारी ❍ प्रदूषण व जीवनशैली में बदलाव कैंसर का बना मुख्य कारण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अचानक हाथ व पैरों में कमजोरी आना, उल्टी या खांसी में खून आना, लगातार सिर दर्द, मल-मूत्र त्याग का रुकना आदि लक्षण दिखने पर सतर्क हो जाना चाहिए। ये कैंसर के लक्षण भी हो सकते हैं। यह जानकारी आईएसए सीजीपी में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.निशी श्रीवास्तव ने दी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में रविवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर का आईएमए सीजीपी 41 वां रिफ्रेशर कोर्स 2024 का समापन हुआ। लखनऊ कैंसर संस्थान की प्रमुख कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.निशी श्रीवास्तव ने बताया कि फेफड़े के कैंसर को सबसे घातक माना जाता है। बहुत अधिक धूम्रपान करने या हानिकारक रसायनों के संपर्क में रहने वाले लोगों में फेफड़ों के कैंसर का जोखिम अधिक होता है। शहर की प्रमुख कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.प्रीति शुक्ला ने बताया कि समय पर इलाज कराने पर रोकथाम संभव है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.विकास शुक्ला ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर अक्सर सिर दर्द और उल्टी के साथ ही आते हैं, जिन्हें कई बार माइग्रेन समझ लिया जाता है। गंभीरता से जांच करनी चाहिए।

### ईएनटी सर्जन की 24 घंटे सुविधा नहीं

वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ.अखिल प्रताप सिंह ने बताया कि शरीर की अधिकांश मुख्य इंद्रियां नाक, कान व गला के ही भाग हैं। इसलिए नाक, कान व गले में कोई भी समस्या होने पर तत्काल प्रबंधन करना चाहिए। लेकिन देश के अधिकांश अस्पतालों में ऐसी गंभीर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे ईएनटी सर्जन की सुविधा नहीं होती है। कहा कि एक सामान्य डॉक्टर को टॉन्सिल में फोड़ा, अचानक से आवाज रुकना, एलर्जी ऐंठन, अचानक जबड़े का बंद होना, कान के पर्दे पर चोट या फटना, चेहरे पर चोट के घाव, चेहरे के कंकाल का फ्रैक्चर आदि आपात स्थितियों के प्रबंधन की जानकारी होना बेहद जरूरी है।

### समय पर शादी न होने से संतान सुख नहीं

नई दिल्ली स्थित मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज की निदेशक और आईवीएफ समन्वयक डॉ.रेनू तंवर ने बताया कि भागदौड़ भरी जिंदगी, तनाव पूर्ण जीवन और करिअर बनाने की चाह में अधिकांश युवक-युवती 30 या 35 वर्ष की उम्र में शादी करते हैं। शादी करने के बाद भी संतान की प्लानिंग में समय लेते हैं। जिससे अधिक उम्र के कारण स्पर्म व अंडे बनना कम हो जाते हैं और संतान सुख प्राप्त करने में दंपति को दिक्कत होती है। तब दंपति को आईवीएफ की जानकारी दी जाती है, जो सुरक्षित है। बांझपन में मामलों में वृद्धि के साथ ही आईवीएफ मामलों में भी वृद्धि हुई है। आईवीएफ और ट्यलिप हॉस्पिटल व प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ.आस्था सिंह ने बताया कि शहरी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में भी बांझपन की समस्या बढ़ी है। बांझपन की समस्या में मुख्य कारण देर से शादी, गलत खानपान, बिगड़ी व आरामदायक जीवनशैली, प्रदूषण आदि है। बताया कि शादी की सबसे सही उम्र 25 से 32 साल है।

### पेट दर्द, उल्टी व मल का पास न होना गंभीर समस्या

अनुराग हॉस्पिटल के डॉ.एएस सेंगर ने बताया कि पेट में होने दर्द को कई बार गैस का दर्द समझा जाता है, लेकिन हर बार पेट में हो रहे दर्द को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। पेट दर्द के साथ, उल्टी या मल का पास न होना गंभीर समस्या बन सकती है। इसके लिए समय पर डायग्नोसिस बेहद जरूरी है। लापरवाही पर सेप्टीसिमिया की समस्या हो सकती है। क्रिटिकल केयर सपोर्ट के डॉ.मनोज त्रिपाठी ने बताया कि अगर कोई व्यक्ति घायल है और वह एक घंटे से पहले अस्पताल पहुंचता है तो उसके बचने के चांस ज्यादा होते हैं।

## पेन किलर से रक्तस्राव का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फैटी लिवर और एल्कोहल की वजह से हो रहा है लिवर सिरोसिस
- मोबाइल पर दी जा रही हर जानकारी नहीं होती सही, रहें सावधान

**अमृत विचार।** किसी भी प्रकार का दर्द या समस्या होने पर डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवा का सेवन बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए क्योंकि दर्द निवारक दवाएं गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रक्तस्राव की मुख्य वजह हैं। आयुर्वेद की कुछ दवाएं भी लिवर को नुकसान पहुंचाने का काम करती हैं, इसलिए अधिक दवाओं का सेवन नहीं करना चाहिए। यह जानकारी लखनऊ एसजीपीआई के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीर राय ने दी।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में आईएमए सीजीपी के 41 वें रिफ्रेशर कोर्स 2024 में लखनऊ एसजीपीआई के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. प्रवीर राय ने बताया कि खून की उल्टी और काले रंग का मल आना गंभीर समस्या है। यह लिवर से जुड़ी समस्या है। लापरवाही पर रक्तस्राव होने पर यह अल्सर का रूप भी ले सकता है। अल्सर का मुख्य कारण वैरोसिस ब्लीडिंग होता है, जो नसों से संबंधित है। ऐसे में मरीजों का ब्लड प्रेशर भी गड़बड़ा सकता है। बीपी की समस्या ठीक होने पर इंडोस्कोपिक विधि से मरीज की जांच व इलाज की जाता है। बताया कि वर्तमान में फैटी लिवर और एल्कोहल की वजह से लिवर सिरोसिस की समस्या अधिक बढ़ी है, जिसकी वजह खराब जीवनशैली, फास्ट फूड, जंक फूड, व्यायाम या योग न करना और पैदल कम चलना आदि शामिल है। करीब 10 साल पहले एल्कोहोल की वजह से लिवर सिरोसिस की समस्या 15 से 20 प्रतिशत लोगों में ही देखी जाती थी, जबकि अब सौ मरीजों में से 30 से 40 प्रतिशत लोग इससे प्रभावित है। इसी तरह सौ मरीजों में से 40 प्रतिशत मरीज फैटी लिवर की समस्या से ग्रस्त है। जबकि 10 साल पहले पांच प्रतिशत लोगों में ही फैटी लिवर देखा जाता था।



प्रवीर राय को सम्मानित करते डॉ.विकास शुक्ला व साथ में डॉ.पीयूष मिश्रा, डॉ.गौरव चावला डॉ कुनाल सहाय। अमृत विचार

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के प्रो. एसके गौतम ने बताया कि सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार की दर्द निवारक दवा, सप्लीमेंट, प्रोटीन या आयुर्वेद दवा का उपयोग बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं करना चाहिए।

## बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने थाना घेरा, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाकर किदवई नगर थाना घेरा
- पेट्रोल पंप संचालक पर मुकदमा व चौकी प्रभारी को हटाने की मांग

**अमृत विचार।** साकेत नगर स्थित पेट्रोल पंप पर बजरंगदल कार्यकर्ताओं व पंप कर्मचारियों के बीच हुई मारपीट के मामले में एकपक्षीय कार्रवाई का आरोप लगाते हुए रविवार को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने किदवई नगर थाने का घेराव कर लिया। आधा सैकड़ा से अधिक बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने थाने में जमकर हंगामा किया। एसीपी बाबूपुरवा व किदवई नगर इंस्पेक्टर से कार्यकर्ताओं की तीखी नोंकझोंक हुई। करीब दो घंटे तक हंगामें के बाद एडीसीपी ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन देकर कार्यकर्ताओं को शांत कराया।

साकेत नगर स्थित एचपी पेट्रोल पंप पर 13 मई को दो बाइकों पर सवार चार युवकों का पेट्रोल के पैसों को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया। पेट्रोल पंप संचालक शुभम जेटली ने बताया कि युवक गाली गलौज कर वहां से चले गए और आधे घंटे बाद करीब एक दर्जन युवक आए और खुद को बजरंग दल कार्यकर्ता बताते हुए कर्मचारियों व कैशियर से जमकर मारपीट कर दी। एक कर्मचारी के के हाथ से नोजल छूट गया और पेट्रोल युवकों पर पड़ गया।

पेट्रोल पंप कर्मचारी की तहरीर पर अज्ञात लोगों पर बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। रविवार को बजरंगदल कानपुर प्रांत के सह संयोजक अमरनाथ के नेतृत्व में करीब 50 से अधिक कार्यकर्ता किदवई नगर थाने पहुंचे और पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने पेट्रोल डालकर लोगों की जान से मारने का प्रयास किया। पंप मालिक के इशारे पर चौकी इंचार्ज ने कार्यकर्ताओं कों को कमरे में बंधक बनाकर पीटा। लाल कॉलोनी चौकी इंचार्ज पर आरोप लगाते हुए तत्काल हटाने की मांग पर अड़ गए। हंगामे की सूचना पर एसीपी बाबूपुरवा अमरनाथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान एसीपी व किदवई नगर इंस्पेक्टर की कार्यकर्ताओं से बहस हो गई। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर कार्यकर्ताओं को शांत कराया।



थाने के बाहर हंगामा करते बजरंग दल के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### ब्यूटी टिप्स



**रूप निखारने का हुनर साज-सज्जा :** युवतियां खूबसूरती बढ़ाने के लिए श्रंगार व मेकअप करती हैं। इसलिए आज कल प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट की डिमांड है। कई युवतियां मेकअप आर्टिस्ट के क्षेत्र में अपना करियर बना रही हैं। रविवार को पनकी में आयोजित कार्यक्रम में युवतियों को प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट बनने की ट्रेनिंग दी गई।

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**कानपुर।** अनवरगंज पुलिस ने किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया है। अनवरगंज पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम हरबंश मोहाल निवासी शफीक है। थाना पुलिस ने बताया आरोपी के खिलाफ पॉक्सो, दुष्कर्म, धमकी संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सटीक जानकारी पर उसे पकड़ा गया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



## गला दबाकर युवक की हत्या शव रखकर घंटों जाम लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सचेंडी में ड्यूटी जाने को निकले युवक का हाईवे पर मिला था शव
- परिजनों ने काटा हंगामा नौ के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में घर से ड्यूटी पर निकले युवक का लहूलुहान शव हाईवे किनारे पड़ा मिला था। तीसरे दिन रविवार को हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। गुस्साए परिजनों ने शव ले जाकर सचेंडी थाने के बाहर घंटों जाम लगा दिया और जमकर हंगामा काटा। इस मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ हत्या, बलवा, एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद परिजन शांत हुए और शव अंतिम संस्कार के लिए ले गए।



सड़क पर शव रखकर बैठे परिजन। अमृत विचार

सचेंडी के भिसार निवासी कन्धई ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह उनका पुत्र अजय करीब 7.30 बजे घर से कोल्डड्रिंक फैक्ट्री किसान काम करने गया था लेकिन रात तक नहीं लौटा। फोन भी बंद बताता रहा। शनिवार दोपहर 12 बजे उन लोगों को सूचना मिली कि अजय का शव जेके टायर फैक्ट्री चकरपुर मंडी के पास हाईवे पर पड़ा है। बताया कि अजय ने गांव निवासी ठाकुर राज बहादुर की बेटी आकृति से प्रेम विवाह किया था जिसको लेकर वह लोग रंजिश रखते थे। आरोप लगाया था कि वह लोग गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दे रहे थे। रविवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या और मारपीट करने की पुष्टि हुई। परिजन शव लेकर सीधे सचेंडी थाने के बाहर पहुंच गए और जाम लगा दिया। पुलिस से हत्यारोपियों के खिलाफ मुकदमा और गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने पिता की तहरीर पर राजबहादुर, शरद, अमन, पवन, धर्मेंद्र, महावीर, सत्या, लालती देवी, मीना देवी के खिलाफ हत्या, बलवा और एससी एसटी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सचेंडी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवक और महिला ने दी जान

**कानपुर।** दो अलग-अलग थानाक्षेत्रों में मानसिक रूप से परेशान युवक और महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जाजमऊ ओमपुरवा निवासी 26 वर्षीय शिवम ने शनिवार रात फांसी लगाकर जान दे दी। वह डेंटिस्ट के यहां कंपाउंडर था। बड़े भाई अजय ने बताया कि लगभग तीन महीने पहले उसे नौकरी से हटा दिया गया था। जिसके बाद से वह अवसाद में चल रहा था। शनिवार रात उसने खुद को अकेला पाकर दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। इसी प्रकार पनकी के गोपालपुर निवासी मनीष कुमार की पत्नी 28 वर्षी बिटान देवी ने फांसी लगा ली। वह लंबे समय से मानसिक रूप से परेशान चल रहीं थीं। पति के मुताबिक शनिवार शाम वह काम पर गये थे। इसी दौरान बिटान ने बच्चों ऋतिक और रौनक को मैगी लाने भेज दिया और खुद फंदे से लटक गई। घर लौटे बच्चों ने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी जिसके बाद उन्हें सूचना दी गई। पति के अनुसार वह पहले भी कई बार जान देने का प्रयास कर चुकी थीं। दोनों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

## एयरफोर्स कर्मी का शव मिला, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने कहा, नकदी और एटीएम कार्ड गायब
- सचेंडी थाने से 200 मीटर दूर मिला शव

**अमृत विचार।** रविवार सुबह सचेंडी थाने से दो सौ मीटर की दूरी पर सड़क किनारे एयरफोर्स कर्मी का शव मिलने से हड़कंप मच गया। हत्या का आरोप लगाते हुए परिजनों का कहना था कि वह अपने साथ नकदी, बैग में जरूरी सामान लेकर निकले थे, जो उनके पास नहीं मिला। उनके शरीर पर फफोले पड़ गए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोयला नगर राधापुरम निवासी 50 वर्षीय हरी प्रसाद राठौर चकेरी में एयरफोर्स में एमटीएस के पद पर कार्यरत थे। परिजनों ने बताया कि शनिवार को वह घर से 15-20 हजार रुपये और बैग में एटीएम, पासबुक, आईकार्ड और अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर निकले थे लेकिन रात तक लौटे नहीं।

उनका फोन भी बंद बताता रहा। रविवार सुबह चचेरे भाई रोहित राठौर ने हरी प्रसाद का शव थाने से कुछ दूरी पर मिलने की बात बताई। बताया कि उनके शरीर पर फफोले पड़े हुए थे। जिससे हत्या की आशंका है। घटना के बाद पत्नी नीतू राठौर, इकलौते बेटे सोमू का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों का कहना था कि उनके रुपये और जरूरी दस्तावेज गायब होना अनहोनी की तरफ इशारा कर रहा है। इस संबंध में सचेंडी पुलिस का कहना था कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

## फरार दरोगा ने अग्रिम जमानत के लिए अदालत में दी अर्जी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस वसूली से त्रस्त सब्जी विक्रेता ने दी थी जान
- आरोपी चौकी इंचार्ज और सिपाही अब तक फरार

**अमृत विचार।** सचेंडी थानाक्षेत्र में चौकी इंचार्ज और सिपाही की वसूली से त्रस्त होकर सब्जी विक्रेता सुनील ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर निलंबन की कार्रवाई की गई लेकिन पुलिस दोनों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। चौकी इंचार्ज की तरफ से अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल कर दी गई है। पुलिस अफसरों का दावा है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमों ने इटावा और प्रयागराज में दबिश दी है।

सोमवार को सचेंडी निवासी सुनील कुमार राजपूत ने फेसबुक पर दो अपने वीडियो पोस्ट करने के बाद जान दे दी थी। वायरल वीडियो में सुनील ने सचेंडी थाने की चकरपुर मंडी चौकी प्रभारी सतेंद्र कुमार यादव और अजय कुमार यादव पर वसूली व प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। मंगलवार दोपहर दरोगा और सिपाही के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया था। आरोपी चौकी प्रभारी व सिपाही फरार हो गए थे। घटना के छह दिन बाद भी आरोपी दरोगा व सिपाही को पुलिस नहीं ढूंढ सकी है। सूत्रों ने बताया कि दरोगा सतेंद्र यादव शहर में घूम रहा है। उसकी तरफ से कानपुर जिला जज की अदालत में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गई है। इस बारे में जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी दरोगा और सिपाही की तलाश और तेज कर दी है। शनिवार को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस की पांच टीमों ने आरोपियों के गृह जनपद इटावा के अलावा प्रयागराज समेत कई जिलों में दबिशें दी हैं, लेकिन कोई हाथ नहीं आया है। इस संबंध में डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि फरार दरोगा और सिपाही की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिशें दे रही हैं।

## धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का आरोप, शिकायत

**कानपुर।** चकेरी थाने पहुंचकर एक दंपति ने अपने परिजनों पर जबरन धर्म परिवर्तन करने का दबाव डालने का आरोप लगाया है।

चकेरी निवासी महिला के अनुसार दिसंबर 2019 में दूसरे धर्म के युवक से हिंदू रीति रिवाज से प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि शादी के बाद से उनकी मौसी जबरन उनके पति व बच्चों पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रही हैं। धमकी दे रही हैं।

पीड़िता व उसका पति रविवार को बजरंग दल नेताओं के साथ चकेरी चौकी गई और मामले की शिकायत पुलिस से की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

**लापरवाही** फर्जी भर्ती घोटाले के सिर्फ दो आरोपियों की हुई है पहचान

## 7 आरोपियों को नहीं पहचान सका शिक्षा विभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**25** दिनों से चल रही है मामले की जांच
**02** विभागीय कर्मचारी हो चुके निलंबित
**09** आरोपियों के खिलाफ एफआईआर
**02** शिक्षिकाओं ने हासिल कर ली थी नौकरी

- शिक्षा विभाग पुलिस की जांच पर निर्भर

**अमृत विचार।** फर्जी शिक्षक भर्ती घोटाले का खुलासा होने के 25 दिन बाद भी शिक्षा विभाग सात आरोपियों की पहचान नहीं कर सका है। विभाग के पास नौ में से सिर्फ दो आरोपियों के बारे में भी जानकारी उपलब्ध है।

फर्जी ई-मेल से शिक्षकों का पैनल भेजकर भर्ती कराए जाने के मामले में शिक्षा विभाग के हाथ खाली हैं। विभाग की जांच लगभग पूरी हो चुकी है बावजूद इसके जांच टीम के पास 9 में से सात आरोपियों के पतों के अलावा कुछ नहीं है। खास बात यह है कि विभाग की ओर से अभी तक सिर्फ इन आरोपियों को पत्र ही भेजा गया है। उन पत्रों का अभी तक कोई जवाब भी नहीं आया है। शिक्षा विभाग की जांच टीम अभी तक यह भी पता नहीं लगा पाई है कि फर्जी ई-मेल के जरिए पैनल में आए सात नामों का अस्तित्व है भी कि नहीं। पूरा मामला पुलिस के पास जाने के बाद शिक्षा विभाग की जांच टीम अब पूरी तरह पुलिसिया जांच पर निर्भर है। इस मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग की जांच लगभग पूरी हो गई है। कुछ बिंदुओं पर कार्य चल रहा है।

### शिक्षिका ने वापस किया वेतन

फर्जी पैनल के जरिये मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज में नियुक्ति हासिल करने वाली शिक्षिक विनीता देवी ने अपना 4 माह का वेतन स्कूल को वापस कर दिया था। इस वेतन को स्कूल के प्रबंधक ने टेजरी में जमा करा दिया था।

### स्कूलों की ओर से हीलाहवाली

फर्जी पैनल के शिक्षकों को नियुक्ति देने वाले दोनों स्कूल शिक्षा विभाग की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इनमें मदन मोहन अग्रवाल इंटर कॉलेज और आर्य कन्या इंटर कॉलेज स्कूल शामिल हैं। दोनों स्कूलों को अपने स्तर पर जांच कर उसकी रिपोर्ट दिए जाने का नोटिस शिक्षा विभाग ने दिया था। इसके बावजूद दोनों स्कूलों ने अभी तक जांच टीम को रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई है।

**आज का मौसम**
तेज धूप रहेगी उमस के बीच गर्म हवा चलेगी।

| 45.8⁰ अधिकतम तापमान | 30.0⁰ न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 : 19 | सूर्यास्त 06 : 51 |

## एक नजर

### खेलकूद प्रशिक्षण शिविर 20 मई से

**कानपुर।** बच्चों में खेल विकास के लिए जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर में निशुल्क ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण का आयोजन 20 मई से दो जून तक आयोजित हो रहा है। जिसमें बैडमिंटन, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, एथलेटिक, जूडो, कुश्ती व कुराश खेल का प्रशिक्षण सुबह 6 :30 से 8 :30 बजे तक दिया जाएगा। इच्छुक छात्र कमलेश यादव के मोबाइल नंबर 8115658881 पर संपर्क कर सकते हैं।

### दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता 21 से

**कानपुर।** नारामऊ स्थित सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल की ओर 21 मई से दो दिवसीय जोन ए शतरंज प्रतियोगिता शुरू होगी। यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्य आसिफा रिजवान जी ने दी। उन्होंने बताया प्रतियोगिता में सीबीएसई जोन ए के बालक वर्ग में 12 स्कूल व बालिका में नौ स्कूल प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 100 बच्चे हैं। प्रतियोगिता का डायरेक्टर कानपुर चेस एसोसिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव को चुना गया है। चीफ आर्बिटर कुसुम शर्मा होंगी।

### 25 से जारी होंगे स्कूलों को पत्र

**कानपुर।** आरटीई की ओर से जारी तीसरी लिस्ट के पत्र निजी स्कूलों को 25 मई से जारी होना शुरू होंगे। शिक्षा विभाग ये पत्र जारी करेगा। इसके बाद निजी स्कूलों की ओर से तीसरी लिस्ट के नामित बच्चों के प्रवेश लिए जाने शुरू होंगे। शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए तैयारी की जा रही है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि जारी किए जाने वाले पत्रों में बच्चों के नाम के अलावा आवंटित स्कूलों का नाम दर्ज होगा।

# जिला जज के डिप्टी नाजिर को सांड़ ने पटककर मार डाला

**कल्याणपुर थानाक्षेत्र के नानकारी में मार्निंग वॉक के दौरान किया हमला ● सांड़ ने दूसरी महिला को भी उठाकर पटका, अस्पताल में भर्ती**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


देवेंद्र कुमार यादव।


घटना की जानकारी देते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला जज के डिप्टी नाजिर को मार्निंग वॉक पर जाते समय सांड ने घसीट-घसीटकर सड़क पर पटककर मार डाला। एक महिला को भी उसी सांड़ ने उठाकर पटक दिया जिसका इलाज मंधना के अस्पताल में चल रहा है।

कल्याणपुर आईआईटी नानकारी निवासी 58 वर्षीय देवेन्द्र कुमार यादव जिला जज के यहां डिप्टी नाजिर के पद पर कार्यरत थे। परिवार में पत्नी मीना और तीन बेटे शिवम सिंह, शशीकांत और रविकांत हैं। उन लोगों ने बताया कि रोज की तरह रविवार सुबह वह मार्निंग वॉक पर गए थे। नानकारी में सांड़ ने उन्हें दौड़ाकर पटक दिया। सांड़ ने उन्हें तीन बार सड़क पर सींगो से उठाकर पटका। यह देखकर वहां पर राहगीरों और मार्निंग वॉकरों में भगदड़ मच गई। कुछ राहगीरों ने हिम्मत जुटाकर लाठी-डंडों से सांड़ को पीटा और पानी डालकर भगाया। वहां से गुजर रहे इलाके के पंकज तिवारी ने देवेंद्र यादव को पहचानकर सूचना परिजनों को दी। मौके पर रविकांत और अन्य परिजन पहुंचे और लहूलुहान हालत में उन्हें कल्याणपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि देवेंद्र को मारने के कुछ देर बाद उसी सांड़ ने एक महिला को उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे मंधना स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने डिप्टी नाजिर के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी और अधिक खून बहने से मौत की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम हाउस में सिविल जज जूनियर डिवीजन सौरभ श्रीवास्तव समेत कई न्यायिक अधिकारी और कर्मचारियों ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी।

## सड़क पर निकलें तो मवेशियों से रहें चौंकन्ना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


नगर निगम की लापरवाही से शहर की सड़कों पर छुट्टा जानवरों का आतंक।

**अमृत विचार।** अगर आप घर से बाहर कहीं पैदल या बाइक से निकलें तो होशियार और चौकन्ना रहें क्योंकि शहर के पॉश एरिया हों या फिर आउटर, हर सड़क पर आवारा मवेशियों का कब्जा है। जरा सी चूक पर ये जानवर आपकी जान ले सकते हैं। यह हालत तब है जब नगर निगम में जानवरों को पकड़ने के लिए बजट पास होता है।

नगर निगम का कैटिल कैचिंग दस्ता केवल सफेद हाथी साबित हो रहा है। शहर में वर्षों से यह समस्या शहरवासी झेल रहे हैं। दर्जनों लोग इन आवारा मवेशियों के कारण काल के गाल में समा चुके हैं, या फिर बुरी तरह से घायल हुए हैं। लेकिन बड़े-बड़े दावे करने वाला नगर निगम इन जानवरों से मुक्ति के लिए कोई योजना नहीं तैयार कर सका है।

**आवारा जानवरों से कब-कब हुईं घटनाएं**

- बर्रा विश्व बैंक में राज नाम के युवक को सांड़ ने पटककर मार डाला था।
- पनकी में बजरंग दल के खंड संयोजक प्रखर की सांड़ के पटकने से मौत।
- बादशाहीनाका में वृद्ध कविता तिवारी को सांड़ ने पटका, मौत।
- काकादेव के ओम चौराहा पर बहराइच निवासी विमल कुमार मिश्रा पर गिरा सांड़, मौत।
- रेल बाजार इलाके बुजुर्ग इकलाख को सांड़ ने पटक कर मार डाला था।
- महाराजपुर के फुफआर सुई थोक में किसान जागेश्वर को सांड़ ने पटकर मार डाला था।
- बकौली गांव में सांड़ के पटकने से रामकुमार दुबे की मौत हो गई थी।
- बिठूर थानाक्षेत्र में ईश्वरीगंज निवासी सूरज प्रसाद को बाजार में सांड़ ने मार डाला था।
- बिधनू में दलेलपुर निवासी 80 वर्षीय कथई को सांड़ ने मारा था।
- दबौली निवासी 85 वर्षीय खूबचंद सुखनानी कुर्सी पर बैठे थे, तभी सांड़ ने हमला कर मौत के घात उतार दिया था।
- बंबा रोड गुमटी में बीटेक स्टूडेंट शुभम को सांड़ ने पटका, मौत।
- गंगा नगर के अनिल कुमार को सांड़ ने सींगों से उठाकर फेंका।

## राजस्थान की हवाओं ने बढ़ाया शहर का तापमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


धूप से बचने की जुगत।

- **मौसम विभाग ने जारी किया हीटवेव का अलर्ट, दो डिग्री और बढ़ सकता है पारा**
- **24 मई तक गर्मी तोड़ सकती है कई रिकॉर्ड, दोपहर दो बजे तक खास अलर्ट**

**अमृत विचार।** राजस्थान की ओर से आ रहीं गर्म हवाएं शहर के मौसम में आग उगल रहीं है। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार 24 मई तक अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आस-पास ही रहने वाला है।

शहर में सुबह से ही गर्मी अपना असर दिखने लगी थी। इसके चलते मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले लोगों ने भी पार्कों का रुख नहीं किया। दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। जीटी रोड पर भी वाहनों की आवाजाही कम रही। झकरकटी बस अड्डे पर यात्री गर्मी से बेहाल रहे। बसों के इंतजार में वे परिवार संग धूप से बचते रहे। ठंडे पानी के लिए उन्हें दुकानों से बोतले खरीदनी पड़ी। शाम को भी लोगों ने घरों में ही रहना पसंद किया। छुट्टी होने के बावजूद भी लोग कम ही निकले। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि तापमान में फिलहाल कमी के आसार नहीं है। शहर में 24 मई तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आस-पास ही रहने वाला है।

### महिला व बुजुर्ग की मौत, हीट स्ट्रोक की आशंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता व बर्रा थानाक्षेत्र में एक बुजुर्ग व महिला की मौत हो गई। भीषण गर्मी व हीट स्ट्रोक से उनकी मौत की आशंका जताई गई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रविवार सुबह यशोदा नगर बाईपास की सर्विस लेन के पास पेड़ के नीचे 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला। नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि बुजुर्ग सुबह से ही पेड़ के नीचे बैठा था। इलाकाई लोगों ने उसे पानी पिलाया था। इसके बाद वह वहीं लेट गया था। इसके बाद दोपहर को उसकी मौत हो गई। आधार कार्ड में मृतक का नाम राजकुमार राजवंशी निवासी जंगल बेलडरी गोंदापुर, नवादा, बिहार लिखा है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शरीर पर चोट के निशान न होने से हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जताई गई। वहीं रविवार देर शाम बर्रा क्षेत्र से गुजर रहे हाईवे के फ्लाईओवर पर एक महिला का शव मिला। बर्रा थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि महिला विक्षिप्त थी। आशंका है कि महिला हीट स्ट्रोक का शिकार हुई है।

## तौधकपुर में चार दुकानों के शटर तोड़े, दो में चोरी

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के तौधकपुर में स्थित सूर्या मार्केट में शनिवार देर रात चोरों ने दो दुकानों का शटर तोड़ कर हजारों की नकदी पार कर दी, वहीं दो अन्य दुकानों का भी शटर तोड़ा, लेकिन चोरी करने में असफल रहे। पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की।

लालपुर निवासी जसपाल सिंह की तौधकपुर में सूर्या मार्केट है, जिसमें 28 दुकानें हैं। मार्केट में कृष्ण कुमार की वंशिका दुग्ध डेयरी है। शनिवार देर रात चोरों ने उनकी दुकान का शटर तोड़ कर गोलक में रखे पांच हजार रुपये पार कर दिए। इसके बाद चोरों ने पड़ोस में स्थित प्रखर बुक स्टॉल का शटर तोड़ दिया और 2200 रुपये पार कर दिए। चोरों ने धोबिन पुलिया निवासी लालू गुप्ता की गारमेंट शॉप का ताला तोड़ दिया, लेकिन शटर के पीछे तख्त होने के कारण चोर दुकान में नहीं घुस सके। सबसे आखिर में चोरों में तौधकपुर निवासी नारायण सिंह की परिहार होजरी एंड गारमेंट शॉप का शटर तोड़ कर चोरी करने का प्रयास किया। मार्केट संचालक जसपाल सिंह ने बताया कि दो माह पहले ज्म को चोरों ने निशाना बनाया था। नौबस्ता थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि दो दुकानों से नकदी चोरी हुई है।

**U.P. KIRANA SEVA SAMITI VIDYALAYA**
H – 1 BLOCK, KIDWAI NAGAR, KANPUR. PH.: 2641178, 2605506
(Affiliated to C.I.S.C.E., New Delhi)
**The Management Congratulates**
The Students, Parents and The Teachers
For an Outstanding Result in ISC & ICSE - 2024

**ISC - CLASS XII • SCIENCE STREAM**
99% Aditya Chandak — 2nd City Topper
97.5% Shivansh Srivastava; 97.25% Aman Srivastava; 95.5% Daksh Tripathi
93.25% Prem Singh Chandel; 93.25% Prakhar Pandey; 93% Sanya Kushwaha; 93% Mayank Dubey

**ISC - CLASS XII • COMMERCE STREAM**
96% Harshita Agarwal; 93.5% Chesta Bansal; 93.5% Shubh Chaurasia; 91.25% Krishna Kanodia; 91% Ayush Gupta

Total Appeared – 197 | 90% & Above - 31 | 80% & Above – 91 | Total Distinctions - 154

Rishika Mediratta (92.75%), Pranjal Dixit (92.75%), Adityaa Awasthi (92.25%), Simon Sahu (92.25%), Sanyogita Omar (92.25%), Aradhya Singh (91.75%), Virat Mishra (91.75%), Saksham Trivedi (91.25%), Khushi Agarwal (91.25%), Keerti Shukla (91.25%), Akshat Singh (91%), Pari Agnihotri (90.75%), Sarthak Shukla (90.50%), Bhaumik Mishra (90.50%), Mohd Riyan (90.25%), Utkarsh Gupta (90.50%), Subrat Omar (90.50%), Uday Gupta (90%)

SECURED 100% MARKS : **Maths –** Aditya Chandak, Aman Srivastava,
**Computer Science –** Aditya Chandak, Shivansh Srivastava, Aman Srivastava

**ICSE - CLASS X**
99% Shlok Choukhani — The School Topper
97.8% Krishna Mishra; 96.6% Aayushman Srivastava; 96% Soumya Gupta; 95.8% Vishesh Agarwal
95.8% Anshika Gupta; 95.20% Shobhit Pandey; 95.20% Aakhya Tiwari; 95% Swastik Mishra; 94.80% Medha Verma

Total Appeared – 222 | 90% & Above - 32 | 80% & Above – 79 | Total Distinctions - 149

Satvik Gupta (94.40%), Sanvi Srivastava (94.40%), Kanan Chaturvedi (94.20%), Rinshi Kesarwani (94%), Utkarsh Pathak (94%), Anagh Dwivedi (94%), Siddhi Gupta (93%), Mohd. Sauban (92.60%), Shaurya Mishra (92.40%), Arham Ali Jafri (92.20%), Ankit Gupta (92.20%), Aayat Aftab (91.80%), Ujjwal Gupta (91.20%), Rajat Gupta (91.20%), Chetanshi Bajpai (91%), Vanshika Tripathi (91%), Anushree Singh (90.60%), Anshika Singh (90.40%), Shantanu Singh (90.40%), Kritika Gupta (90.40%), Swarnim Dubey (90.40%), Pulkit Singh (90.20%).

SECURED 100% MARKS : **Maths -** Shlok Choukhani, Shobhit Pandey **HCG -** Shlok Choukhani
**Science -** Shlok Choukhani **Computer Applications -** Anshika Gupta, Vishesh Agarwal, Aakhya Tiwari
**Physical Education -** Swastik Mishra, Shaurya Mishra, Aditya Tiwari

**MRS. RAGINI RATHORE (PRINCIPAL)**



# एनआरआई सिटी में बिजली संकट, लोगों का पारा हाई

## धरना-प्रदर्शन, नारेबाजी कर स्काई बंगले का काम रुकवाया, बिल्डर पर गबन का आरोप, लोगों ने कई समस्याएं गिनाईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मैनावती मार्ग स्थित एनआरआई हाइट्स और विला के निवासियों ने रविवार को जमकर धरना-प्रदर्शन किया। ट्रांसफार्मर और जनरेटर का बैकअप न होने की समस्या के बाद एनआरआई सिटी वासियों ने बिल्डर के विरोध में नारेबाजी की। स्काई बंगले का काम रुकवा दिया। बिल्डर पर गबन का आरोप लगाया और इसकी सूचना नवाबगंज थाने में दी।

एनआरआई सिटी और विला वासियों ने प्रदर्शन के दौरान बिल्डर के विरोध में जमकर नारेबाजी की। धरने में महिलाएं भी शामिल रहीं। लोगों ने बताया कि बिल्डर ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। एनआरआई सिटी में बिजली आपूर्ति बिल्डर द्वारा की जाती है। बिजली कटौती पर फुल बैकअप और लाइट का जिम्मेदारी बिल्डर की है। लेकिन एनआरआई का ट्रांसफार्मर तीन साल में कई बार खराब हो चुका। पूरा लोड जनरेटर पर रहता है। बैकअप लोड न होने की वजह से आएदिन जनरेटर खराब हो जाता है। शनिवार रात को भी ट्रांसफार्मर खराब हो गया और जनरेटर भी खराब था। जिससे लोग परेशान रहे। लोगों ने बताया कि बिल्डर ने लगभग 150 लोगों की कार पार्किंग के लिए तीन लाख रुपये प्रति पार्किंग की दर से 4.5 करोड़ रुपये लिए हैं। लेकिन पार्किंग आजतक नहीं बनाई। बिल्डर ने कार्पस फंड का लगभग तीन करोड़ रुपया गबन किया है। डेवलपमेंट चार्ज के नाम पर भी खेल किया गया है। एनआरआई हाइट्स में आधी बाउंड्री बनवाकर छोड़ दी है, जिससे असुरक्षा की स्थिति है। आवारा जानवर परिसर में घुस आते हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर रविवार को लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया। स्काई बंगले का काम रुकवा दिया। धरना-प्रदर्शन में नागेंद्र शुक्ला, अमित अग्रवाल, अजय भार्गव, अमित सैनी, पूनम अरोड़ा, विवेक शुक्ला, नीरज शुक्ला, राजेश खंडेलवाल, केजी गर्ग, नवीन शर्मा, राकेश खन्ना, योगेन्द्र अग्रवाल, मनीष माहेश्वरी, अनिल मिश्रा, बैजनाथ गुप्ता, संजय सिंह, डॉ. विशाल अग्रवाल, संजीव महेरा, प्रतिमा अग्रवाल, अपर्णा दीक्षित, रजनी पांडेय, वीरेंद्र पाल सिंह, गौरव रावत, वीएस रावत, नवीन भसीन आदि रहे।



धरना-प्रदर्शन करते एनआरआई सिटी के बाशिंदें। अमृत विचार

### गर्मी में बगैर बिजली उबल रहे

एनआरआई हाइट्स के अध्यक्ष सतीश पांडेय ने बताया बिजली व्यवस्था एकदम धड़ाम है। ट्रांसफार्मर बनता है और खराब हो जाता है। अब तो वही हाल जनरेटर का हो गया है। मगर बिल्डर को लोगों की परेशानियों की फिक्र ही नहीं है। लोग इस गर्मी में बगैर बिजली के रह रहे हैं।



अध्यक्ष सतीश पांडेय

### पैसा लेने के बाद भी पार्किंग नहीं

पैसा लेने के बाद भी पार्किंग की समस्या बनी है। लोग इधर, उधर अपने वाहन खड़े करते हैं। पार्किंग का अभी तक काम ही नहीं शुरू हो पाया है। बिल्डर पूरी तरह मनमानी कर रहा है। न ही उन्हें लोगों की परेशानी दिखती है और न ही समस्या का समाधान करा रहे हैं।



महामंत्री अजय भार्गव

### आधी है बाउंड्री, जानवर घुस आते

एनआरआई हाइट्स में आधी बाउंड्री बनी है। जिसे मवेशी आसानी से पार करके चले आते हैं। मवेशी कंपाउंड में चहलकदमी करते रहते हैं। जिससे खतरा बना रहता है। असुरक्षा की स्थिति होने के बाद भी बिल्डर ने बाउंड्री का काम पूरा कराने में हीलाहवाली बरत रहे हैं।



नागेंद्र शुक्ला।

### मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रहीं

परिसर में अनेक अव्यवस्थाएं हैं, लेकिन जैसे बिल्डर को कोई फिक्र ही नहीं है। मूलभूत सुविधाएं ही नहीं मिल पा रही है। इस भीषण गर्मी में बगैर बिजली के रहना दिक्कतों भरा है। इन सब की जानकारी होने के बाद भी एक बार लोगों से मिलकर समस्या का समाधान तलाशने नहीं आए।



अमित अग्रवाल ।

### बिल्डर समस्याएं सुनने को तैयार नहीं

एनआरआई हाइट्स के साथ विला निवासी भी परेशानियां झेल रहे हैं। कुछ न कुछ अव्यवस्था हर तरफ है, जिसका समाधान नहीं हो पा रहा है। समस्या बढ़ने पर धरना-प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उसके बाद भी बिल्डर सुनवाई नहीं कर रहा। वह समस्याओं पर बात करने को तैयार नहीं है।



आरके बाजपेई।

### बड़ा जेनरेटर लगवाने की मांग

रोजमर्रा की जरूरतें नहीं पूरी हो पा रही हैं। पांच हजार केवीए जनरेटर लगवाने की मांग है, लेकिन बिल्डर ध्यान नहीं दे रहे। बाउंडी अधूरी है, पार्किंग का काम तीन साल से शुरू ही नहीं हो सका है। पैसा खर्च करने क बाद कुछ तो राहत मिलनी चाहिए। लोग गर्मी में रहने को मजबूर हैं।



नवीन शर्मा ।

# लिव इन रिलेशनशिप वाली महिला की तलाश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र में धर्म छिपाकर नाबालिग से दुष्कर्म कर धर्मांतरण के लिए दबाव डालने के आरोपी फैज मलिक के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला के परिजनों ने पुलिस से पूछा है कि महिला को क्यों ढूंढा जा रहा है। परिजनों ने मामले में थाने में अर्जी भी दी है। सोमवार को पीड़ित नाबालिग के कोर्ट में कलमबंद बयान दर्ज किए जाएंगे।

बेकनगंज के नाजिरबाग निवासी बेकरी संचालक मोहम्मद फैज ने खुद को अंकित ठाकुर बताते हुए काकादेव थानाक्षेत्र निवासी 16 वर्षीय नाबालिग से इंस्टाग्राम से दोस्ती की थी। नौकरी दिलाने का झांसा देकर लिव इन रिलेशनशिप में रह रही आगरा निवासी महिला की मदद से नाबालिग को बेकनगंज स्थित एक होटल में बुलाया। वहां नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म किया था। इसके बाद अश्लील फोटो और वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर धर्म परिवर्तन कर शादी का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर नाबालिग पर ब्लेड से कई बार वार कर घायल कर दिया था। नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी फैज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस प्रकरण में पूछताछ के लिए पुलिस फैज के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला के बारे में जानकारी जुटा रही है। इस पर महिला के मायके पक्ष की तरफ से पुलिस अफसरों को अर्जी देकर पूछा गया है कि महिला को क्यों और किस मामले में तलाश किया जा रहा है। इस अर्जी के आने के बाद अब पुलिस को नाबालिग के बयानों का इंतजार है। इस संबंध में डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि नाबालिग के मेडिकल की शनिवार को प्रक्रिया पूरी हो गई। सोमवार को उसके कोर्ट में कलमबंद बयान दर्ज कराए जाएंगे।

### फैज और उसके गैंग की कुंडली खंगाल रही पुलिस

आरोपी फैज के गैंग के जुड़े अपराधियों की कुंडली पुलिस ने खंगालना शुरू कर दिया है। फैज के खिलाफ चमनगंज थाने में हत्या का प्रयास समेत तीन मामले दर्ज हैं। हत्या का प्रयास मामले में शातिर शानू लफ्फाज भी नामजद है। इसके अलावा फैज के गैंग में कौन-कौन और शातिर शामिल हैं, उनके बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है। डीसीपी के अनुसार आरोपी फैज के गैंग के बारे में जानकारी जुटाने के लिए बेकनगंज, चमनगंज, मूलगंज, कर्नलगंज समेत कई थाना के थानाध्यक्षों से कहा गया है।

# पुलिस ने 200 कैमरे खंगालकर छेड़छाड़ करने वाला पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र के नमक फैक्ट्री चौराहे के पास सब्जी लेकर घर जा रही एक युवती को दबोचकर छेड़छाड़ करने वाले को पुलिस ने करीब 200 कैमरे खंगालकर दबोच लिया। उसके पास से तमंचा और उसके मोबाइल में अश्लील फोटो वीडियो मिले हैं।

डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि पुलिस ने जांच में घटनास्थल से दो किमी दूर आपरेशन त्रिनेत्र के जरिए लगाए गए करीब दो सौ कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद कैमरे में कैद आरोपी से मिलते-जुलते करीब पन्द्रह लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। इसमें से आरोपी आकिब को छांटा गया। डीसीपी ने बताया कि आकिब मूलरूप से महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल का रहने वाला है और वर्तमान में चकेरी थाना क्षेत्र के चिश्ती नगर में रह रहा है। पूछताछ में आकिब ने बताया कि उस दिन वह शराब के नशे में नमक फैक्ट्री के आसपास घूम रहा था। उसने शराब पीने के दौरान मोबाइल पर अश्लील फिल्म देखी थी। इसी बीच उसे युवती अकेली सूनसान गली में जाती दिखी तो वह उसके पीछे लग गया और मौका पाकर युवती के साथ जबरदस्ती करने लगा। युवती के शोर मचाने पर लोग घरों से निकल आये तो वह भाग निकला। युवती ने उसके हाथ में काट लिया था। पीड़िता को आरोपी की फोटो दिखाई गई तो उसने भी पहचान लिया।

युवती ने अपने बयान में बताया था कि उसने आरोपी के हाथ में दांतों से काटा था। आकिब का मेडिकल कराया गया तो उसके बांये हाथ में दांतों से काटे जाने के निशान मिले हैं। डीसीपी के अनुसार आकिब शातिर अपराधी है, उसके खिलाफ थाना महाराजपुर में भी संगीन धाराओं के चार मामले दर्ज हैं। उसके पास बरामद मोबाइल में काफी संख्या में अश्लील फिल्में, बैग से तमंचा और कारतूस व अश्लील फोटो बरामद हुई हैं। उन्होंने घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पच्चीस हजार रुपये का इनाम की घोषणा की है।



आरोपी आकिब। अमृत विचार

- आरोपी के पास मिला तमंचा मोबाइल में अश्लील फोटो

# आग ने मचाई आफत, दमकल ने पाया काबू

**कानपुर।** शहर के कई थानाक्षेत्रों में रविवार को आग लगने की घटनाएं हुईं। दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

ग्वालटोली थानाक्षेत्र में टैफ्को बंगला के अंदर जंगल में भीषण आग लगी। दमकल की गाड़ियों ने बुझा दिया। सचेंडी थानाक्षेत्र में दीपू चौहान ढाबा पाण्डु नदी के पास जंगल में आग लग गई। पनकी और फजलगंज से पहुंचींदमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। इसी तरह बिधनू थानाक्षेत्र के ग्राम कठारा में यूकेलिप्टस के बाग में आग लग गई। फायर स्टेशन घाटमपुर से पहुंची गाड़ी ने आग को बुझा दिया। चकेरी थानाक्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे झाड़ियों में आग लग गई। कर्नलगंज थानाक्षेत्र में थाने के बाहर पेड़ मे आग लग गई।

वहीं नवाबगंज थाना क्षेत्र में स्थित विकास नगर बस डिपो के अंदर जंगल मे आग लग गई।

# अगस्त से पनकी धाम पुल पर फर्राटा भरेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मानसून से पहले कराया जाएगा ब्लैक टॉप का कार्य
- पनकी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

**अमृत विचार।** पनकी रेलवे लाइन पर बन रहे दोनों पुलों का काम लगभग अंतिम पड़ाव पर है। अगस्त माह में पनकी धाम पुल पर वाहन फर्राटा भर सकेंगे। पनकी धाम पुल पर व्यू कटर का काम पूरा हो चुका है, अब मानसून से पहले पुल पर ब्लैक टॉप का कार्य कराया जाएगा। पॉवर प्लांट पुल पर लगभग 70 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है, जिसको जुलाई माह तक पूर्ण होना था। लेकिन बजट के अभाव के चलते यह पुल जुलाई माह में पूरा नहीं हो सकेगा। बता दें कि 150 करोड़ की लागत से पनकी धाम व पॉवर प्लांट पुल का निर्माण कराया जा रहा है।

सेतु निगम ने वर्ष 2021 में कालपी रोड के भाटिया तिराहे से पनकी धाम मंदिर मार्ग पर निर्माणाधीन पॉवर हाउस के पास एक पुल और पावर हाउस मार्केट के पास दूसरे पुल का निर्माण शुरू कराया था। दोनों पुलों की लागत करीब 150 करोड़ रुपये है। एक पुल की लंबाई करीब 700 मीटर व दूसरे की करीब 726 मीटर है। इनका निर्माण दो साल में पूरा होना था, लेकिन कोरोना महामारी के कारण दोनों पुलों का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया था। जिसके बाद अधिकारियों के संज्ञान में लेने के बाद पुल निर्माण का कार्य तेजी से शुरू कराया गया। पनकी मंदिर मार्ग स्थित पुल पर रिटेनिंग वॉल, दोनो तरफ के रैंप निर्माण, व्यू कटर का कार्य हो चुका है। बारिश शुरू होने से पहले सेतु निगम पुल पर ब्लैक टॉप का कार्य पूरा कराने की तैयारी में जुट गया है। वहीं पनकी पॉवर हाउस पुल पर 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, जिसे जुलाई माह तक पूरा होना था, लेकिन आचार संहिता लगने के कारण पुल का कार्य जुलाई माह तक पूरा नहीं हो सकेगा।



पुल पर सड़क बननी बाकी है। अमृत विचार

**150** करोड़ से तैयार हो रहे दोनों पुल

**70** फीसदी कार्य पूरा हो चुका

**700** मीटर लंबा है एक पुल

**726** मीटर है दूसरे पुल की लंबाई

पनकी धाम पुल पर ब्लैक टॉप समेत छिटपुट काम बाकी रह गए हैं, जिसे मानसून शुरू होने तक पूरा करा लिया जाएगा। पनकी पावर प्लांट पुल का 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। बजट में थोड़ी की कमी आई है, जिस कारण पुल का कार्य धीमी गति से चल रहा है। पावर प्लांट पुल में कुछ समयावधि बढ़ेगी।

–अरविंद कुमार सागर, एई, सेतु निगम

# लापता युवक का शव मिला, करंट लगाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पनकी थानाक्षेत्र का मामला बेटे के जन्मदिन पर बाराबंकी से लौट रहे थे घर
- घर के पास सड़क किनारे मिला शव, पुलिस और फोरेंसिक ने की जांच

**अमृत विचार।** बेटे के जन्मदिन पर शामिल होने बाराबंकी से घर आ रहे इलेक्ट्रीशियन पिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के पास सड़क किनारे मिला। शरीर पर जले के निशान मिलने पर पिता और अन्य परिजनों ने करंट लगाकर हत्या के बाद शव फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की।

गंगागंज निवासी 45 वर्षीय इलेक्ट्रीशियन अमित कुमार राठौर ठेकेदार आर के शर्मा के साथ रहकर अलग-अलग साइट पर काम करता था।

इन दिनों वह बाराबंकी स्थित राम सनेही घाट के पास साइट पर काम कर रहा था। शनिवार रात वह बेटे कुनाल के जन्मदिन पर घर आने के लिए साइट से निकला था। रात 11 बजे के बाद तक उसने साइट पर मौजूद दूसरे कर्मचारी से बातचीत की लेकिन फिर उसका फोन नहीं लगा। अमित के पिता रामदास ने सुबह तक अमित के घर न आने पर पनकी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने की बात कही। कुछ देर बाद ही पनकी पुलिस को रामा पैलेस से टेलीफोन कालोनी जाने वाले रास्ते पर अमित का शव सड़क किनारे मिला। पिता रामदास राठौर ने आरोप लगाया कि मौके से उसका फोन नहीं बरामद हुआ है। आरोप लगाया कि करंट से शरीर जला था। इस संबंध में पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बिसरा सुरक्षित रखा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



घटना की जानकारी देते पिता।

# संदिग्ध दशा में युवक झुलसा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने तेजाब से जलाकर मारने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र में कच्ची बस्ती निवासी युवक की शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसने से मौत हो गई। वह अपनी बहन के घर गया था जहां घर के पीछे प्लॉट में वह मृत मिला। परिजनों ने तेजाब से जलाकर मारने का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पैनल से किया गया जिसमें मौत का कारण स्पष्ट न होने की वजह बिसरा सुरक्षित किया गया।

नवाबगंज का रहने वाला सूरज कुमार अपने भाई पवन के साथ रहता था। बताया कि उसकी बहन रंजना अपने पति विनोद के साथ कुछ दूरी पर रहती हैं। शनिवार को वह बहन से मिलने की बात कहकर निकला था। बहन रंजना ने बताया कि वह रात करीब दस बजे सूरज को खाना खाने के लिए बुलाने गई थी तो वह घर के पीछे प्लॉट पर था। आवाज दी थी तो कोई जवाब नहीं मिला। जाकर देखा तो भाई सामने जमीन में पड़े तख्तों पर लेटा था। उठाने की कोशिश की तो कोई जवाब न मिला। परिजनों की मदद से तुरंत उसे हैलट ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त दक्षिणी रविन्द्र कुमार ने बताया कि परिजनों के मुताबिक शुक्रवार को सूरज कहीं गिर गया था। उसके सिर में चोट आई थी। फारेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण किया था। कहीं भी आग लगने के कोई निशान नहीं हैं।

### छत से गिरकर युवक की मौत

**कानपुर।** सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र में शुक्लागंज निवासी 30 वर्षीय मनीष कुशवाहा रिश्तेदार के घर आए थे। तभी छत में सोते समय नीचे गिर गए थे। हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **निर्मला पत्नी अशोक कुमार वर्मा, निवासिनी– वार्ड नं0 10 लोकमान्य तिलक पचपेड़वा परगना व तहसील तुलसीपुर जिला बलरामपुर** की हूँ। पहले मेरा नाम निर्मला (NIRMALA) था जो कि आधार कार्ड व पैन कार्ड में संशोधन कराकर निर्मला (NIRMLA) करा लिया गया है। मेरे पैन कार्ड में पिता का नाम RAMASRE है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि यूपी बोर्ड द्वारा जारी मेरा हाईस्कूल अंक पत्र, सह प्रमाण–पत्र, वर्ष 2015, रोल नं. 1518141, जन्मतिथि 08 जून 2000 व इंटरमीडिएट अंक पत्र व सह प्रमाण–पत्र वर्ष 2017, रोल नंबर 1088306 का अंक पत्र, सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही गुम हो गया है। **– कु. हर्षी राजपूत पुत्री रामशंकर राजपूत, माता का नाम–रमा, पता–ग्राम ककरहिया, नादेमऊ, कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम सफिया तरन्नुम से सफिया फिरदौस कर लिया है भविष्य में मुझे इस नाम से जाना जायेगा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। **–सफिया फिरदौस पत्नी फिरदोस आलम, निवासी प्लाट नंबर– 76, रोड नंबर– 5, एमराल्ड गुलिस्तां, प्लाट नंबर 2, योजना नंबर 39, जे0के0 कालोनी के पास, जाजमऊ, कानपुर नगर।**

सलाह | टीएसएच में टॉक शो के दौरान लेखक चेतन भगत ने व्यक्त की राय, कहा, रील और वीडियो के लती हो रहे हैं युवा

# मोबाइल पर रील-वीडियो बनाना समय की बर्बादी- चेतन भगत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोबाइल पर रील और वीडियो बनाना युवाओं के इंटरेस्ट को पूरा नहीं कर रहा है, बल्कि यह उन्हें लती बना रहा है। इसे देखने वाले युवा भी कुछ सीख नहीं रहे बल्कि अपनी बौद्धिक क्षमता को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सोचिये कोई अगर मोबाइल पर रील और वीडियो देखकर डॉक्टर बना है तो क्या उससे इलाज कराया जा सकता है, नहीं। यह पूरी तरह से समय की बर्बादी है। यह विचार रविवार को लेखक चेतन भगत ने व्यक्त किए। वे द स्पोटर्स हब में टॉक शो में शामिल होने शहर आए थे।

उन्होंने कहा कि इंटरनेट पर रील और वीडियो वैसे ही हैं जैसे कोई कार में बैठकर अपने हाथ पैर न चलाए और दूसरी जगह पहुंच जाए। उसमें उसका कोई बौद्धिक इफर्ट नहीं है तो धीरे-धीरे उसके हाथ पांव काम करना बंद कर देंगे। ठीक उसी प्रकार अगर दिमाग का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो दिमाग काम करना ही बंद कर देगा। प्रेरक वक्ता, पटकथा लेखक, यूट्यूबर और पॉडकास्टर चेतन भगत के करीब दो घंटे तक चले कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं और प्रशंसकों ने चेतन भगत से जिंदगी में आगे बढ़ने के लिये सवाल किए। इस पर चेतन ने सभी को सक्सेज टिप्स दिये। चेतन भगत ने लाइफ को सफल बनाने के लिये अपने 11 रूल्स ऑफ लाइफ सभी से साझा किये। द स्पोटर्स हब में आए चेतन ने पूरे कैम्पस का भ्रमण किया और बोले इस तरह के स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत हर शहर में हैं। स्पोर्ट्स और आउटडोर एक्टिविटी करने से बौद्धिक और शारीरिक विकास होता है और जब मस्तिष्क विकसित होगा तभी विकसित भारत की कल्पना की जा सकती हैं। चेतन भगत का द स्पोर्ट्स हब के एमडी पीयूष अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।



चेतन भगत का स्वागत करते एमएचपीएल के एमडी पीयूष अग्रवाल। अमृत विचार



मौजूद लोगों ने चेतन भगत को गौर से सुना। अमृत विचार

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# मिशन क्लीन अभियान में बांटे कपड़े के थैले

**कानपुर।** वूमेन एंपावरमेंट वेलफेयर सोसाइटी ने पृथ्वी बनाम प्लास्टिक थीम पर अपना मिशन क्लीन कानपुर अभियान रविवार को कल्याणपुर सब्जी मंडी से शुरू किया। जिसका मकसद सिंगल यूज प्लास्टिक के दुरुपयोग के बारे में जनमानस को जागरूक करना करना और प्रयोग बंद करवाना है। कल्याणपुर सब्जी मंडी से प्रारंभ हुए अभियान में संस्था के सदस्यों ने नगर निगम व सिविल डिफेंस टीम के सहयोग से साफ-सफाई की। फल और सब्जी बेचने वालों को कपड़े के थैले वितरित किए गए। लोगों को जागरूक किया। संस्थापक डॉ. प्रतिभा मिश्रा, सपना, डॉ. अंशु, विनीता, आरती, रानू, विभा, ममता, खुशबू, मेघना, पिंकी, शालिनी, चेतन सिंह आदि रहे।

# मलेशिया और सिंगापुर को भी भायी लेदर ज्वैलरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर की लेदर ज्वैलरी मलेशिया और सिंगापुर के लोगों को भी लुभा रही है। खासतौर पर कान की बाली और ब्रेसलेट को वहां पर काफी पसंद किया गया है। सैंपल फाइनल होने के बाद शहर के कारोबारियों को लगभग तीन करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। ऑर्डर देने वालों ने ग्रेटर नोएडा में पूर्व में हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में यहां के उत्पादों को परखा था।

मलेशिया और सिंगापुर में पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले बाजार की खरीदारी शुरू हो गई है। पर्यटकों की लिवाली के लिए दोनों देशों के कारोबारियों ने शहर को लेदर ज्वैलरी का ऑर्डर दिया है। ऑर्डर की सप्लाई नवंबर तक पूरी करनी है। पहली खेप अगले महीने से जाना शुरू होगी। शहर के कारोबारियों को मिले ऑर्डर में 'लेदर नेक्लेस', 'लेदर हेयर क्लिप', 'लेदर की कान की बाली' व 'लेदर ब्रेसलेट' शामिल हैं।



लेदर के झुमके। अमृत विचार



कई डिजाइनों के उत्पाद।



तरह-तरह के लेदर प्रोडक्ट हैं।

- शहर के कारोबारियों को मिला तीन करोड़ रुपये का ऑर्डर, 17 इकाइयां बनाएंगी उत्पाद
- ग्रेटर नोएडा में हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो में मिले थे खरीदार, सैंपल हुए फाइनल

कारोबारियों ने बताया कि यह ऑर्डर शहर के अलग-अलग 17 कारोबारियों को लाभ पहुंचा रहा है। पहली खेप जून के पहले सप्ताह में रवाना होगी। कारोबारियों ने बताया कि यह ऑर्डर पिछले साल ग्रेटर नोएडा में लगे इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान डिस्प्ले किए गए उत्पादों को मिले हैं। सना इंटरनेशनल एक्जिम के निदेशक डॉ. जफर नफीस व एचएन लेदर के निदेशक मोहम्मद हशीमुद्दीन ने बताया कि यह ऑर्डर छोटे कारोबारियों के लिए संजीवनी बनकर आए हैं।

पिछले काफी समय से वैश्विक हालात को देखते हुए यूरोप और यूके का बाजार कमजोर रहा था। सिंगापुर व मलेशिया से मिले ऑर्डर छोटे कारोबारियों को लाभ पहुंचाएंगे।

### हाथ के बने उत्पाद हैं

- कारोबारियों ने बताया कि ऑर्डर हाथ के बने उत्पादों के हैं। इसमें मोटे धागों की सिलाई और काले व भूरे रंग के चमड़े में विपरीत रंग के धागों का प्रयोग किया गया है। उत्पादों में राजस्थानी थीम की डिजाइन उकेरी गई है। उत्पाद को बनाने में मशीन का प्रयोग नहीं किया गया है।

### चीन से छिन रहा बाजार

- निर्यातकों ने बताया कि शहर के छोटे निर्यातक पिछले तीन महीने में दो ऑर्डर चीन के कारोबारियों से छीन चुके हैं। यह दोनो ही ऑर्डर हाथ के बने उत्पादों के हैं। निर्यातकों ने बताया कि चीन के कारोबारियों का मशीन पर अधिक निर्भर होना अब वहां के कारोबारियों के लिए घातक बन रहा है। चमड़े के वैश्विक फैशन में कोरोना के बाद आए बदलाव में अब हाथ के बने उत्पाद अधिक पसंद किए जा रहे हैं।

# नरपत जैन इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष नरपत जैन को चुना गया है। वे निर्विरोध चुने गए हैं। मर्चेंट चेंबर सभागार में हुए एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा के दौरान हुए चुनावों में 886 सदस्यों में से 585 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पदाधिकारियों में केवल उपाध्यक्ष व महामंत्री पद पर चुनाव हुआ। मतगणना में उपाध्यक्ष पद पर 307 मत पाकर अजय अग्रवाल विजयी रहे। महामंत्री पद पर 421 मत पाकर शैलेश शर्मा को विजयी घोषित किया गया।

चुनाव अधिकारी के रूप में दीपक कपूर ने विजेताओं की घोषणा की। अध्यक्ष के रूप में नरपत जैन, उपाध्यक्ष के पद पर अजय अग्रवाल, महामंत्री के रूप में शैलेष शर्मा, सचिव प्रशासनिक के रूप में शरद सिंघल के नामों की घोषणा हुई।



जीत के बाद अध्यक्ष नरपत जैन, उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल व महामंत्री शैलेश शर्मा।

इसी तरह सचिव वित्त जगदीश जायसवाल, सचिव (सांस्कृतिक आशीष जौहरी, सचिव क्रीड़ा वैभव गुप्त, सचिव पुस्तकालय आनंद गुप्त का चयन हुआ। इसी तरह कार्यकारिणी सदस्यों में अभिनम ओमर, अखिलेश कृष्ण श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार गुप्त, आनंद कुमार सिंह, गुरप्रीत सिंह भल्ला, ज्ञान प्रकाश गुप्त, पद्मेश कुमार बाजपेई, रंजीत सिंह, संजय कुमार गुप्त, सरबजीत सिंह, सूर्यांश अग्रवाल व वैभव गुप्त चुने गए। सभी चुने सदस्यों को बधाई दी गई।

## एक नजर

### पेट्रोल पंप में मारपीट, चले लात और घूंसे

**कानपुर।** ग्वालटोली थाना क्षेत्र में स्थित एलनगंज के पास बने पेट्रोल पंप में जमकर लात घूसे और बेल्टे चली। जिससे पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान आरोपियों ने कर्मचारियों को जमकर मारापीटा और तोड़फोड़ की। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पेट्रोल लेने के बाद पेमेंट को लेकर युवक बवाल कर रहे थे। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आज इन इलाकों में नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि खतरा मोहाल, शांति नगर क्षेत्र के आसपास के क्षेत्र में सोमवार को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक, आवास-विकास, लालपुर, दलनपुर, हनुमंत विहार, राजीव विहार, पाल चौराहा में 11 बजे से तीन बजे तक, पशुपति नगर एस, यू.सी, बजरंगपुरी, वाई ब्लॉक, 80 फीट रोड, करमपुर गांव और आससपास के क्षेत्र में सुबह 10 बजे से 12 बजे और उसके बाद फिर 12 :30 बजे से 2 :30 बजे तक, सिंहपुर बाजार, बिठूर रोड, मैनावती मार्ग में नौ बजे से 12 बजे तक और इसके बाद फिर 3 :30 बजे से छह बजे तक, नवीन नगर, पांडु नगर व देवकी चौराहा में बिजली 11 बजे से एक बजे तक नहीं रहेगा।

### घायल युवक की मौत

**कानपुर।** फतेहपुर में बाइक सवार दो युवक हादसे का शिकार हो गए थे। जिसमें से बिंदकी निवासी 21 वर्षीय सार्थक उत्तम को कानपुर रेफर कर दिया गया था। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां पर उसकी मौत हो गई।

# हार्मोंस डिसऑर्डर की वजह से भी पीओसीडी

## एंडोक्रोनोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों ने सेटेलाइट सिंपोजियम में दी अहम जानकारी

हेल्थ अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युवतियों या महिलाओं में आजकल पॉलीसिस्टक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) और पॉलीसिस्ट्क ओवरी डिजीज (पीसीओडी) एक आम बीमारी बन गई हैं। 18 साल से लेकर 35 वर्ष तक की महिलाएं इसका ज्यादा शिकार हो रही हैं। अनियमित पीरियड्स पीसीओएस और पीसीओडी दोनों के सामान्य लक्षण होते हैं। जहां कुछ मामलों में यह बीमारी जेनेटिक होती है वहीं, कुछ में यह बीमारी हार्मोंस डिसऑर्डर की वजह से भी होती है। यह जानकारी नोएडा के डॉ.अनुपम विश्वास ने दी।

एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से रविवार को रॉयल क्लिफ होटल में सेटेलाइट सिंपोजियम का आयोजन हुआ, जिसमें देश के कई एंडोक्रोनोलॉजिस्ट और फिजिशियन ने प्रतिभाग लिया। शुरुआत पोस्टग्रेजुएट एंडोक्राइन क्विज से शुरू हुई। इसके बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मोटापे और उससे होने वाली जटिलताओं के बारे में चर्चा की। डॉ.अलंकार तिवारी व डॉ.सरिता बजाज ने बताया कि शरीर के कई हार्मोंस ऐसे होते हैं, जिनका प्रभाव हमारे मेटाबॉलिज्म पर होता है। थायरॉइड हार्मोन, कोर्टिसोल, एस्ट्रोजन जैसे हार्मोंस के असंतुलित होने की वजह से वजन बढ़ने लगता है। अधिक वजन बढ़ना चिंता का विषय बन सकता है। इसी तरह हार्मोंस में बदलाव की वजह से मेटाबॉलिज्म अधिक तेज होने से वजन कम होने भी हो सकता है। बहुत ज्यादा तनाव लेने से भी हार्मोन का स्तर बिगड़ सकता है। नींद को भी हमारे हार्मोंस ही कंट्रोल करते हैं। इनमें असंतुलन की वजह से कई बार रात को नींद न आना या अच्छी नींद न आने की परेशानी हो सकती है।

ऐसे में बचाव के लिए प्राणायाम, योगासन, मेडिटेशन आदि का अभ्यास जरूरी है। डॉ. शहला शेख व डॉ.आर संतोष ने ट्रांसजेंडर एंडोक्रोनॉजी के बारे में जानकारी देकर अंदर होने वाली हार्मोनल जटिलताओं को बताया। डॉ.बसवराज सूरगोंडा ने आज के समय में एटीपीकल डायबिटीज के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला, उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी, कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ.अवधेश शर्मा, एंडोक्रोनोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.शिवेंद्र वर्मा, मेडिसिन विभाग के प्रो. एसके गौतम, डॉ.सुशील गुप्ता, डॉ. आनंद कुमार आदि डॉक्टर रहे।



डॉ.आनंद कुमार को सम्मानित करते कुलपति प्रो.विनय पाठक, उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी। अमृत विचार

### पांच में से एक युवती पीरियड की समस्या से ग्रस्त

- डॉ.अनुपम विश्वास ने बताया कि पीसीओएस एक गंभीर बीमारी है, जबकि पीसीओडी एक सामान्य स्थिति है। अच्छा फूड, योग या व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाकर पीसीओडी को ठीक किया जा सकता है, जबकि पीसीओएस एक मेटाबॉलिक डिसऑर्डर है। इसमें जीवनशैली में बदलाव के साथ ही दवाइयों का सेवन करना भी जरूरी होता है। मोटी युवतियों व महिलाओं में समस्या अधिक होती है। इससे फर्टिलिटी में दिक्कत हो सकती है। वर्तमान में पांच से एक युवती पीरियड्स की समस्या से ग्रस्त है। जबकि 10 साल पहले 20 में से एक युवती इससे पीड़ित होती थी।



डॉ.अनुपम विश्वास।

### 25 से 40 साल में पता चलती है डायबिटीज

डॉ.रिद्धीदास गुप्ता ने बताया कि डायबिटीज एक जेनेटिक बीमारी है। जब पैनक्रियाज सही मात्रा में इंसुलिन बना नहीं पाते या सेल्स उस इंसुलिन का ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाते। इन दोनों ही कारणों से ब्लड शुगर लेवल बढ़ने लगता है। ब्लड शुगर लेवल बढ़ने की वजह से शरीर का लगभग हर अंग को प्रभावित होने लगता है, जिसकी वजह से अंग फेलियर तक हो सकते हैं। इतना ही नहीं, डायबिटीज अन्य बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ाता है।



डॉ.रिद्धीदास गुप्ता।

### 30 वर्ष के बाद ही बंद हो रहे पीरियड्स

डॉ.राजन पाउली ने बताया कि कई महिलाओं में मोनोपॉज की समस्या देखी जाती है। मोनोपॉज के बाद हड्डियां भी कमजोर होने लगती हैं। मोनोपॉज उम्र बढ़ने की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, जब एक महिला के ओवरी में अंडे बनना बंद हो जाते हैं, एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरोन हार्मोन कम बनते हैं। तब महिला के प्रजनन की क्षमता समाप्त हो जाती है और पीरियड्स बंद हो जाते हैं। कुछ महिलाओं में लक्षण 30 वर्ष के बाद ही दिखने लगते हैं।



डॉ.राजन पाउली।

## सार-संक्षेप




विजेता टीम के कप्तान को दी ट्राफी। अमृत विचार

### वालिया हेल्थ केयर व फोर सीजन 11 ने जीता मैच

**कानपुर।** केसीपीएल लिजेंट्स प्रीमियर लीग की ओर से रविवार को जाजमऊ के एनसीसी मैदान में दो मैच खेले गए। पहला मैच ब्लू वारियर व वालिया हेल्थ केयर के बीच हुआ। जिसमें वालिया हेल्थ केयर विजेता रहा। दूसरा मैच फोर सीजन 11 व अचीवर्स 11 के बीच खेला गया। जिसमें फोर सीजन ने जीत दर्ज कराई। मैच के आयोजक मोहित अग्रवाल, अर्पणा श्रीवास्तव, डॉ. फहीम अंसारी, आफाक अहमद, अनिल गुप्ता रहे। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल हेड मनोज कुमार श्रीवास्तव ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।




विजेताओं को शील्ड और प्रमाणपत्र दिया गया। अमृत विचार

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने जीता पुरस्कार

**कानपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) कानपुर की मार्च 2024 छमाही समीक्षा बैठक व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में उप निदेशक (कार्यान्वयन) क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर क्षेत्र-2) गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, भारत सरकार डॉ. छबिल कुमार मेहेर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत किया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर को वर्ष 2023-24 के दौरान राजभाषा हिन्दी के बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में नराकास बैंक कानपुर की ओर से वर्ष 2023-24 के दौरान विभिन्न सदस्य बैंकों की आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता स्टाफ सदस्यों को भी इस समारोह में प्रमाणप्रत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर की अर्धवार्षिक हिन्दी गृह पत्रिका यूनियन प्रगति के मार्च 2024 अंक का विमोचन भी किया गया। समारोह में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से हरीश कुमार जैन, उप क्षेत्र प्रमुख, प्रेमा पाल, प्रबन्धक (राजभाषा) भी उपस्थित रहे।

### महाबोधि व चित्रकूट का एसी फेल, यात्री बेहाल

**कानपुर।** भीषण गर्मी में दो ट्रेनों में एसी फेल होने से यात्री बेहाल हो गए। यात्रियों ने सेंट्रल पर जमकर हंगामा किया। रेलवे अधिकारियों को ट्वीट कर अपनी भड़ास निकाली। दिल्ली से गया जा रही 12398 महाबोधि एक्सप्रेस और लखनऊ से जबलपुर जाने वाली 15205 चित्रकूट एक्सप्रेस का एसी फेल हो गया। दिल्ली से सेंट्रल स्टेशन तक यात्री गर्मी और उमस में आठ घंटे का सफर तय करके पहुंचे तब जाकर एसी प्लांट ठीक हो सका। 12398 महाबोधि एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर पांच पर आई तो एचई-वन बोगी के यात्री यात्री कूलिंग न होने की बात कहकर हंगामा करने लगे। यह ट्रेन 6 .25 बजे सेंट्रल पर आई। इंजीनियरों ने एसी प्लांट ठीक किया और यात्रियों को शांत कराकर ट्रेन को 6 .55 बजे रवाना किया। वहीं, चित्रकूट एक्सप्रेस जैसे ही लगभग शाम सात बजे प्लेटफार्म नंबर दो पर आई तो ए-वन बोगी के यात्री नीचे उतरे और हंगामा करने लगे। खबर पाकर इलेक्ट्रिशियन स्टाफ मौके पर पहुंचा। लगभग पौन घंटे बाद एसी ठीक हो सका, तब जाकर ट्रेन पौने आठ बजे रवाना हो सकी।




विजेता मयूर मिराकिल्स की टीम। अमृत विचार

# स्पार्क ट्राफी क्रिकेट में मयूर मिराकिल्स चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फाइनल मुकाबले में पटेल प्रापर्टीज को आठ विकेट से पराजित किया
- विजेता टीम को एक लाख रुपये कैश और ट्राफी देकर किया सम्मानित

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) का संडे लीग फॉर स्पार्क ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला रविवार को कमला क्लब में खेला गया। खिताबी मुकाबले में मयूर मिराकिल्स ने पटेल प्रापर्टीज को आठ विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्य अतिथि मुईन सिद्दकी ने चैंपियन टीम को एक लाख रुपये व ट्राफी से सम्मानित किया। डॉ. दीपक श्रीवास्तव ने उपविजेता टीम को 50 हजार रुपये व ट्राफी प्रदान की।

फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पटेल प्रापर्टीज टीम 19.3 ओवर में 97 रनों पर ही लौट गई। टीम के देवेंद्र ने 21, रवींद्र आनंद ने 20 और अंकित दुग्गल ने 19 रनों का योगदान दिया। मयूर मिराकिल्स टीम के रहमान ने तीन, इंद्रभूषण, रामसिंह और सैफ हसन ने दो-दो विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मयूर मिराकिल्स टीम के सौरभ सिंह के 35 और लविश श्रीवास्तव के 34 रनों की बदौलत टीम ने 14.4 ओवर में सिर्फ दो विकेट के नुकसान पर 98 रन बनाकर आठ विकेट से मैच जीत लिया। विजेता टीम के सौरभ सिंह को बेस्ट बल्लेबाज, वैभव पांडेय को गेंदबाज और अमन भदौरिया को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इस मौके पर विशाल जैन, सौरभ गुप्ता, केसीए सचिव कौशल कुमार सिंह, दिनेश कटियार, पीएस नेगी, दिनेश रावत, भरत पांडेय, सौरभ सिंह, मनोज सिंह आदि मौजूद रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# भीतरगांव जूनियर टीम ने जीती वॉलीबॉल सीरीज

घाटमपुर, संवाददाता

**अमृत विचार।** भीतरगांव कस्बे में रविवार को सीनियर और जूनियर टीमों बीच वॉलीबाल के पांच मैचों की श्रृंखला खेली गई जिसमें पहले चार मैचों का परिणाम 2-2 की बराबरी पर छूटा। आखिरी मैच में जूनियर ने सीनियर टीम को 26-24 से हराकर 3-2 से सीरीज जीती।

कस्बे के कन्या जूनियर मैदान पर प्रत्येक रविवार को विभिन्न टीमों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता होती है। इसी क्रम में रविवार को सीनियर और जूनियर टीम आमने सामने थीं। टॉस जीतकर सीनियर टीम ने सर्विस वॉल शुरू की। पहला मैच जूनियर ने सीनियर टीम से 25-19 के अंतर से जीता। दूसरे मैच में दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अंत में 26-24 के नजदीकी अंकों से जीत दर्जकर जूनियर टीम ने सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई। तीसरे और चौथे मैचों में सीनियर टीम ने दमदार पलटवार करते हुए 12-25 और 16-25 से जीत दर्जकर श्रृंखला 2-2 से बराबरी पर ला दी। आखिरी मुकाबले में जूनियर और सीनियर दोनों टीमें पूरे मैच में एक दूसरे के आगे-पीछे बनी रहीं। अंत में सीनियर टीम को 26-24 से पटकनी देकर पांच मैचों की श्रृंखला में जूनियर टीम ने 3-2 से अपनी जीत दर्ज कराई।



विजेता टीम खुशी मनाती हुई। अमृत विचार

जू की सैर | गर्मी के कारण चिड़ियाघर में दिनभर बाड़ों में दुबके रहते हैं पशु और पक्षी

# हिमालयन भालू खा रहा आइसफ्रूट और वनीला आइसक्रीम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) में पशु-पक्षियों को गर्मी से बचाने के प्रबंध किए गए हैं। दिन में लू-लपट और तेज धूप से राहत के लिए हर बाड़े में वाटर गन चलती रहती है। चिड़ियाघर में वीआईपी प्रबंध हिमालयन भालू का है। जिसे आइसफ्रूट के साथ वनीला आइसक्रीम दी जा रही है।

प्राणि उद्यान के चिकित्सक डॉ. अनुराग सिंह ने बताया कि चिड़ियाघर में कई प्रकार के पशु व पक्षी हैं। कुछ को गर्मी अधिक परेशान करती है तो कुछ को कम। हिमालयन भालू बर्फ में रहने वाला जानवर है। इसका रंग काला होता है और बाल बड़े व घने होते हैं। जिससे गर्मी अधिक बेहाल करती है। इसलिए भालू का विशेष ध्यान रखना पड़ता है। हिमालयन भालू के बाड़े में कई वाटर गन लगाए गए हैं। जिससे घास व मिट्टी गीली रहती है। भालू गर्मी से राहत के लिए उस पर आराम करता है। भालू को इस समय आइसफ्रूट दिया जा रहा है। दिन में दो बार वनीला आइसक्रीम दी जा रही है। हिरण को गर्मी कम लगती है। इसलिए हिरन के बाड़ों में सिर्फ वाटर गन लगाए गए हैं। शेर और चीता के बाड़ों में कूलर का प्रबंध किया गया है।



पेड़ की छांव में उल्टा लेटा शेर।



### हाय रे गर्मी

झुलसाने वाली गर्मी से पशु-पक्षी और मानव सब बेहाल हैं। कानपुर प्राणि उद्यान में जानवरों पर वॉटर गन से पानी की बौछार की जा रही है। बाड़ों में घास-फूस लगाकर पानी का छिड़काव कर जानवरों को गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।
- मनोज तिवारी

### पशु-पक्षी को नहीं दिया जा रहा ठहरा पानी

डॉ. अनुराग ने बताया कि इस समय तेज धूप के कारण ठहरा पानी गर्म हो जाता है। हर बाड़े में जानवरों के लिए हौज बनी हैं, लेकिन गर्म पानी से डी हाईड्रेशन की समस्या हो सकती है, इस कारण हौज का ठहरा पानी जानवरों को नहीं पिलाया जा रहा है। इस समय हौज में लगातार ठंडा पानी चलता रहा है। हौज का पानी वहीं गिरता रहता है, जिससे आसपास की जमीन भी ठंडी हो जाती है। वहीं जानवर लेटकर आराम करते हैं।

### सांपों को नहीं बर्दाश्त होती गर्मी

चिकित्सक ने बताया कि सांपों को गर्मी बर्दाश्त नहीं होती है। मौजूदा समय में चिड़ियाघर में कई प्रजाति के सांप हैं। गर्मी में उनको राहत देने के लिए बाड़ों में घास लगाई गई है। घासों पर वाटर गन से पानी की बूंदें गिराई जाती हैं। पेड़ों पर भी पानी की बौछार होती रहती है। दर्जनों मिट्टी के मटके रखवाए गए हैं। जब गर्मी से सांप व्याकुल होते हैं तो मटकों में जाकर बैठ जाते हैं।

### एक दिन में बदल दिया जाता हौज का पानी

गेंडा, दरियाई घोड़ा, बतख व पक्षियों की कई अन्य प्रजातियां हैं जो पानी में रहना पसंद करती हैं। इन सभी जानवरों व पक्षियों के बाड़े में बने हौज में रोज पानी बदल दिया जाता है। दिन में पानी गर्म न होने पाए, इसलिए ठंडे पानी की पाइप पड़ी रहती है, जिससे हौज में पानी आता रहता है। उक्त जानवर पानी में रहकर अपना तापमान नामर्ल कर लेते हैं।

# आग से 10 झोपड़ियां राख, युवक जिंदा जला, 15 मवेशियों की मौत

## सूचना देने के एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड पहुंचने पर ग्रामीणों में दिखा रोष

संवाददाता, शिवराजपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के हरनू गांव के बाहर बनी झोपड़ियों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। करीब 15 बकरियों के भी जल जाने की खबर है। आग लगने पर मचा शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। इसी बीच वहां करीब 10 झोपड़ी जलकर राख हो गई घटना के वक्त वहां झोपड़ी के कई लोग बाहर काम करने गए थे। सूचना के एक घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

क्षेत्र के हरनू गांव में एक समुदाय के कई परिवार गांव के बाहर आकर बस गए और वहीं पर उन्होंने अपनी झोपड़ियां भी बना ली थी। रविवार सुबह झोपड़ी में रहने वाले कई परिवार काम करने के लिए निकल गए थे इसी दौरान एक झोपड़ी में आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने सभी झोपड़ियां को चपेट में ले लिया। झोपड़ी में मौजूद कई लोगों ने इधर-उधर भाग कर अपनी जान बचाई। झोपड़ी में लेटा मोनू (32) वर्ष नहीं निकल सका। उसकी जलकर मौत हो गई। साथ ही झोपड़ी में मौजूद खुशनूर (27) झोपड़ी से निकलने के दौरान बुरी तरह झुलस गया।

आग लगने से एक दर्जन से अधिक बकरियां जलकर मर गईं। झुलसे खुशनूर को ग्रामीणों ने सीएचसी मे भर्ती कराया है। सूचना के एक घंटे बाद पहुंचे फायर बिग्रेड कर्मियों पर ग्रामीणों ने गुस्सा जताया। कहा अगर दमकल जल्दी आ जाती तो शायद आग इतना न फैलती। पुलिस ने गुस्साए ग्रामीणों को शांत कराया।



हरनू गांव पहुंच दुखी परिजनों को गले लगातीं एसडीएम रश्मि लांबा। अमृत विचार

### तीन घंटे बाद पहुंचे अधिकारी और जनप्रतिनिधि

- हरनू गांव में 10 झोपड़ियो में आग लगने के बाद वहां रह रहे लोगों का रो-रो कर बुरा हाल था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तहसील स्तर के उच्च अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को दी, लेकिन करीब 3 घंटे तक मौके पर कोई नहीं पहुंचा जिससे ग्रामीणों में जनप्रतिनिधियों और तहसील प्रशासन के अधिकारियों को प्रति आक्रोश दिखा। वहीं कई घंटे बाद पहुंचे राजस्व के अधिकारियों ने ग्रामीणों की बात की। ब्लाक प्रमुख शुभम बाजपेई ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को मदद का आश्वासन दिया

### पीड़ितों का हाल लिया

आग लगने की सूचना के बाद पहुंची एसडीएम रश्मि लांबा ने पीड़ितों से मिलकर उनका हाल पूछा। साथ ही हादसे में जिस युवक की मौत हुई, उसके परिजनों को गले लगाकर दु:ख बांटा। उन्होंने पीड़ितों को मुआवजे का आश्वासन दिया और लेखपाल को निर्देशित भी किया।

> चुनाव के चलते संगठन ने उन्हें वाराणसी भेजा है। अधिकारियों को मौके पर जाने के लिए निर्देश दिया गया है। जिन लोगों की झोपड़ी जली है उनके लिए राशन और रहने की व्यवस्था कराई गई है। सरकार द्वारा जो मदद दी जाती है उसको दिलाने के लिए अधिकारियों को कहा है।
>
> **राहुल बच्चा सोनकर, विधायक बिल्हौर**

> घटना के बारे में एसडीएम से वार्ता की गई है। राजस्व अधिकारियों को भेजकर हर संभव मदद दिलाने के लिए बोला गया है। ब्लॉक स्तर से जो मदद हो सकती है वह पीड़ित परिवारों को दिलाई जाएगी साथ ही सरकार की ओर से जो मदद हो सकती है उसको कराया जाएगा।
>
> **रवि बाजपेई, सांसद प्रतिनिधि**

## कार ने ई रिक्शा में मारी टक्कर, पांच लोग घायल

**बिधनू।** रविवार शाम रमईपुर से जामू गांव जा रहे ई रिक्शा में पीछे से कार ने टक्कर मारी दी, जिससे ई-रिक्शा चालक सहित पांच लोग घायल हो गए।

घायलों के मुताबिक वे रमईपुर ई रिक्शा में बैठकर जा रहे थे। जैसे ही जामू गांव के पास ई रिक्शा पहुंचा तभी एक कार संख्या यूपी 70 सीडी 8343 का चालक उक्त कर चालक बहुत तेजी वा लापरवाही से चलते हुए तथा बिना हॉर्न बजाते हुए आया और ई रिक्शा में पीछे से जोरदार टक्कर मार दे जिसमें बैठे प्रार्थी का पुत्र सोनू व धीरज राजेंद्र गोविंदा और ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गए थे घायलों को वहां पर मौजूद लोगों प्रेम कुमार अंकित कुमार और अन्य लोगों की सहायता से हॉस्पिटल भेजा गया

## बैंक में लगी आग, समान जलकर राख

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** उत्तरी गांव स्थित बड़ौदा यूपी बैंक से रविवार सुबह अचानक धुआं निकलते देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड ने कड़ी में मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंची पुलिस में घटना की जांच पड़ताल शुरू की।

बिल्हौर थाना क्षेत्र के उत्तरी गांव में स्थित बडौदा यूपी बैंक के अंदर रविवार सुबह बैंक के अंदर से आग की लपटें और धुआं उठते देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बैंक मैनेजर ज्ञानेंद्र राजपूत से मोबाइल फोन पर संपर्क कर बैंक में गेट खोलने के लिए चाबी मांगी। बैंक मैनेजर के निर्देश पर बैंक का ताला तुड़वा दिया गया। अंदर पहुंची फायरब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे बैंक के अधिकारी मनोज कटियार, कैशियर कपिल दत्ता, चपरासी व फील्ड कर्मचारियों ने बैंक के अंदर जाकर चेक किया तो पाया कि कैश काउंटर में रखा कंप्यूटर, कुर्सी, कैश गिनने की मशीन, कुछ फाइल ,कैश बुक, पंखे आदि सामान जल गया।



बैंक के अंदर फर्नीचर राख हो गया। अमृत विचार

### कैश रूम तक आग नहीं पहुंची

- आग बुझने के बाद बैंक के कैश रूम का ताला बैंक के अधिकारियों ने खुलवाकर चेक किया तो उसमें रखा सभी सामान व तिजोरी सुरक्षित थी. उसके अंदर आग नहीं पहुंची थी. कैश सुरक्षित देख बैंक कर्मचारियों ने राहत की सांस ली. मौके पर मौजूद पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू की. वहीं लोगों ने शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जाहिर की।

## भीषण तपिश में बिजली न आने से लोग रहे बेहाल

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** पनकी से चौबेपुर विद्युत सबस्टेशन को आने वाली मुख्य लाइन का तार टूटने से सोमवार को क्षेत्र की आपूर्ति दिन भर ठप रही। भीषण तपिश के दौरान बिजली न मिल पाने से लोगों का गर्मी से हाल-बेहाल रहा। वहीं बिजली बगैर पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हुई। देर शाम तक आपूर्ति बहाल न होने से लोग परेशान रहे।

पनकी से चौबेपुर विद्युत सबस्टेशन के लिए आने वाली मुख्य लाइन का तार रविवार सुबह आईआईटी के निकट टूट जाने से क्षेत्र की संपूर्ण आपूर्ति बाधित हो गई। घंटों चले मरम्मत कार्य के बाद करीब 3:00 बजे आपूर्ति शुरू हुई लेकिन तभी चौबेपुर यार्ड में आई खराबी से कुछ ही मिनट बाद आपूर्ति बंद हो गई। इधर शाम करीब 7:00 बजे एक बार पुनः आपूर्ति शुरू होते ही पनकी ट्रांसमिशन में आई खराबी के चलते आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी के दौरान 12 घंटे तक आपूर्ति ठप रहने से इनवर्टर भी जवाब दे गए। समस्या के बाबत कस्बा निवासी ओम नारायण गुप्ता, शोभित अग्निहोत्री ,रिंकू बाजपेई,सुशील, अजीत द्विवेदी व नरेंद्र शुक्ला आदि ने बताया कि इस समय जब तापमान अपने चरम पर है ,ऐसे में बिजली न मिल पाने से लोगों के समक्ष जबरदस्त समस्या हो रही है। पेयजल के लिए लोगों ने आसपास लगे हैंडपंपों का सहारा लिया। इस संबंध में अधिशासी अभियंता अतुल सेठ ने बताया कि सुबह तार टूटने से आपूर्ति बाधित हुई।

## कुत्तों ने 5 महीने में 1800 लोगों पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- घर के बाहर खेल रहे बच्चे पर हमला कर घायल किया

**अमृत विचार।** बिधनू विकास खंड के गांवों में हिंसक कुत्तों पर कोई लगाम नहीं लग पा रही है। बीते पांच माह में 1800 लोगों को आवारा कुत्ते शिकार बना चुके हैं। बीते दिसंबर माह में जिलाधिकारी के निर्देश पर क्षेत्र में पहुंची कैटल दस्ता टीम एक कुत्ते को ग्रामीणों से मरवाकर लौट गई थी। जिसके बाद टीम भी क्षेत्र में झांकने नहीं आई। हर माह सीएचसी में करीब तीन सौ लोग कुत्तों के शिकार पहुंच रहे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार मौन हैं।

बिधनू विकासखंड के अरखैया गांव निवासी किसान नरेंद्र यादव का 9 वर्षीय बेटा सौरभ शनिवार देर शाम दरवाजे खेल रहा था। तभी एक आवारा कुत्ता उसपर हमलावर हो गया। कुत्ते ने शौरभ को गिरकर उसकी नाक नोंच कर घायल कर दिया। चीखपुकार सुन ग्रामीणों और परिजनो के पत्थर मारकर दौड़ाने पर कुत्ता जंगल की ओर भाग गया। परिजनो ने घायल बच्चे को बिधनू सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उपचार कर एंटीरैबीज का इंजेक्शन लगाया। इसके पहले बीते 10 दिसंबर से अब तक क्षेत्र में 1800 लोगों को आवारा कुत्ते काटकर घायल कर चुके हैं। बीते 12 दिसंबर को तत्कालीन जिलाधिकारी विशाख जी ने नगर निगम की टीम भेजकर ग्राम पंचायत और पशु चिकित्सा विभाग को कुत्तों को पकड़ने का जिम्मा सौंपा था। इसपर टीम के लोग दलेलपुर गांव के बाहर खेत में धूप सेंक रहे एक कुत्ते को मरवाकर लौट गई थी। वहीं दो दिन बाद कठुई गांव में ग्रामीणों ने एक कुत्ते को मार दिया था। अभी भी कुत्तों का आतंक कम नहीं हुआ।

## प्रेमी युगल ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- परिजनों के विरोध पर शनिवार को लापता हो गए थे
- झांसी ट्रैक पर बहवलपुर गांव के पास लगाई छलांग

**अमृत विचार।** प्रेम-प्रसंग में परिवार वालों के बाधा बनने से परेशान प्रेमी जोड़े ने गजनेर थाना क्षेत्र के बहवलपुर गांव के पास मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। मौत से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया।

कानपुर नगर के घाटमपुर थाना क्षेत्र के रेवना के काटर गांव के रहने वाले पवन पांडेय वर्तमान में अपने परिवार के साथ अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नबीपुर में रहते हैं। उनके पुत्र मोहित (18) का पुत्री की ससुराल मूसानगर थाना क्षेत्र के लेवामऊ की रहने वाली टिंकू सविता की पुत्री मुस्कान (17) से प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने इसका विरोध किया। जिससे परेशान मोहित व मुस्कान शनिवार को घर से निकल गए थे। रविवार को दोनों ने गजनेर थाना क्षेत्र के बहवलपुर गांव के पास कानपुर-झांसी रेलवे लाइन के अप ट्रैक पर खंभा नंबर 1305/5-7 के सामने मालगाड़ी के आगे छलांग लगाकर जान दे दी। मालगाड़ी के चालक ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर लालपुर को दी।

सूचना पर गजनेर थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर परिजनों को जानकारी दी। मौत की घटना से दोनों के परिजन रोने-बिलखने लगे। अकबरपुर सीओ तनु उपाध्याय ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम दृष्टया प्रेम-प्रसंग के मामले में जान देने की बात सामने आई है।



पोस्टमार्टम हाउस में गमगीन खड़े परिजन। अमृत विचार



मोहित पांडेय।



मुस्कान।

### बहन की ससुराल होने से आना-जाना होता था

मृतक मोहित पांडेय की बहन की ससुराल लेवामऊ में होने के चलते उसका आना-जाना लगा रहता था। इसी दौरान उसका प्रेम-प्रसंग पड़ोस में रहने वाली मुस्कान से हो गया था। जानकारी होने पर दोनों के परिजन इसका विरोध कर रहे थे, दोनों ने एक-दूसरे के साथ जीने-मरने की कसमें खा ली थी। लाख जतन के बावजूद दोनों नहीं माने और शनिवार को एक साथ कहीं चले गए। हालाकि परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चल सका था। रविवार को मालगाड़ी से कटकर मौत की जानकारी होने पर दोनों परिवार स्तब्ध रह गए।

## आसमान से बरसी आग घरों में दुबके रहे लोग

संवाददाता, बिल्हौर

- अधिकतम पारा 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा, गर्म हवाओं ने कहर ढाया

**अमृत विचार।** कई दिनों से तल्ख सूरज के तेवर रविवार को और उग्र हो गए। सुबह से ही मानों आसमान से आग बरसने लगी। अधिकतम पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया। इस दौरान गर्मी से पस्त हुए लोग बचाव के लिए तरह-तरह से जतन करते नजर आए। घर से बाहर निकले लोग छांव और ठंडे पानी की तलाश करते दिखे।

शनिवार को सुबह के समय न्यूनतम पारा 29 डिग्री तक रहा जो सुबह 11 बजे तक 40 डिग्री पर तक जा पहुंचा। इसके साथ ही 15 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से गर्म हवा चलने लगी। यह हवा लोगों के शरीर में तीखी चुभन का अहसास करा रही थी। दोपहर दो बजे तक पारा 44 डिग्री पर पहुंच गया। इससे गर्मी और बढ़ गई। इससे सड़क व बाजार में भी सन्नाटा दिखा। गर्मी से बचने के लिए लोग जिधर छांव दिखाई देती, उधर ही चल रहे थे। लोग छाता और गमछा के के जरिये धूप से बचाव करते दिखे। बढ़ती गर्मी में ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी काफी बढ़ गई। रेलवे स्टेशन पर तेज धूप और गर्मी से बचने के लिए यात्रियों के समूह फुटओवर ब्रिज के नीचे छांव में बैठे थे। मनुष्य ही नहीं पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल रहे। धूप के तीखे तेवरों के चलते आसमान से पक्षियों की कलरव भी गायब हो गई। सायं चार बजे तक पारा 44 डिग्री पर बना रहा। इसके बाद पारा गिरना तो शुरू हुआ, लेकिन गरम हवा लोगों को झुलसाती रही। मौसम विभाग की मानें तो अभी अगले कुछ दिनों तक गर्मी इसी तरह बढ़ेगी।



**वाहनों पर ब्रेक लग गया**

तेज धूप के चलते बिल्हौर कस्बे की मेन मार्केट मे घनघोर सन्नाटा छाया रहा। दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 5:00 बजे तक जीटी रोड समेत का कौन कस्बे के लखनऊ इटावा राजमार्ग पर भीषण सन्नाटा बना रहा इक्का-दुक्का लोग ही जबकि सड़कों पर सभी प्रकार के वाहनों पर एकदम ब्रेक सा लग गया।

## सार-संक्षेप

### गंगा स्नान के दौरान युवक की डूब कर मौत

**शिवराजपुर।** रविवार को परिवार के साथ शिवराजपुर स्थित खेरेश्वर घाट पर परिवार के साथ स्नान करने आए युवक का स्नान करते हुए पैर फिसल गया। जिससे वह गहरे पानी में चला गया। युवक के शोर मचाने पर आसपास मौजूद गोताखोरों ने उसे बाहर निकाला। आनन फानन में परिजनो ने उसे कानपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जाए उसकी मौत हो गई। बिठूर थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी मयंक तिवारी अपने परिवार के साथ खेरेश्वर घाट पर स्नान करने आया था। स्नान के दौरान मयंक का पैर फिसल गया जिससे वह गहरे जल में चला गया।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की मौत

**घाटमपुर।** क्षेत्र के गांव देवीपुरवा का मजरा ललकी पुरवा में बीती रात ट्यूब बेल मे लेटने गए किशोर को जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया।

## दबंगों ने पति-पत्नी को पीटा, महिला गंभीर

संवाददाता,घाटमपुर

- मारपीट व धमकी की धाराओं में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के भडडारा मजरा पहेवा में दबंगों ने घर के बाहर काम कर रहे पति-पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। बचने के लिए दोनों घर के अंदर भागे तो दबंगों ने महिला को चाकू मार दी। महिला को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। इस बाबत पति ने थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। महिला के पति बाबू सिंह ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी पत्नी माया देवी घर के बाहर अपने जानवरों को सानीचारा कर रही थी। तभी वहां पड़ोस में रहने वाले महेन्द्र सिंह, संजय, निधि, रीता देवी यादव लाठी-डंडा व चाकू लेकर आए और गालियां देते हुए कहा कि अगर मुकदमे को वापस नही लिया तो काम खत्म कर देगें। यह कह कर उसके साथ मारपीट करने लगे। पत्नी बचाने दौड़ी तो उसे पर भी हमला कर दिया। काफी चोटें आईं। आरोप है कि घर में रखे 70 हजार रूपये लूट लिये। धमकी दी कि पुलिस में कोई शिकायत की तो जिन्दा दफन कर देंगे। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मां-बेटी के साथ की मारपीट

- घाटमपुर। गोपालपुर निवासी किशोरी लाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने घर में थे। तभी गांव के ही लल्लू ने मेरी पत्नी गीता व पुत्री पूनम को गाली गलौज करते हुए मारा पीटा। जिससे उन्हें काफी चोटें आई। बचाव करने आए सुमित व विनोद को भी मारा पीटा। जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर कार्रवाई कर रही है।

योग से निरोग | योग केंद्र के शिलान्यास पर रिटा. आईपीएस भानु प्रताप सिंह ने लोगों को दी सलाह

## बीमारी से बचाव को योग है बेहतर विकल्प

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखता है, अपितु यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मददगार है। मौजूदा समय में समयाभाव के चलते ज्यादातर लोग व्यायाम के लिए समय नहीं निकाल पाते। जिससे शरीर में अनेक प्रकार की बीमारियां जन्म ले लेती हैं। बीमारी से बचाव के लिए योग एक बेहतर विकल्प है। उक्त बातें रविवार को क्षेत्र के बरुआ कला गांव स्थित योग केंद्र आश्रम दिव्यांबर के शिलान्यास के दौरान रिटायर्ड आईपीएस, पूर्व डीजी विजिलेंस भानु प्रताप सिंह ने में कहीं। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल में रंग भर दिया।

क्षेत्र के बरुआ कला गांव स्थित योग केंद्र आश्रम दिव्यांबर का शिलान्यास करने के पश्चात मुख्य अतिथि भानु प्रताप सिंह ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ तो बनता ही है, साथ रोगों से लड़ने की क्षमता भी बढ़ती है। अनियमित दिनचर्या के चलते लोग तरह तरह की बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में योग को अपने जीवनचर्या में नियमित रूप से शामिल करें। वहीं कार्यक्रम में आए पूर्व मंडलायुक्त अजयदीप सिंह ने भी शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग को आवश्यक बताया। कार्यक्रम आयोजक अंतर्राष्ट्रीय वास्तु शास्त्री विमल झांझरिया ने आए सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में योग ऋषि ओम प्रकाश आनंद, ज्योतिषाचार्य पं. केए दुबे पद्मेश, दयाशंकर गुप्ता, रेवती रमन गुप्ता, विकास झांझरिया, निर्मल झांझरिया, हिमांशू पाल, बबलू त्रिवेदी, रमाकांत शर्मा व प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

- स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल में रंग भर दिया





योग केंद्र आश्रम का शिलान्यास करते पूर्व पुलिस महानिदेशक भानु प्रताप सिंह। नाट्य प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे।

## घाटमपुर में हरे छायादार वृक्षों पर चल रहा आरा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के थाना रेवना के मखौली गांव में वन माफियाओ द्वारा वन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से फलदार वृक्षों पर खुलेआम आरा चला रहे। इन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि क्षेत्र को रेगिस्तान बनना चाह रहे। जब इस बाबत थाना अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने ने वन विभाग से परमीशन होने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया।

मामला रेवना थाना क्षेत्र के मखौली गांव का है । यहां पर रविवार को कढियन ताला रोड स्थित एक जामुन और एक आम के फलदार पेड़ों पर दोपहर में आरा मशीन चलते गांव के ही कुछ लोगों ने देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने पल्ला झाड़ लिया और वन विभाग से परमीशन की बात कही गई। सूचना पर पहुंचे मीडिया के लोगो को लकड़ी माफिया ने वन विभाग के द्वारा जारी परमीशन दिखाया गया। इसी तरह घाटमपुर के बेहटा गांव में लकड़ी माफिया के द्वारा वन विभाग के परमीशन से हरे-भरे पेड़ों को काटा जा रहा है।



इस तरह से कटे पड़े हैं पेड़।

- वन विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा पर्यावरण के साथ खिलवाड़

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# सीबीआई अफसर बताकर टप्पेबाजी करने का प्रयास

## चौक सराफा में चार युवकों ने की कोशिश, कैमरे खंगाले जा रहे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कलक्टरगंज थाना क्षेत्र के नयागंज बाजार से करोड़ो का सराफा कारोबारियों का सोना लेकर भागे हरिओम का अभी पता नहीं लग पाया था कि चौक सराफा बाजार पहुंचे चार युवकों ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर चार लोगों से टप्पेबाजी करने की कोशिश की। व्यापारियों के एकजुट होने पर टप्पेबाज काबूकोठी की तरफ भाग निकले। पुलिस ने सीसीटीवी को खंगालने में जुट गई है।

सराफा बाजार में दुकानदारों के दो कर्मचारी बैग लेकर जा रहे थे। एक युवक पीछे से आया और उनके कंधे में हाथ रखकर कहा कि सुन नहीं रहे हो, चलो साहब बुला रहे हैं। दोनों कर्मचारी वहां पहुंचे तो युवक ने खुद को सीबीआई अफसर बता बैग चेक कराने को कहा। कर्मचारियों के बैग देखने के बाद कर्मचारियों को भगा दिया। इस दौरान एक कर्मचारी के पास 60 हजार रुपये थे, सो वह चुपचाप वहां से फौरन चला गया। इसके बाद युवकों ने एक दुकान के अकाउंटेंट को रोककर उसका बैग चेक करने की कोशिश की। इस पर वह भाग कर सराफा एसोसिएशन के पंकज अरोड़ा के पास पहुंच गया और पूरे मामले की जानकारी दी। व्यापारियों को एकजुट होता देख टप्पेबाज वहां से काहूकोठी की तरफ भाग गएरा सूचना पर पहुंची कलक्टरगंज पुलिस ने फर्जी सीबीआई अफसरों की तलाश की। सीसीटीवी खंगाले। थाना प्रभारी का कहना है कि सीसीटीवी में कुछ युवक भागते हुए नजर आए हैं। लेकिन उनका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है।

### हीलाहवाली से हरिओम और संपत गिरफ्तारी से दूर

पिछले कुछ समय से नयागंज सराफा बाजार में सोना कारोबारियों को खुद की सुरक्षा और अपने व्यापार को लेकर चिंता सता रही है। पहले बजरिया थाना क्षेत्र के बेकनगंज इलाके से महाराष्ट्र सांगली का रहने वाला संपत राव लबेटे कारोबारियों का दिसंबर 2023 में करोड़ों रूपये का सोना लेकर साथी महेश के साथ भागा था। पुलिस ने महेश को पकड़कर अपनी पीठ थपथपा ली और मुख्य आरोपी को भूल गई। वही अभी हाल में सराफा दुकानदार हरिओम कई कारोबारियों का करोड़ों का सोना लेकर फरार है, लेकिन अब तक पुलिस कुछ नहीं कर पाई है। इन दोनों मामलों के खुलासे को लेकर कारोबारी पहले से परेशान थे कि फर्जी सीबीआई बनकर टप्पेबाजी करने के प्रयास में उन लोगों की फिर से नींद उड़ गई है। कारोबारियों का कहना है कि बाजार में कोई गिरोह सक्रिय है, जिसको लेकर वह लोग सोमवार को पुलिस कमिश्नर से मिलेंगे।

### मददगार को भी बनाया जाएगा आरोपी

**कानपुर।** हंसपुरम में पत्नी को छत से फेंककर हत्या करने वाले आरोपी की तलाश में पुलिस उसके रिश्तेदारों के घर पर छापेमारी कर रही है। पुलिस को आशंका है कि फरार आरोपी छह वर्षीय बेटे की देखभाल के लिए उसे अपने किसी रिश्तेदार या परिचित के घर छोड़ सकता है। नौबस्ता इंस्पेक्टर ने बताया कि रिश्तेदार के घर बच्चा मिलने पर उसे भी आरोपी बनाया जाएगा। हंसपुरम आवास विकास कालोनी निवासी राहुल तिवारी पत्नी सपना तिवारी व बेटा समर (10) और शौर्य (06) के साथ रहता था। आरोप है कि राहुल शराब का लती होने के कारण पत्नी के साथ अक्सर मारपीट करता था। गुरुवार शाम को राहुल और सपना का विवाद हुआ, जिसके बाद राहुल ने सपना को छत से फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी बेटे शौर्य को लेकर मौके से फरार हो गया। मृतका के परिजनों ने राहुल पर औरैया निवासी दूसरी युवती से अवैध संबंध का आरोप लगाया था। नौबस्ता इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी की तलाश में सर्विलांस समेत तीन टीमें लगी हुई है। आरोपी की तलाश में उसके रिश्तेदारों के यहां दबिश दी जा रही है। आशंका है कि आरोपी ने बच्चे को किसी रिश्तेदार या किसी परिचित के घर छोड़ दिया होगा।

# बाबूपुरवा इंस्पेक्टर को नोटिस, जांच बदली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- छेड़छाड़ के आरोपी दरोगा को ही सौंप दी थी जांच

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा में छेड़खानी के आरोपी दरोगा को ही मामले की जांच देने पर डीसीपी साउथ ने बाबूपुरवा इंस्पेक्टर को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया। नोटिस जारी होते ही इंस्पेक्टर ने जांच दूसरे दरोगा को सौंपी।

बाबूपुरवा निवासी टाइल्स कारीगर पत्नी के निधन के बाद 18 वर्षीय बेटी के साथ उदयभान के मकान में किराये पर रहते हैं। उन्होंने बताया कि मकान मालिक घर से निकालना चाहते थे। इसलिए उनके जालौन में तैनात सिपाही पुत्र अंकित ने परिजनों के साथ मिलकर शौचालय तोड़ कर बिजली काट दी। बीते 15 मई को बेटी बिजली जुड़वाने उनके घर गई तो उसके साथ मारपीट और छेड़खानी की गई। जिसके बाद शुक्रवार को वह आरोपी सिपाही की शिकायत करने बाबूपुरवा थाने पहुंची तो दरोगा संजय सिंह ने अश्लील टिप्पणी कर जेल भेजने की बात कही, जिससे क्षुब्ध होकर युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद बाबूपुरवा इंस्पेक्टर ने मामले की जांच छेड़खानी के आरोपी दरोगा संजय सिंह को ही सौंप दी थी। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने थाना प्रभारी अनूप सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जिसके बाद थाना प्रभारी ने मुकदमें की विवेचना दूसरे दरोगा को सौंपी।

# गीता को विश्व का प्रेरक ग्रंथ बनाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


बैठक में वक्ताओं ने रखे विचार। अमृत विचार

- श्रीमद्भागवत गीता जयंती आयोजन समिति की बैठक

**अमृत विचार।** श्रीमद्भागवत गीता जयंती आयोजन समिति की बैठक रविवार शाम पांडुनगर स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। तय हुआ कि नवीन कार्यकारिणी की योजना बैठक दो जून को शाम पांच बजे होगी।

समिति के संरक्षक मंडल के सदस्य डॉ. उमेश पालीवाल ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता को विश्व का प्रेरक ग्रंथ बनाने के लिए हमें प्रभु ने अवसर उपलब्ध कराया है, इसलिए हम लोगों को समिति की संपूर्ण योजनाओं को योजनाबद्ध चलाना होगा। इसी मकसद से नई केंद्रीय कार्यकारिणी व कानपुर के सभी चार जिलों की कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकारिणी के नव सृजित दायित्वों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि संरक्षक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, प्रचारमंत्री, प्रकाशन मंत्री, नववर्ष गीता संदेश यात्रा प्रमुख, गीता जयंती संदेश मानव श्रृंखला प्रमुख, राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी प्रमुख, घरघर गीता ज्ञान यज्ञ प्रमुख आदि दायित्वों का सृजन किया जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि समिति मां नए गीता प्रेमियों को जोड़ने के लिए वार्षिक सदस्यता का प्रावधान किया जाएगा। इस मौके पर भूपेश अवस्थी, मुकेश पालीवाल, मोर मुकुट विजयवर्गीय, राजेंद्र अवस्थी, हरेंद्र मुरझानी, डॉ. ओमप्रकाश आनंद, वरुण त्रिपाठी, अशोक तिवारी, परमानंद शुक्ला, कमल त्रिवेदी, गीता भवन के प्रमुख शिवाकांत पांडे, डॉ. उमेश पालीवाल, बलराम सिंह, डॉ. बृजेश सिंह आदि रहे।

# पाइपलाइन ठीक, चालू हुई पेयजल आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेट्रो निर्माण की वजह से क्षतिग्रस्त हो गई थी पाइपलाइन

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (यूपीएमआरसी) के निर्माण कार्य की वजह से बर्रा छह की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। जानकारी पर मेट्रों के अधिकारियों ने 24 घंटे के अंदर पाइप लाइन मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया। अधिकारियों के मुताबिक आज रात नौ बजे से गुजैनी वाटर वर्क्स से जलकल विभाग की जलापूर्ति शुरू हो जाएगी।

बर्रा-6 में कॉरिडोर-दो (सीएसए विश्वविद्यालय से बर्रा-8) के एलिवेटेड सेक्शन के प्री-कंस्ट्रक्शन स्टेज का कार्य चल रहा है। निर्माण के लिए मेट्रो अवसंरचना की उपयुक्तता और मजबूती सुनिश्चित करने के लिए इस सेक्शन में सबसे पहले मृदा परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस बारे में यूपीएमआरसी ने नगर निगम को अनेकों बार पत्र लिखकर सूचित किया जा चुका है। क्योंकि कार्य के दौरान पाइप लाइन शिफ्ट करने के लिए जलकल विभाग की अनुमति लेना जरूरी होता है, अभी क्षेत्र में निर्माण कार्य उस स्टेज (पाइप लाइन शिफ्टिंग के स्टेज तक) तक नहीं पहुंचा है। इसलिए कार्य शुरू करने और भूमि पर अनापत्ति के संबंध में जून 2023 से ही कानपुर नगर निगम को सूचित किया जाता रहा है। मेट्रों के अधिकारियों के मुताबिक कार्य शुरू करने से पहले संबंधित विभाग को सूचित ना करने की बात सत्य नहीं है। कानपुर मेट्रो ने निर्माण कार्यों के दौरान शहरवासियों के सहूलियत को महत्व दिया है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त की जानकारी पर तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। 900 एमएम के जिस पाइप लाइन के ठीक होने में तीन दिन लगने की बात कही जा रही थी।


पाइप लाइन की मरम्मत करते कर्मचारी।

## प्रदेश

### इलाहाबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में जनसभा की

# सपा की सरकार ने कारसेवकों पर चलवाई थीं जमकर गोलियां : अमित शाह

संवाददाता, प्रयागराज



भाजपा प्रत्याशी व समर्थकों से मिलते गृहमंत्री अमित शाह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरा 'इंडी' गठबंधन अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करता है। उन्होंने कहा कि लालू जी, सोनिया जी, उद्धव जी, स्टालिन अपने-अपने बेटों को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। जिले के यमुनापार मेजा तहसील के सोरांव पाती गांव में इलाहाबाद सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, "जो लोग अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करते हैं क्या वे आपका भला कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि 'इंडी' (इंडिया) गठबंधन कहता है कि उनकी सरकार आएगी तो वे अनुच्छेद 370 फिर से लागू करेंगे, तीन तलाक वापस लाएंगे, नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) हटाएंगे और परमाणु हथियार नष्ट करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि ये 'इंडी' गठबंधन देश को आगे नहीं बढ़ा सकता। गृह मंत्री ने कहा, ये कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकारों ने 70 साल तक राम मंदिर को अटकाए रखा। सपा सरकार ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं और हमारे रामभक्तों को मारने का काम किया। आपने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया। मोदी जी ने केस जीता, भूमि पूजन किया और 24 जनवरी को प्राणप्रतिष्ठा समारोह के साथ 'जय श्री राम' कह दिया। उन्होंने कहा कि जब ट्रस्ट (न्यास) ने इनको (विपक्षी दलों को) प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होने का निमंत्रण भेजा तो वो लोग नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि सोनिया जी भी नहीं पहुंचीं, राहुल बाबा, अखिलेश और डिंपल भाभी भी नहीं पहुंचीं, ये इसलिए नहीं पहुंचे क्योंकि अपने वोटबैंक से डरते हैं, उनके वोटबैंक आप नहीं, बल्कि वे घुसपैठिए हैं। शाह ने कहा कि मोदी जी ने अपने धर्म के सभी सांस्कृतिक केंद्रों को ऊर्जावान बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि एक ओर रामभक्तों पर गोली चलाने वाले हैं तो दूसरी ओर राम मंदिर बनवाने वाले मोदी जी हैं, जनता को दोनों के बीच चुनाव करना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, 2017 में योगी जी की सरकार आई और उन्होंने चुन चुनकर माफियाओं को खत्म कर प्रदेश में सुरक्षा सुनिश्चित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करने, देश को सुरक्षित करने, आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने, गरीबी को समाप्त करने और महान भारत की रचना करने का चुनाव है। कार्यक्रम में इलाहाबाद सीट से निवर्तमान सांसद रीता बहुगुणा जोशी, प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' भी मौजूद थे।

### अमित शाह ने कहा, यह कुंभ का क्षेत्र है, विरासत की भूमि है

गृह मंत्री अमित शाह ने प्रयागराज में चुनावी रैली में कहा– पुरी और पुलवामा में आतंकियों ने हमला किया। मोदी ने 10 दिन में पाकिस्तान से बदला लिया। हमारी सेना ने पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंकियों का खात्मा किया। राहुल बाबा, आज प्रयागराज की पवित्र धरती पर मैं कह कर जा रहा हूं, ये पीओके हमारा है, हमारा रहेगा और हम इसे वापस लेकर रहेंगे। अमित शाह ने कहा, यह कुंभ का क्षेत्र है, विरासत की भूमि है। यहां नरेन्द्र मोदी निषादराज पार्क का निर्माण करा रहे हैं। लेटे हनुमान जी मंदिर के सामने बड़ा कॉरिडोर बनाने की तैयारी है।

# पूर्व विधायक पवन पांडेय को सुप्रीम कोर्ट से मिली पैरोल

**अंबेडकरनगर।** बहुचर्चित जमीन कांड में कई महीनों से जेल में बंद बाहुबली पूर्व विधायक पवन पांडेय को सुप्रीम कोर्ट से इलाज के लिए चार सप्ताह की पैरोल मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि पवन पांडेय को केजीएमयू में इलाज के दौरान समुचित सुरक्षा व्यवस्था/स्कॉर्ट मुहैया कराया जाए। पैरोल के दौरान पूर्व विधायक पर किसी भी राजनीतिक व्यक्ति से मिलने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केजीएमयू प्रशासन को पवन पांडेय के इलाज के बाद संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पूर्व विधायक पवन पांडेय ने हाईकोर्ट से राहत न मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट में बीमारी का हवाला देते हुए अंतरिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। वहीं मामले में जेलर गिरजाशंकर यादव से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि पवन पांडेय के मामले में अभी तक कोई भी निर्देश नहीं आया है।


# वायनाड 2000 किमी माइलस्टोन पर कांग्रेस खफा, बोले छोटी मानसिकता

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कांग्रेस के गढ़ रायबरेली में लोकसभा चुनाव में लड़ाई दिलचस्प हो गई है। आज जहां प्रचार थम गया है। वहीं एक वायरल वायनाड 2000 किमी माइलस्टोन चर्चा का विषय बना हुआ है।

सोशल मीडिया माइलस्टोन की तस्वीर बड़ी तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कई जगह सड़क किनारे माइलस्टोन लगाया गया है। जिस पर अंग्रेजी में वायनाड लिखा है और उसकी दूरी 2000 किलोमीटर दिखाई जा रही है। कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी रायबरेली के साथ ही वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे है। पिछली बार अमेठी सीट से हार का सामना करना पड़ा था। इस बार उन्होंने वायनाड के साथ रायबरेली से भी दावेदारी की है।

बताते है कि रायबरेली से वायनाड की दूरी सड़क मार्ग द्वारा लगभग 2082 किलोमीटर है। इस प्रकार से जो माइलस्टोन लगाए गए हैं, उससे कहीं ना कहीं राहुल पर निशाना साधा गया है। एक प्रकार से यह संदेश दिया जा रहा है कि रायबरेली से वायनाड जाने के लिए सड़क के रास्ते 2000 किलोमीटर का सफर ही बचा है। फिलहाल इस इस तस्वीर के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद जनपद में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। हालाकि देर रात कई जगह इन्हे हटा ले जाने के भी चर्चे हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि, यह एक छोटी मानसिकता




वाले लोगों का काम है। रायबरेली के साथ ही वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे है। पिछली बार अमेठी सीट से हार का सामना करना पड़ा था। इस बार उन्होंने वायनाड के साथ रायबरेली से भी दावेदारी की है।

बताते हैं कि रायबरेली से वायनाड की दूरी सड़क मार्ग द्वारा लगभग 2082 किलोमीटर है। इस प्रकार से जो माइलस्टोन लगाए गए हैं, उससे कहीं ना कहीं राहुल पर निशाना साधा गया है। एक प्रकार से यह संदेश दिया जा रहा है कि रायबरेली से वायनाड जाने के लिए सड़क के रास्ते 2000 किलोमीटर का सफर ही बचा है।

फिलहाल इस इस तस्वीर के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद जनपद में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। हालाकि देर रात कई जगह इन्हे हटा ले जाने के भी चर्चे हैं। कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि, यह एक छोटी मानसिकता वाले लोगों का काम है।

# चुनाव जितवाने के नाम पर मांगे 35 लाख, केस

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

- बसपा प्रत्याशी की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई आरोपी हिरासत में

**अमृत विचार।** कैसरगंज लोकसभा से बसपा प्रत्याशी नरेंद्र पाण्डेय ने एक युवक पर पैसे मांगने और चुनाव में जीतने का आरोप लगाते हुए पयागपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने व्हाट्स एप काल करने वाले युवक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। कैसरगंज सीट से बसपा प्रत्याशी नरेंद्र पाण्डेय चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने पयागपुर थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात एक युवक ने व्हाट्सएप काल करके 35 लाख रूपए की मांग करते हुए कहा कि आपको चुनाव जितवा दूंगा। मेरी बात सभी अधिकारीयों से हो चुकी है। यदि आप पैसा नही देंगे तो अन्य प्रत्याशी से भी बात चल रही है और उसे जितवा दूंगा। इस पर मैंने मना कर दिया तो फिर व्हाट्सएप मैसेज कर पैसे की मांग कर रहा था। जिसकी पूरी डिटेल पयागपुर थाने पर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भी सूचना दे दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी आदर्श मिश्रा निवासी महसी को हिरासत में ले कर पूछ ताछ की जा रही है।

# ड्यूटी को निकले सहा. समाज कल्याण अधिकारी की मौत

संवाददाता, बेलसर, गोंडा

- पीठासीन अधिकारी के पद पर लगी थी ड्यूटी

**अमृत विचार।** चुनाव ड्यूटी में घर से निकले सहायक समाज कल्याण अधिकारी की मौत हो गई है। गोंडा के पंडरी कृपाल में उनकी तैनाती थी।

हरदोई जनपद के थाना सदर के कुतवापुर निवासी विजय कुमार वर्मा की मृतक आश्रित कोटे में 2014 में नियुक्ति हुई थी। वर्तमान में विजय कुमार वर्मा की तैनाती गोंडा के पंडरी कृपाल ब्लॉक में सहायक समाज कल्याण अधिकारी के पद पर थी। लेकिन बेलसर ब्लॉक उन्होंने आवास बना रखा था। वह अपनी पत्नी रिश्ता राय व सात साल की बेटी के साथ रह रहे थे। पत्नी रिश्ता राय ने बताया कि शनिवार को पति विजय कुमार वर्मा की तबियत खराब हो गई थी। उन्होंने गोंडा के डा जीके सिंह से दवा लिया था। दवा खाने के बाद तबियत ठीक हो गई थी। सुबह करीब नौ बजे बाइक से ड्यूटी के लिए निकले थे। विजय कुमार की निर्वाचन में पीठासीन अधिकारी के पद पर चुनाव में ड्यूटी लगी थी।

घर से निकलने के कुछ देर बाद किसी ने पति के मोबाइल से फोन किया कि आपके पति की तबियत खराब हो गई है। ये जमीन पर लेटे हुए हैं। पत्नी ने बताया कि एक निजी वाहन से लाकर सीएचसी पर दिखाया लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# इत्र, इमरती, ईमानदारी के लिए प्रसिद्ध जौनपुर की धारा को नमन : मुख्यमंत्री

संवाददाता, जौनपुर

- शाहगंज विधानसभा स्थित नेशनल इंटर कॉलेज पट्टी नरेंद्रपुर में गरजे सूबे के मुखिया

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में जौनपुर के 73 लोकसभा सीट से रविवार दोपहर शाहगंज विधानसभा अंतर्गत स्थित नेशनल इंटर कॉलेज पट्टीनरेंद्रपुर में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी कृपाशंकर के लिए वोट कर चुनाव जिताने की अपील की। लगभग 25 मिनट के अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जौनपुर के इत्र की खुशबू और यहा के इमरती की मिठास तथा यहां के लोग इमादारी के लिए प्रसिद्ध हैं।

उन्होंने इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि जब भी सपा और कांग्रेस का



गठजोड़ हुआ है तब-तब कोई न कोई आतंकी हमला उत्तर प्रदेश में हुआ है। लेकिन भाजपा के सरकार में कही गलती से पटाखा भी फूट जाता है तो पाकिस्तान सबसे पहले बोलने लगता है इसमें कि मेरा हाथ नही है। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया। उन्होंने कहा ये नया भारत है पहले किसी को छेड़ता नही और अगर कोई छेड़ता है तो उसे छोड़ता भी नही।आक्रामक अंदाज में विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि इनके कारनामे तो रावण के जैसे हैं कांग्रेस ने एक समय कहा था कि राम है ही नही ये कहते हैं राम का मंदिर भारत में नही बनना चाहिए।

सपा तो इनसे दो कदम आगे है रामभक्तों पर तो गोली चलाई ही थी अब इनके महासचिव कहते हैं कि राम मंदिर बेकार बना है। लेकिन देश कहता है, "होइहै वही जो राम रचि रखा" होगा वही जो रामलला चाहेंगे।

# ट्रक में भिड़ी वोल्वो बस, दो की मौत

**सोहावल/अयोध्या।** लखनऊ-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार सुबह एक वातानुकूलित वोल्वो बस सड़क किनारे खड़े मोरंग लड़ी ट्रक में जा भिड़ी। हादसे में ट्रक के क्लीनर और बस सवार एक यात्री की मौत हुई है, जबकि बस चालक समेत तीन यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुर्घटना रौनाही थाना क्षेत्र में सोहावल स्थित एक पेट्रोल पंप के निकट हुई।

नागालैंड प्रांत में पंजीकृत एक वातानुकूलित वोल्वो बस जयपुर से यात्रियों को लेकर गोरखपुर की ओर जा रही थी। सुबह लगभग साढ़े छह बजे रौनाही थाना क्षेत्र में सोहावल स्थित ओवरब्रिज से उतरते ही पेट्रोल पंप के निकट स्थित ढाबे के पास सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में जा भिड़ी। घटना के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई।


रामलला के दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालु। अमृत विचार

# श्रद्धा : मोहिनी एकादशी पर लाखों श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या।** रामनगरी में मतदान से पहले श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। रविवार को मोहिनी एकादशी थी। इसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे। राम मंदिर में राम लला का दर्शन पूजन किया। आशीर्वाद लिया।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से शनिवार और रविवार को ज्यादा भीड़ होती है। अवकाश के चलते बड़ी संख्या में लोग राम मंदिर में पहुंच राम लला का दर्शन पूजन करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि मोहिनी एकादशी पर भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर देवी-देवताओं को अमृत पान कराया था। अयोध्या में विराजमान भगवान रामलला भी भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं। इसलिए रविवार को भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।

# तानों से आहत महिला ने दो बेटों को दिया जहर, लगाई फांसी

## महिला और छोटे बेटे की हुई मौत, बड़े बेटे का हैलट में चल रहा इलाज, आत्महत्या के लिए प्रेरित करने को तीन जेठ व एक जेठानी पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत पटकापुर गांव में पति की मौत के बाद से ससुरालियों के तानों से परेशान महिला ने अपने दो बेटों को कीटनाशक पिला दिया। इसके बाद खुद फंदे से लटक गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों के होश उड़ गए। जानकारी मिलने पर मृतका के पिता उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में महिला व छोटे बेटे की मौत हो गई। बड़े बेटे को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पिता की तहरीर पर तीन जेठ व एक जेठानी पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने की रिपोर्ट दर्ज की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की हैंगिग से मौत होने की बात सामने आई है। वहीं बच्चे की जहरीला पदार्थ निगलने से मौत होने की पुष्टि हुई है। हालांकि, परिजनों द्वारा इलाज कराने से जहर के स्पष्ट लक्षण नहीं मिले तो बिसरा सुरक्षित किया गया है।


मृतका के पिता शिव शंकर। अमृत विचार


सोमवती।


सुधीर।

- सदर कोतवाली के पटकापुर गांव की घटना, जिसने सुना दंग रह गया

बता दें कि सदर कोतवाली क्षेत्र के पटकापुर गांव निवासी सोमवती (35) पत्नी स्व. संत कुमार ने शनिवार देररात ससुरालियों की प्रताड़ना से आजिज आकर अपने दो बेटों अंश (12) व सुधीर (9) को कीटनाशक पिला दिया और खुद फंदे से लटक गई। पड़ोसियों से मिली सूचना पर सोमवती के पिता बिहार थानाक्षेत्र के चिकंदरपुर निवासी शिवशंकर परिजनों के साथ उसके घर पहुंचे। जहां दोनों बच्चों के मुंह से झाग निकलता देख उन्हें पहले कानपुर के हैलट अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने सुधीर को मृत घोषित कर दिया। जबकि, अंश का इलाज अभी चल रहा है। घटना की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस घर पहुंची और जांच की। रात में ही सीओ सिटी सोनम सिंह और फील्ड यूनिट की टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पिता शिवशंकर ने बताया कि 13 साल पहले बेटी की शादी की थी। 20 फरवरी-2024 को दामाद संत कुमार की बीमारी से मौत हो गई थी। दामाद की मौत के बाद बेटी के जेठ कमलेश, प्रकाश, बालकराम व बालकराम की पत्नी मधु उसकी बेटी को प्रताड़ित करने लगे। उसके पति द्वारा खरीदी गई तीन भैंस जिनसे वह दूध का काम करते थे। उन्हें भी कब्जे में ले लिया। बेटी का घर से निकलना मुश्किल कर दिया था। इससे वह एक-एक रुपए के लिए मोहताज हो गई थी।

यहां तक कि बच्चों की फीस भी नहीं जमा हो पा रही थी। इससे परेशान होकर बेटी ने यह कदम उठाया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन जेठ व जेठानी के विरुद्ध प्रताड़ित करने व आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। मां-बेटे के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें महिला की हैंगिंग व बेटे की मौत का कारण स्पष्ट न होने से बिसरा सुरक्षित किया गया। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि महिला की मौत हैंगिंग से हुई है। बच्चे का बिसरा प्रिजर्व किया गया है। रिपोर्ट दर्ज की आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कई पहलुओं के नहीं मिल रहे उत्तर

**उन्नाव।** पटकापुर की महिला के दो बेटों को जहर देने फिर खुद फंदे से लटकने की बात सामने आई तो पुलिस ने जांच की। इसमें कोई भी परिजन यह नहीं बता पाया कि महिला को फंदे से नीचे किसने उतारा। पुलिस रस्सी व जहर का पैकट मिलने की बात कह रही है। बेटे सुधीर का बिसरा सुरक्षित किया गया है। इससे साफ है कि डाक्टर मौत के सही कारण तक नही पहुंच सके। इससे कई पहलू अभी भी अनुत्तरित हैं।


### शहर में पढ़ते थे दोनों बच्चे

**उन्नाव।** संतकुमार अपने दोनो बच्चों अंश व सुधीर को पढ़ाना चाहता था। इसलिए उसने अपने बच्चों का दाखिला शहर के एक निजी स्कूल में कराया था। लेकिन फरवरी में उसकी अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई। ससुरालियों की प्रताड़ना से आजिज सोमवती को अपने बच्चों का भविष्य अंधकार में दिखा तो उसने कलेजे में पत्थर रख कर यह कदम उठाया।

### बदहवास रहा पिता और बेहाल रही मां

**उन्नाव।** चिकंदरपुर निवासी शिवकुमार और उसकी पत्नी मोहनी ने इकलौती बेटी सोमवती की शादी यह सोंचकर की थी कि बुढ़ापे में बेटी-दामाद उसका सहारा बनेंगे। लेकिन बीमारी से पहले दामाद की मौत और अब असमय बेटी व छोटे नाती की मौत ने उन्हें झकझोर दिया। पोस्टमार्टम हाउस में पिता ने बताया कि बेटी के ससुराल वाले उसे मायके भागने के लिए प्रताड़ित करते थे। जिससे उसके हिस्से पर कब्जा कर सकें।

# हर रविवार मच्छरों पर वार को लेकर वार्ड 4 में चला अभियान


वार्ड चार में सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी में वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिका गंगाघाट की ओर से हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये रविवार को वार्ड चार में पालिका कर्मियों की फौज पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव किया।

स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर पालिका हर रविवार मच्छरों पर वार अभियान चला रही है। उसी को देखते हुये रविवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के नेतृत्व में पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 4 में पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में साफ सफाई की। इसके अलावा नालियों से सिल्ट साफ की। जिसके बाद मच्छरों के लार्वा न पनप सकें। इसके लिये एंटी लार्वा का छिड़काव कराया। ईओ ने बताया कि इसी तरह अभियान चलाकर सभी वार्डों में साफ सफाई कराई जायेगी।

# झांसा देकर युवती को बेचने का आरोप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शक्ति नगर निवासी एक युवती ने वहीं की निवासी एक महिला पर बहला फुसलाकर कानपुर ले जाने और नौकरी के साथ ही समाज सेवियों से पैसे दिलाकर बेचने का आरोप लगाया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पहले तो बालूघाट चौकी इंचार्ज ने मामला रफा दफा करने में जुट गये। इंस्पेक्टर को जानकारी होने पर आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है। जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

शक्ति नगर निवासी एक युवती ने रविवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मोहल्ले में रहने वाली एक महिला पर आरोप लगाते हुये बताया कि शादी के लिये पैसा तथा नौकरी का लालच देकर उसे ले जा रही थी। जब उसने पूछा कि उसे कहां ले जा रही हो तो वह बोली कि यहीं ले चल रहे हैं। यह बोलकर उसे किदवई नगर चौराहे तक लेकर चली गई। जिसके बाद नंदलाल चौराहा के पास महिला के पास फोन आया।


मौके पर पूछताछ करती गंगाघाट पुलिस। अमृत विचार

- पीड़िता ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की
- पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में लिया, कर रही है पूछताछ

इसी दौरान एक महिला और आ गई। जिस पर उसे शंका हुई कि वह उसे बहला फुसलाकर बेचने ले जा रही है तो वह चलती टेंपो से कूद गई और किसी तरह अपने घर पहुंची। जहां उसने परिजनों को आपबीती बताई। उसने बताया कि महिला के साथ कई और महिलाएं भी शामिल हैं। जो गिरोह बनाकर भोली भाली लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर उन्हें बेचने का काम कर रही हैं। जिसके बाद परिजनों ने बालूघाट चौकी पुलिस को जानकारी दी लेकिन चौकी इंचार्ज ने मामले को रफा दफा करने में लग गये। इसी दौरान मोहल्ले के भी कई लोग गंगाघाट कोतवाली पहुंचे और महिला पर आरोप लगाये। जिसकी जानकारी कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति को हुई। जिस पर उन्होंने मामले को संज्ञान में लेते हुये आरोपी महिला को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ की जा रही है, यदि झांसा देकर बेचने या अन्य कोई बात प्रकाश में आती है तो महिला के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# कीटनाशक निगलने से हुई थी अधेड़ की मौत

संवाददाता पुरवा, उन्नाव

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तौरा गांव निवासी अधेड़ का शव गांव से 500 मीटर दूर पड़ा मिला था। रविवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। इसमें किसी जहरीला पदार्थ निगलने से मौत होने की पुष्टि हुई है। साथ ही एहतिहातन बिसरा भी सुरक्षित किया गया है।

तौरा गांव निवासी 48 वर्षीय गुरु लोध बीते शुक्रवार मवेशी चराने निकला था लेकिन वापस घर नहीं लौटा। शनिवार को उसका शव गांव से 500 मीटर दूर दही-मोहनलालगंज मार्ग किनारे पोलार्ड सिटी के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला था। शव के पास एक कीटनाशक पदार्थ की शीशी भी पड़ी मिली थी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगा हंगामा किया तो पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिया था। रविवार को हुए पोस्टमार्टम में उसकी मौत जहरीला पदार्थ निगलने से होने की बात सामने आई। लेकिन, ऐतिहातन बिसरा भी सुरक्षित किया गया है। परिजनों ने जाजमऊ घाट पर शव का अंतिम संस्कार किया। इस दौरान परिजनों में कोहराम मचा रहा। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है।


घटना के बाद बिलखते परिजन। अमृत विचार

# बाइक खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद 12 लोग घायल

**नवाबगंज उन्नाव।** कस्बा नवाबगंज के वार्ड-6 में बाइक खड़ी करने को लेकर दो पड़ोसियों में जमकर लाठी-डंडे चल गए। इसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों ओर से मिली तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

कस्बा के वार्ड-6 निवासी किरन सोनी ने दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा निखिल बाइक खड़ी कर रहा था। तभी पड़ोसियों ने इसका विरोध करते हुए उसे पीटना शुरू कर दिया। उसे बचाने गए निखिल, किरन, मनोज, टीटू, तृशाल, अंजलि, आरती व गिरीश को भी जमकर पीटा और बाइक भी तोड़ दी। वहीं, दूसरी ओर से अनीता ने भी तहरीर देकर बताया कि मारपीट में उनके परिवारिक सदस्यों में रघुबीर, कमला, कृष्णा व सानिया को भी चोटें आई हैं। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि दोनों ओर से मिले प्रार्थना पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


घाट पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### मोहिनी एकादशी पर हुआ गंगा स्नान, सुनी कथा

**शुक्लागंज, उन्नाव।** रविवार को भी मोहिनी एकादशी होने पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की गंगा तटों पर भीड़ देखने को मिली। जहां श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ ही तट पर भगवान सत्यनारायण की कथा का भी श्रवण किया। वहीं तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की। मोहिनी एकादशी होने के कारण रविवार को सुबह से श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं स्नान करते रहे। आचार्यों ने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा की जाती है। इस व्रत को करने से मनुष्य के सभी कष्ट दूर होते हैं। मान्यता है कि मोहिनी एकादशी का व्रत सभी प्रकार के दुखों का निवारण करने वाला, सब पापों को हरने वाला और व्रतों में उत्तम व्रत है। इस व्रत के प्रभाव से मनुष्य मोहजाल से छुटकारा पाकर विष्णु लोक को प्राप्त करता है।

### पर्यावरण दिवस को लेकर बैठक की

**शुक्लागंज, उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में मौलिक अधिकार एसोशिएसन के सदस्यों की एक बैठक हुई। जहां पदाधिकारियों ने आगामी 5 जून होने वाले वाले पर्यावरण दिवस को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही पर्यावरण को बढ़ावा देने को लेकर लोगों को जागरूक करने को भी कहा। मौलिक अधिकार एसोशिएसन के तत्वावधान में रविवार को एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अवनीश शुक्ला बताया कि 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा। पर्यावरण दिवस पर अधिक से अधिक पौधरोपण और पर्यावरण को संरक्षण करने के लिये पदाधिकारी सभी को जागरूक करे। इसके साथ ही पर्यावरण बढ़ावा के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाये। जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे। बैठक का संचालन देवेन्द्र मिश्रा ने किया। इस मौके पर गणेश शंकर मिश्रा, विनय तिवारी, मनीष शुक्ला, मनोज त्रिवेदी, दीप कुमार शुक्ला, संतोष सविता, संतोष विश्वकर्मा, राजपाल सिंह, कमल गुप्ता, श्रीमती श्रुति पांडे, प्रतीक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।


सेमिनार में बच्चों को टिप्स देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

### फाइन आर्ट सेमिनार में बच्चों को दिये गए टिप्स

**शुक्लागंज, उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रविवार को करियर ओरियंटेशन इन फाइन आर्ट एवं एआई पर एक सेमीनार का आयोजन कराया गया। इसके साथ ही सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अंबिका स्कूल में आयोजित सेमीनार के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में फाइन आर्ट्स विशेषज्ञ अतीक अहमद ने समारोह में आये स्कूली बच्चे और उनके अभिभावकों को फाइन आर्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक अजय त्रिवेदी एवं प्रधानाचार्या डेफनी लेम्योर ने भी बच्चों को संबोधित किया।


जोड़े के साथ मौजूद परामर्शदाता। अमृत विचार

# पुलिस ने अलग रह रहे 23 जोड़ों को मिलाया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन स्थित परिवार परामर्श केंद्र से 9, महिला थाना से 9, थाना बिहार से 2, थाना औरास, हसनगंज व रिपोर्टिंग पुलिस चौकी महिला थाना बीघापुर से 1-1 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। काउंसिलिंग करने वालों में डा. आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति व सलाहकारों में राजेन्द्र सिंह, डा. मनीष सिंह सेंगर, रामसनेही यादव, अबसार अली, डा. सगीर अहमद, शिवेंद्र सिंह चौहान, संजय चौरसिया, अंकित सिंह, स्वास्तिक, एसओ महिला थाना अर्चना, दरोगा मधु श्रीवास्तव, भागीरथी, महिला सिपाहियों में मिथिलेश कुमारी एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर जोड़ों को बुलाया तथा समझौता करवाया।

# कबड्डी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र बांटे

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में रविवार को जिला कबड्डी एसोशिएशन ने की ओर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों प्रमाण पत्र बांटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सम्पन्न हुई राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को राज्य से निर्गत प्रमाणपत्र सौंपे गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कैप्टन राहुल तिवारी ने प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संघ के कौशल, अंजनी अग्निहोत्री, भूपेन्द्र सिंह, आकाश, नीरज, विद्यालय प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह, शिव सिंह के अलावा कृष्ण प्रताप, विकास मौजूद थे।

# फाल्ट, ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली गुल

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार रात से रविवार को पूरे दिन नगर के कई स्थानों पर हुए फाल्टों के कारण नगर की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई।

नगर के सीताराम कालोनी स्थित तिकुनिया पार्क पर लगा 250 केवीए ट्रांसफार्मर शनिवार दोपहर तीन बजे खराब हो गया था। जिससे सीताराम कॉलोनी, रेलवे कॉलोनी के अलावा आस पास के तीन सौ घरों की बिजली गुल हो गई। देर रात बिजली कर्मी पहुंचे और मरमम्मत कार्य किया। जिसके बाद रात करीब एक बजे दोबारा ओवरलोड होने के कारण फुंक गया। रविवार सुबह तक बिजली न आने पर क्षेत्रीय लोगों ने विभाग को जानकारी दी। जिसके बाद दोपहर करीब दो बजे दोबारा मरम्मत कर चालू कराया गया। इस दौरान करीब चौबीस घंटे तक बिजली गुल रही। बिजली न आने से गर्मी में लोग बिलबिला गये। इसी तरह पोनी रोड तिराहा पर रविवार सुबह 5 बजे एलटी लाइन टूटने से सैकड़ों घरों की बिजली दोपहर 1 बजे तक बंद रही। राजधानी मार्ग सब्जीमंडी टीएसआई के पास लगा 400 केवीए ट्रांसफार्मर दोपहर 2 बजे फुंक गया। रात करीब बारह बजे के बाद क्षेत्र की आपूर्ति बहाल होने की बात विभाग ने कही। इसी तरह शनिवार रात ऋषि नगर मोहल्ले में तीन स्थानों पर एबीसी केबिल जलने से घंटों बिजली गुल रही। भीषण गर्मी में ताबड़तोड़ फाल्टों के कारण बिजली व्यवस्था चरमराई रही।


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

कामयाबी — जारी सूची के मुताबिक 6471 डिवाइस पर 19630 सामग्री का किया गया अध्ययन

# दीक्षा एप : प्रदेश में छठवें स्थान पर रहा उन्नाव

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने दीक्षा एप का उपयोग करने वाले जिलों का मूल्यांकन कराते हुए रैंकिंग जारी की है। जिसमें जिला प्रदेश में छठवीं रैंक पर रहा है। हालांकि, जारी आंकड़े साबित करते हैं कि अभी एप इस्तेमाल करने वालों में शिक्षक भले शामिल हैं। लेकिन, परिषदीय स्कूलों के बच्चे मोबाइल के जरिए अध्ययन नहीं कर पा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि कोविड के दौरान निजी स्कूलों की तर्ज पर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भी बच्चों को आनलाइन होमवर्क उपलब्ध कराया जाता था। शिक्षकों के मुताबिक विभागीय अधिकारियों ने यह व्यवस्था भले ही सुनिश्चित करा रखी थी। लेकिन, ग्रामीण आबादी में एंड्रायड फोन की अनुपलब्धता होने से यह प्रयोग सफल नहीं साबित हो सका था।

DIKSHA
NATIONAL DIGITAL INFRASTRUCTURE FOR TEACHERS

- जिले में मई माह के पहले पखवाड़े में 6471 डिवाइस का हुआ इस्तेमाल

अव्वल तो संबंधित परिवारों में एंड्रायड हैंडसेट नहीं थे और जिन 10-20 परिवारों में उपलब्धता भी थी तो खराब होने के भय से अभिभावक बच्चों को अपना फोन नहीं देते थे। डीजी की ओर से जारी सूची के मुताबिक जिले में मई माह के पहले पखवाड़े में 6471 डिवाइस (मोबाइल, लैपटाप व टैबलेट) पर दीक्षा ऐप का इस्तेमाल हुआ। संबंधित डिवाइसों के माध्यम से 19630 सामग्री को देखा (अध्ययन) किया गया। इन आंकड़ों के आधार पर प्राप्त छठवीं रैंक कहने में तो अच्छी लगती है लेकिन, हकीकत में ऐप का उपयोग अध्यापन कार्य में न होने का संकेत देते हैं। जिले के प्राथमिक विद्यालयों में 4842, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 3881 और विद्यालयों में करीब 458 हेड शिक्षक-शिक्षिकाएं तैनात हैं। इसके अलावा शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को मिलाकर यह संख्या लगभग 18 से 20 हजार तक पहुंच सकती है, जबकि ऐप का इस्तेमाल मात्र करीब 6500 डिवाइस पर हुआ है। विभाग ने परिषदीय विद्यालयों को जहां टैबलेट्स उपलब्ध करा रखे हैं।

### 20 फीसदी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लगी हैं एलईडी

जिले में संचालित करीब 20 फीसदी उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एलईडी स्थापित कराए जा चुके हैं, जिन्हें स्मार्ट फोन से कनेक्ट कर बच्चों को पढ़ाया जा सकता है। इसके बावजूद कहना अतिश्योक्ति न होगी बच्चों को ऐप से पढ़ाने के बजाए शिक्षकों ने स्वयं एप इस्तेमाल करते हुए आनलाइन डाटा में जिले की उपस्थिति दर्ज कराई है। एक शिक्षक ने नाम न प्रकाशित किए जाने की शर्त पर बताया कि ऐप बच्चों को विद्यालय में न रहते हुए अध्ययन करने के लिए सृजित कराया गया है, जबकि ग्रामीण बच्चों की पहुंच से मोबाइल फोन अभी दूर है।

# हाईवे किनारे पड़ा मिला युवक का शव

**उन्नाव।** दही थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे एक 20 वर्षीय युवक का शव पड़ा देख क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहां मौजूद लोगों में किसी ने उसे पहचान लिया। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है। भाई के मुताबिक युवक को टीबी की बीमारी थी।

क्षेत्र के गांव मुर्तजा नगर निवासी नौशाद (20) पुत्र मो. रसूल औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार रात करीब आठ बजे उसका शव हाईवे किनारे पड़ा मिला। जानकारी मिलने पर भाई पहुंचा और उसे पहचान लिया। भाई ने बताया कि नौशाद को टीबी की बीमारी थी। उसे खून की उल्टियां होती थीं। वह नशे का भी लती था। इससे उसे आएदिन दिक्कत बढ़ती रहती थी। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।

# हज यात्रियों को किया रवाना

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** हज बैतुल्लाह के लिए रविवार सुबह नगर से हज यात्रियों का एक जत्था रवाना हुआ। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने हज यात्रियों को फूल माला पहनाकर अमौसी एयरपोर्ट के लिये रवाना किया।

नगर के नानामऊ रोड निवासी समाजसेवी व वरिष्ठ चिकित्सक एहतिशाम अली सिद्दीकी उर्फ निहाल, उनकी पत्नी डा. रानी सिद्दीकी, नगर के मोहल्ला पुरबिया टोला निवासी शिक्षक मुजीब अंसारी, उनकी पत्नी और उनका बेटा हज जाने के लिये रविवार सुबह अपने घर से निजी वाहन द्वारा लखनऊ स्थित हज हाउस व अमौसी एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। इस दौरान डा. निहाल के आवास पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष इजहार खां गुड्डु, आजाद ऊर्फ बदिउद्दीन सिद्दीकी, एहराज खां, विपिन तिवारी, पूर्व सभासद शकील ख़ां, अक़ील खां, शमशाद अहमद, डा. जाकिर अली, सभासद अफाक अहमद, सभासद वीरपाल, पूर्व सभासद अरसद, कमलेश गुप्ता, डा. सुन्दर लाल पाल, डा. जाकिर अली, उमाकांत गुप्ता, अनीस खां पूर्व प्रधान, नसरुद्दीन व नियाज अहमद आदि ने डा. निहाल को फूल माला पहनाकर रवाना किया। इसी तरह नगर के पुरबिया टोला निवासी शिक्षक मुजीब अंसारी, उनकी पत्नी व बेटे को महमूद आलम एडवोकेट, फिरोज अंसारी, ज़मीर खान, अफाक अन्सारी, एकलाख अंसारी, नसीम अहमद, वकील अहमद, शकील अंसारी, अब्दुल हमीद व अब्दुल रशीद आदि ने फूल माला पहनाकर रवाना किया। रविवार शाम सभी हज यात्री अमौसी एयरपोर्ट से मदीना के लिए रवाना होंगे।


हज जाने वालों को माला पहनाकर सम्मानित करते स्थानीय लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### मारपीट की घटनाओं में सात लोगों पर शांतिभंग की हुई कार्रवाई

**नवाबगंज, उन्नाव ।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग गावों में हुई मारपीट की घटनाओं में 7 लोगों को पुलिस ने पकड़कर शांतिभंग में कार्रवाई की। पहल घटना कोरारा गांव में हूई जिसमें विकास ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बैंक से घर लौटते समय गांव निवासी अमरीश, रजनीश व साहिल ने उसे जमकर पीट दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आ गईं। आरोप है कि उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं, दूसरी घटना गांव सरांय इन्दल में हुई। जिसमें मंजूदेवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी निर्माणाधीन दीवार गांव के विनोद, माधुरी, चंद्रशेखर व गोली ने गिरा दी। पुलिस ने दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक अवनीश सिंह ने बताया कि दोनों मामलों की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

### पं. गोपीनाथ का जन्मोत्सव कल मनाया जाएगा

**बांगरमऊ।** नगर के लखनऊ मार्ग स्थित दीक्षित गेस्ट हाउस में जिले के विकास पुरुष अनेक शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक स्व. पंडित गोपीनाथ दीक्षित के 100वें जन्मोत्सव पर पर आगामी 21 मई दिन मंगलवार को जन्म शताब्दी समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें उनकी बेटी व कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आरती बाजपेई ने नगर व क्षेत्र के लोगों से समारोह में शामिल होने की अपील की है।

# शो-पीस बन कर रह गया सीएचसी का आरओ प्लांट

## डिप्टी सीएम के निर्देश के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** सीएचसी नवाबगंज में डिप्टी सीएम के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। यहां महीनों से खराब पड़े आरओ प्लांट को स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन सही नहीं करा पा रहा है। जिससे यहां आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को मजबूरन पीने का पानी बाहर से खरीदकर पीना पड़ रहा है।

जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रदेश सरकार के मुखिया स्वास्थ्य केंद्रों पर हर प्रकार की सुविधा मुहैय्या कराने का दावा कर रहे हैं लेकिन, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मरीज को स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ मिलने वाला पीने का शुद्ध पानी मुहैया कराने वाला आरओ प्लांट महीनों से खराब पड़ा है। जिससे यहां आने वाले मरीज और उनके तीमारदारों को पीने का पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे उन्हें मजबूरन बाहर से पाउच या बोतल खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। पूर्व में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को निरीक्षण के दौरान यहां लगा आरओ प्लांट खराब मिला था। जिस पर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जताते हुए सीएचसी अधीक्षक को इसे तुरंत सही कराने के निर्देश दिए थे। लेकिन, हालात आज भी जस के तस बने हुए हैं। इसे लेकर यहां आने वाले मरीजों ने इसकी शिकायत करने की बात भी कही लेकिन, सीएचसी प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंगी। स्वास्थ्य केंद्र प्रशासन की लापरवाही से यहां आने वाले सैकड़ों मरीजों को शीतल पेयजल नहीं मिल पा रहा है।



खराब पड़ा सीएचसी का आरओ प्लांट। अमृत विचार

- नवाबगंज सीएचसी में तैनात अफसरों की उदासीनता से मरीजों को नहीं मिल रहा पीने का पानी

## सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का लगा आरोप

**उन्नाव।** विधायक आवास जाने वाले इंटरलॉकिंग मार्ग पर क्रासिंग नाली पर डाली गईं घटिया किस्म की पटिया ध्वस्त हो गई है। जिससे नाली में फंसने से स्कूली बच्चे चुटहिल हो रहे हैं। लोगों ने पालिका प्रशासन से वहां नई पटिया डलवाने व संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

बता दें कि पालिका के ठेकेदार द्वारा दो माह पूर्व ही विधायक श्रीकांत कटियार के घर जाने वाले मार्ग में इंटरलॉकिंग व नालियों का निर्माण कराया था। निर्माण कार्य के स्टीमेट में नालियों के ऊपर मजबूत पटिया रखने का भी प्रावधान था। लेकिन, संबंधित ठेकेदार द्वारा पटियों की ढलाई में घटिया व बेमानक सामग्री का प्रयोग किया गया। जिससे एक हफ्ते में ही नाली पर पड़ी पटिया ध्वस्त हो गईं। अब स्थिति इतनी खतरनाक है कि नाली में पैर फंसने से नन्हे-मुन्ने बच्चे घायल हो रहे हैं। नगर के शिवकुमार कटियार, छोटेलाल, उपेंद्र कटियार, रामकुमार, रमेश व शिव सिंह ने पालिका ईओ मोनिका उमराव को शिकायती पत्र देकर टूटी पटियों को हटवाकर नई पटिया डलवाने और ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है।


समर पार्टी में मस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

# विद्यार्थियों ने पूल और समर पार्टी में जमकर मचाया धमाल

संवाददाता बांगरमऊ, उन्नाव

- आरएस पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन
- कृत्रिम स्वीमिंग पूल में बच्चों ने तैराकी की

**अमृत विचार।** नगर के संडीला रोड स्थित आरएस पब्लिक स्कूल द्वारा नर्सरी के बच्चों के लिए पूल पार्टी व वाटर गेम्स का आयोजन किया गया। इसमें कृत्रिम स्वीमिंग पूल में बच्चों ने तैराकी कर धमाल मचाया और जमकर मस्ती की।

स्कूल प्रबंधन द्वारा आयोजित पूल पार्टी में रविवार को नन्हें-मुन्नों ने पानी में जमकर उछलकूद की। इसमें बच्चों ने रंगीन चश्मों व छातों के साथ रेनडांस भी किया। साथ ही स्वीमिंग पूल में टीचर्स के साथ कतारबद्ध होकर विभिन्न प्रकार के खेलों का आनंद लिया। पार्टी में वाटर बॉल्स व वाटर बलून्स आदि खेलों में प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

स्कूल की खेलकूद कमेटी द्वारा वाटर गेम्स में प्रत्यजोत पटेल, शिविका कटियार, शिविका गुप्ता, कबीर खान, फ़िज़ा, आयरा, अनुष्का, आयुषी, कीर्ति, माही गुप्ता, मानवी पटेल, अनुदीप, शाज़बा, काव्या पटेल, इलमा, रूसदा, आरुषि, अमरेंद्र, इलहाम, सौमिल, आयाश, अब्दुल, निम्रा, तूबा खान को विजयी घोषित किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधक रिजवान अहमद ने पूल पार्टी के सफल आयोजन पर रुचि पांडेय, जेबा, शिखा सिंह, नेहा सिंह, रीमा सिंह आदि शिक्षिकाओं की सराहना भी की।

# सड़क हादसे में घायल फल विक्रेता ने तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- दही-पुरवा मार्ग पर लोडर की टक्कर से हुआ था घायल
- हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे ले गए थे घर

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत तुर्कमान नगर गांव निवासी फल विक्रेता लोडर की टक्कर से गंभीर घायल हुआ था। परिजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। उसकी हालत में सुधार न होने पर परिजन उसे घर ले आए थे। रविवार को अचानक उसकी हालत फिर बिगड़ गई। जब तक उसे अस्पताल ले जाया जाता तब तक उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।


शिव कुमार।

ओरहर गांव के मजरा तुर्कमान नगर निवासी शिव कुमार (55) पुत्र स्व. कालीचरण दही तिराहा पर फल का ठेला लगाकर परिवार की जीविका चलाता था। बीती पांच मई की दोपहर वह बड़े बेटे को ठेले पर खड़ा कर घर खाना खाने जा रहा था। तभी दही-पुरवा मार्ग पर गांव के मोड़ के पास ट्रक को ओवरटेक कर रहे लोडर ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी थी। इसमें उछलकर सड़क में गिरने से उसके सिर में गंभीर चोटें आई थीं। परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाए थे। जहां से उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन, परिजनों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। डाक्टर ने 14 मई को उसे डिस्चार्ज कर घर भेज दिया।

तब से घर पर ही उसका इलाज चल रहा था। रविवार को उसकी हालत अधिक बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन, तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पर दही पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। उसकी मौत से पत्नी, बेटे प्रदीप व अजीत सहित तीन विवाहित बेटियां रो-रोकर बेहाल रहीं। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

### अनियंत्रित कार एक्सप्रेस वे के डिवाइडर से टकराई तीन घायल

गंजमुरादाबाद। अलीगढ़ जिला के आगरा रोड स्थित विकास नगर निवासी पटवारी लाल पिप्पल अपनी पत्नी किरन पिप्पल व बेटे रोहित पिप्पल के साथ कार से लखनऊ आया था। वापस अलीगढ़ जाते समय रविवार शाम लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर स्थित गोल्हुआ पुर के सामने तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। इसमें तीनों गंभीर घायल हो गए। यूपीडा की रेस्क्यू टीम में शामिल चिकित्सा कर्मियों ने तीनों का इलाज किया और क्षतिग्रस्त कार को हाइड्रा से किनारे खड़ी करवाकर आवागमन बहाल कराया गया।

# राज मिस्त्री व रिटायर्ड मजदूर ने की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बरवट गांव निवासी राज मिस्त्री व पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी पीडब्ल्यूडी से रिटायर्ड मजदूर के शव फंदे से लटके मिले। संबंधित कोतवाली की पुलिस ने जांच के बाद शवों का पोस्टमार्टम कराया। इसमें उनकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

**केस 01** बरवट गांव निवासी शिवलाल (30) पुत्र रामपाल राज मिस्त्री था। इसी कार्य से वह अपनी जीविका चलाता था। शनिवार को वह काम निपटाकर घर लौटा और कुछ देर रुकने के बाद परिजनों से बिना बताए घर से कहीं चला गया। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने तलाश की तो गांव के बाहर नहर किनारे शर्ट के फंदे से उसका शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। पति की मौत से पत्नी अंजली, मां उर्मिला व परिजन बेहाल रहे। दिवंगत युवक तीन भाईयों में छोटा था। उसके एक तीन साल का बेटा राकी है। गांव के लोगों में पारिवारिक विवाद के कारण उसके द्वारा फांसी लगाने की चर्चा रही। लेकिन कोई खुल कर बोलने को तैयार नहीं हुआ। परिजन भी आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। एसएचओ पीके मिश्र ने बताया कि परिजनों ने आत्महत्या करने की बात कही है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।


पोस्टमार्टम हाउस में बिलखते परिजन। अमृत विचार

**केस 02** पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी पुत्तीलाल (70) पीडब्ल्यूडी विभाग से कई साल पहले मजदूर पद से रिटायर हुए थे। बेटे राजकुमार ने बताया कि उसके पिता घर से थोड़ी दूर पर कोठरी बनाकर अलग रहते थे। उसकी मां की पांच साल पहले मौत हो चुकी है।

रविवार सुबह काफी समय बीतने पर भी जब वे चाय पीने घर नहीं आए तो वह कोठरी में उन्हें देखने गया। जहां पिता का शव उनके गमछे के फंदे से धन्नी के सहारे लटक रहा था। इसकी खबर मिलने पर परिजन बेहाल हो गए और ग्रामीणों की भीड़ भी एकत्र हो गई। पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। पिता की मौत से बेटे राजकुमार, छोट्टन व लल्लन सहित अन्य परिजन बेहाल रहे। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि दो दिन पहले बेटों ने आपसी बंटवारा किया था। अपने जीवित होने पर हुए बंटवारा होने से वह परेशान थे।

# नवाबगंज में रात के समय सक्रिय हो जाते हैं मिट्टी के खनन माफिया

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

- पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी जांच करने की कह रहे बात

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के तेलियानी गांव व कस्बा नवाबगंज में इन दिनों रात के समय जोरों पर खनन किया जा रहा है। रात होते ही डंपरों से मिट्टी ढोने का काम शुरू हो जाता है। इससे रोड भी ध्वस्त हो रही है। जिससे गांव के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि इन दिनों क्षेत्र मे मिट्टी खनन का काम जोरों पर है। शाम होते ही खनन माफिया सक्रिय हो जाते हैं। अजगैन कोतवाली के गांव तेलियानी और कस्बा नवाबगंज में डंपर से मिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। जिन रास्तों से ये डंपर निकलते हैं वहां पर सड़क ध्वस्त हो रही है। जिससे गांव के लोगों का रहना मुश्किल हो रहा है। तेज हवा में मिट्टी उड़ने से बुजुर्गों को सांस लेने की भी परेशानी बढ़ रही है। गांव निवासी कमलेश ने इसकी शिकायत एसडीएम से करते हुए मानक विहीन खनन को बंद कराने की मांग की है। इसे लेकर लेखपाल उमाशंकर ने बताया कि 19 बिसुआ में खनन का आदेश हुआ है। अगर अधिक मिट्टी खोदी जाएगी तो इसकी जांच की जाएगी। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि तेलियानी में खनन की परमीशन है और नवाबगंज में हो रहे खनन की जांच की जायेगी। अगर वहां खनन मिला तो कार्रवाई होगी।

## भाभी पर किया चाकू से हमला

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बनी कंजौरा गांव में पारिवारिक विवाद के चलते देवर ने भाभी पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे महिला घायल हो गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

बनी कंजौरा निवासी राजेश की पत्नी अनीता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 18 मई को उसके पति और देवर मुकेश के बीच पारिवारिक विवाद हो गया था। जिस पर वह बीच बचाव करने पहुंची। इस दौरान देवर ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर देवर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

# लूट कर भाग रहे पांच बदमाश दबोचे

संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव

- खराब खड़े ट्रक की मरम्मत करवा रहे थे ट्रक चालक व क्लीनर
- पकड़े गए पांच बदमाशों को पुलिस को सौंपा, एक की तलाश जारी

**अमृत विचार।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जगदीशपुर मोड़ के पास एक ट्रक का इंजन जाम होने से चालक व क्लीनर मैकेनिक से साथ उसे बनाने का प्रयास कर रहे थे। तभी वहां तीन बाइकों से 6 लोग आये और उन्हें धमकाकर उनसे 26, 600 हजार रुपये व मोबाइल छीनकर भागने लगे। भाग रहे बदमाशों में एक को उन लोगों ने पकड़ लिया और शोर मचा दिया। पकड़े गए बदमाश को छुड़ाने पहुंचे अन्य चार साथियों को मौजूद लोगों ने दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। जबकि एक भागने में कामयाब रहा।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव जगदीशपुर मोड़ के पास गिट्टी लदा ट्रक 16 मई की रात को खराब हो गया था। उसे बनवाने के लिये चालक ने भौली गांव स्थित एक दुकानदार से 25 हजार रुपये लिये थे। चालक के पास 1600 रुपये थे। बीती शुक्रवार देरशाम ट्रक बनवाने के लिये वह मिस्त्री लाया था। शाम से ही ट्रक बन रहा था तभी रात 11 बजे तीन बाइकों से 6 बदमाश वहां आये और चालक महेंद्र पुत्र बलदेव निवासी महोबा थाना खन्ना व क्लीनर रमेश को तंमचा लगा दिया और काम कर रहे मिस्त्री को भी धमकाया। इसके बाद वे चालक से 26,600 रुपये और मोबाइल फोन लेकर जाने लगे तो क्लीनर ने हिम्मत दिखाते हुए एक बाइक को धक्का देकर गिरा दिया और एक बदमाश को पकड़कर शोर मचाया। शोर सुनकर वहां स्थित एक होटल के कर्मचारी दौड़े और तीन बाइकों से आए 5 बदमाशों को पकड़ लिया। जबकि, एक भागने में सफल रहा। सभी को पुलिस को सौंप दिया गया। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि 5 बदमाश पकड़े गए हैं। पूछताछ चल रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। जल्द जांच कर जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

## सार-संक्षेप


सीएचसी परिसर में जलतीं एंबुलेंस। अमृत विचार

### अज्ञात कारणों से लगी आग, तीन एंबुलेंस क्षतिग्रस्त

**बिछिया, उन्नाव ।** सीएचसी परिसर में कंडम खड़ी तीन एंबुलेंस में रविवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई। लपटों ने थोड़ी ही देर में एंबुलेंस को चपेट में ले लिया। एंबुलेंस जलती देख अस्पताल स्टाफ ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक तीन एंबुलेंस पूरी तरह से जल गईं। सीएचसी प्रभारी डा. संजीव कुमार ने बताया कि तीन एंबुलेंस परिसर में काफी दिनों से खड़ी थीं। जिन्हें पूर्व में कंडम घोषित कर दिया गया था। बताया कि उन्होंने सुपरवाइजर से कई बार एम्बुलेंस को परिसर से हटाने के लिए कहा था। बावजूद इसके सुपरवाइजर एम्बुलेंस नहीं ले गए। रविवार दोपहर अज्ञात कारणों से उनमें आग लग गई। जिससे पेड़ की गिरी सूखी पत्तियों के जरिये आग ने तीनों एम्बुलेंस को चपेट में ले लिया। वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक तीनों एम्बुलेंस जलकर राख हो चुकी थीं।


मरीजों का परीक्षण करते डॉक्टर। अमृत विचार

### स्वास्थ्य मेले में 52 मरीजों का डॉक्टरों ने किया परीक्षण

**शुक्लागंज, उन्नाव।** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास से मरीज मेले में पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा प्रभारी डॉ. शिप्रा झा और डा. रश्मि वर्मा ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 52 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस दौरान अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ बाजपेई, अवनीश मिश्रा समेत अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

**खेती-किसानी** | भीषण गर्मी में मौसमी फलों के साथ बढ़ी तरबूज की बिक्री, कई गंभीर रोगों को दूर भगाता है तरबूज

# किसानों को मालामाल कर रहा 'माधुरी' व 'काला पेड़ा'

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

**अमृत विचार।** गर्मी की दस्तक के साथ ही मौसमी फलों का बाजार में आना शुरू हो गया है। क्षेत्र की सीमाएं कटरी इलाकों की होने के चलते इस समय कस्बे में जगह-जगह तरबूज की रेहड़ी व स्टाल लगने लगे हैं। रोज सुबह शंकरी देवी मंदिर के पास लगने वाली आढ़त पर सुबह ही दर्जनों टैक्टर-ट्राली, डीसीएम, पिकअप में बड़ी मात्र में तरबूज नजर आ रहा है।

तरबूज का नाम जहन में आते ही लोगों को भीषण गर्मी में भी ताजगी दिलाने वाले विशेष फल की याद आ जाती है। गर्मी के इस खास फल ने बाजार में दस्तक दे दी है। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिये लोग इसकी जमकर खरीददारी कर रहे हैं। मांग अधिक होने से किसानों को अच्छे दाम भी मिल रहे हैं। बीते कई दिनों से भीषण गर्मी व लू से जनजीवन बेहाल है। सुबह 11 बजते ही लोग घरों में दुबक जाते हैं। यह स्थिति शाम 4 बजे तक रहती है। प्यास बुझाने के लिए लोगों को शीतल पेय पदार्थों का सहारा लेना पड़ रहा है। तरबूज की बाजार में बिक्री शुरू होने से लोग इसे खूब खरीद भी रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी रेहड़ी वाले बड़ी संख्या में तरबूज लेकर आने लगे है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे ही कस्बे व सड़क किनारे भी तरबूज के ढेर लगे दिखने लगे हैं। मंडी में तरबूज औसतन 50 से 120 रुपये प्रति फल के हिसाब से बिक रहा है। वहीं किलो के हिसाब से रेहड़ी व स्टालों पर यह 25 से 30 रुपये प्रतिकिलो बेचा जा रहा है। गंगा कटरी में तैयार तरबूज ही बाजार में आया है। मांग अधिक होने से इसके अच्छे दाम भी मिल रहे हैं। करीब 2-3 किलो के तरबूज की कीमत 40 से 60 रुपये है। इसकी आवक और बढ़ने से तरबूज के रेट गिरने की संभावना है।

तरबूज का व्यापार करने वाले राजेंद्र कहते हैं कि अभी बारिश न होने से तरबूज लाल व मीठा निकल रहा है। जिससे खरीददार फल के अनुसार पैसे दें देते हैं। इस समय माधुरी और काला पेड़ा नामक तरबूज बाजार में अधिक नजर आ रहा है।


बाजार में रखा माधुरी तरबूज। अमृत विचार


दुकान पर रखा काला पेड़ा तरबूज। अमृत विचार

### तरबूज खाते समय रखें ध्यान

- तरबूज यूं तो बेहद फायदेमंद है लेकिन, इसके सेवन के दौरान यह भी ध्यान रखें कि इसे खाने के बाद आधे घंटे तक पानी न पिएं। इसे ठंडा करके ही खाएं और खाने के बाद धूप में जाने से बचें। एक साथ अधिक मात्रा में तरबूज खाने से पेट में अपच या कालरा की शिकायत भी हो सकती है।

### स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है तरबूज

- जानकार बताते हैं कि तरबूज गर्मियों में रामबाण होता है। इसे खाने से शरीर हाइड्रेट रहने के साथ अन्य कई अन्य लाभ भी मिलते हैं। तरबूज वजन घटाने में भी सहायक होता है इसमें कैलोरी कम होने के साथ फाइबर काफी अधिक होती है। इसमें पानी अधिक होने के साथ साइट्रालाइन नामक अमीनो एसिड भरपूर होता है। जो शरीर में रक्त संचार बढ़ाने में मदद करता है। तरबूज़ का जूस शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बनने से रोकता है। यह दिल के दौरे के जोखिम को कम कर सकता है। इसके सेवन से इम्यूनिटी मजबूत होती है।

## घर में बेहोश मिले वृद्ध की हुई मौत

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर स्थित अपनी ननिहाल में 40 साल से रह रहे 60 वर्षीय सुखदीन रविवार सुबह साइकिल से अपने पैतृक गांव क्षेत्र के लालाखेड़ा गांव गया था। जहां दोपहर को उससे मिलने छोटा भाई रामऔतार घर पहुंचा तो सुखदीन वहां बेहोश पड़ा मिला। रामऔतार परिजनों को सूचना देने के बाद एंबुलेंस से सुखदीन को लेकर सीएचसी पहुंचा। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी पहुंचे परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उसकी मौत से पत्नी रम्मन देवी, बेटे भैरव प्रसाद, रोशन, भगौती, आशीष व बेटी कविता रो-रोकर बेहाल रहीं। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजन ने पोस्टमार्टम कराने की तहरीर दी है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सन्तोषस्त्रिषु कर्तव्य : स्वदारे भोजने धने।
त्रिषु चैव न कर्तव्योऽध्ययने जपदानयो : ॥

व्यक्ति को अपनी ही पत्नी से संतोष कर लेना चाहिए, चाहे वह रूपवती हो अथवा साधारण, वह सुशिक्षित हो अथवा निरक्षर-उसकी पत्नी है यही बड़ी बात है।

## संपादकीय

# वृद्धि की राह पर भारत

भू-राजनीतिक स्थितियों की वजह से उथल-पुथल के दौर में भारत ने स्वयं को जिस तरह हालात के अनुसार ढाला, उससे स्पष्ट हो गया कि भविष्य में वैश्विक बाजार को आकार देने में भारत मुख्य भूमिका निभाएगा। वास्तव में भारत दशक की सबसे बड़ी वृद्धि की राह पर है। चीन, जापान और यूरोपीय देशों में बढ़ती उम्र वाली आबादी के विपरीत भारत की आबादी बढ़ रही है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या और तीव्र आर्थिक विकास की वजह से भारत में ऊर्जा की मांग बहुत ज्यादा है। दीर्घावधि में 1-2 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचने से पहले प्राथमिक ऊर्जा मांग अगले 10 वर्षों में सालाना 3-4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। अहम सवाल यह है कि क्या भारत इस अवसर का लाभ उठा सकता है और किस हद तक? भारत ने काफी सावधानी से क्षेत्रीय जटिलताओं, चीन के साथ अपने संबंधों और इंडो-पैसेफिक क्षेत्र की रणनीतियों के मद्देनजर अपनी स्वायत्त नीति को बरकरार रखा। इसमें कोई शक नहीं कि भारत का ऊर्जा व्यापार क्षेत्र रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से बड़े स्तर पर प्रभावित हुआ है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है, खासकर तेल और गैस के मामले में।

ऊर्जा असुरक्षा बहुआयामी है, इसलिए जीवाश्म ईंधन से चलने वाली ऊर्जा प्रणाली से सौर, पवन, बायोमास, हाइड्रोजन आदि जैसी नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में संक्रमण से जुड़ा एक सर्वव्यापी समाधान समय की मांग है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रणाली न केवल ऊर्जा प्रणालियों की सामर्थ्य, सुरक्षा का वादा करती है, बल्कि वे टिकाऊ भी हैं। अधिक लचीली, समावेशी और स्वच्छ ऊर्जा प्रणाली बनाने में नवीकरणीय ऊर्जा एक निर्विवाद भूमिका निभाती है। भारत ने हाल के वर्षों में अपनी ऊर्जा आपूर्ति में विविधता ला दी है। यह वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और गैस आधारित अर्थव्यवस्था, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से अपने ऊर्जा परिवर्तन को पूरा कर रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति सरकार की बिना शर्त प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप, नवीन नीतियों और प्रोत्साहनों के साथ भारत ने धीरे-धीरे ऊर्जा के अधिक नवीकरणीय स्रोतों (सौर, बायोगैस, आदि) सहित हरित ऊर्जा परिदृश्य के लिए मंच तैयार किया है। भारत अभी भी अपनी 80 प्रतिशत से अधिक ऊर्जा जरूरतों को मुख्य रूप से तीन ईंधनों: कोयला, तेल और बायोमास से पूरा करता है। रूस-यूक्रेन संघर्ष की छाया वैश्विक ऊर्जा बाजार में स्पष्ट रूप से दिख रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भारत के व्यापक आर्थिक परिदृश्य और ऊर्जा क्षेत्र पर काफी प्रभाव डाला है। इसलिए भारत को अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है।

# विद्रोह और आतंकवाद में वैचारिकी का फर्क



रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

> भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे, लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलत: एक कौम नहीं है, बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं, लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं।

भगत सिंह के पैटर्न पर वैसा ही कारनामा कोई आज अगर करे तो? जैसे कि सांडर्स को गोली मार देना और पार्लियामेंट हाउस में सिर्फ धमाका पैदा करने और धुंआ फैलाने वाला बम फेंकना। क्या ऐसा करना 'देशभक्ति' होगी या आतंकी कार्रवाई? अभी कुछ दिन पहले भारतीय संसद में ऐसा हो ही गया था। इससे पहले 13 दिसंबर सन् 2001 को संसद भवन पर आतंकियों के हमले से यह घटना अलग उद्देश्य और तरीके वाली थी। सन् 2018 के जून महीना से लेकर अक्टूबर 2023 के बीच देश में कुल 119 आतंकी घटनाएं हुई हैं। इन सबका मकसद अलग रहा। इनमें जनजातीय हिंसक घटनाएं भी शामिल हैं। विभिन्न प्रकार के जनांदोलनों को भी कमतर समझ के लोग आजकल 'आतंकी' कार्रवाई मानते हैं।

भारत में ब्रिटिश राज के समय में भारत पर ब्रिटिश शासन के विरोध में सन् 1910 के बाद से भारतीय उग्रवादी समूहों ने कई हमले किए थे, लेकिन मकसद अलग था। ब्रिटिश लोग मूलतः एक कौम नहीं है, बल्कि अनेक एथनिक कम्युनिटीज की संकर नस्लों से बनी हुई एक केटेगरी मात्र हैं, लेकिन अब वे एक 'नेशनलिटी' हैं। पिछले तीन सौ सालों से ब्रिटिश ताज पर जर्मनी के हैनोवर वंश के लोगों का अधिकार है। स्कॉटलैंड बहुत बाद में इंग्लैंड के साथ मिला और बाद में आयरलैंड के उत्तरी हिस्से को भी जीतकर मिला लिया गया। अब यह यूनियन ऑफ इंग्लैंड, स्कॉटलैंड और आयरलैंड अर्थात् यूनाइटेड किंगडम कहा जाता है। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के राष्ट्रीय ध्वज को मिलाकर ही यूनियन जैक बना। 12 अप्रैल 1606 को इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच इस शाही संघ का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक नया झंडा एक शाही डिक्री में निर्दिष्ट किया गया था जिसके अनुसार इंग्लैंड का झंडा, एक सफेद पृष्ठभूमि पर एक लाल क्रॉस, जिसे सेंट जॉर्ज क्रॉस के रूप में जाना जाता है और झंडा स्कॉटलैंड, नीले रंग की पृष्ठभूमि पर एक सफेद साल्टायर (एक्स-आकार का क्रॉस या सेंट एंड्रयूज क्रॉस), इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के ध्वज में शामिल हो था। इंग्लैंड के या यूरोप के इतिहास में सामंतशाही का युग बहुत ही क्रूरतापूर्ण रहा है। ग्रेट ब्रिटेन में विक्टोरियन एरा ही उन्नति का युग रहा जब अनेक क्षेत्रों में तरक्की होने के कारण ब्रिटिश लोग अपने टापुओं को छोड़कर साहसी नौवहन की परंपराओं से जुटाई गई जानकारी और संसाधनों के बल पर दुनिया के बहुत से इलाकों पर काबिज हो गए और एक एंपायर खड़ी कर लिया। क्रूरता और टेक्नोलॉजी खासतौर से फायरआर्म्स के बिना यह कैसे संभव था? अंग्रेजों ने भारत में संगठित और अनुशासित ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना के जरिए भारत की उन अनेक रियासतों को युद्ध में झोंककर और इन्हें जीतकर 'ब्रिटिश इंडिया' क्रिएट किया। इन्हें 'विजित प्रदेश' कहा गया और बहुत से इलाकों को 'सरंडर्ड टेरिटरी' कहा गया। भारत में इन्हीं तत्वों ने अंग्रेजों को हम पर बढ़त दी। पहले से कमजोर और डगमगाए हुए मुगल शासन को अंग्रेजों ने एक ही वार में ध्वस्त कर दिया, लेकिन यह आतंकी कार्रवाई नहीं कही गई। यह चकित करने वाली बात हमें इतिहासकार बताते हैं। एक अंग्रेज़ ने ही ऐसी किताब लिखी है जिसमें अंग्रेजों द्वारा भारत में मिलिट्री या पुलिस का इस्तेमाल करके जुल्म करने की पूरा विवरण एक समयक्रम से दर्ज है।

> म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई, लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

टुकड़ों में बंटे हुए भारत का अंग्रेजों ने री-यूनिफिकेशन किया। गलत और सही का सवाल उठाए बिना तथ्यों के आधार पर इतिहास को देखना चाहिए और ऐसा सोचने से कि 'वह नहीं होता तो यह होता', कोई लाभ नहीं। 'हिस्ट्री इज नॉट ए सिमुलेशन ऑफ सिचुएशंस'। ऐसे में अगर ब्रिटिश एडमिनिस्ट्रेशन ने भगत सिंह को एक टेररिस्ट कहा तो उस समय की सोच और सिर्फ ब्रिटिश हित या 'इंडियन एंपायर' को ध्यान में रख कर कहा और आज के जमाने में माओवादियों, नक्सलियों, खालिस्तानियों और कश्मीर में सक्रिय आतंकी गुटों को आतंकी कहना इसलिए उचित है कि वे भारत में अमन चैन को ही अस्त-व्यस्त नहीं करते, बल्कि भारत की अखंडता पर आघात करते हैं। भावना किसकी उचित है, किसकी नहीं यह शासनकर्ताओं के मिजाज पर नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से एक संप्रभु रहने वाली और राष्ट्रीयता के नाम पर एकजुट कौमों की सर्वोपरि इच्छा पर निर्भर है। अंग्रेजी राज के दौर में भी भारत सांस्कृतिक और प्रशासनिक दृष्टि से मोटे तौर पर एक 'संप्रभु' राष्ट्र रहा, लेकिन राजनैतिक संप्रभुता या प्रभुसत्ता किसी और अर्थात् सम्राज्यवादी अंग्रेजों के पास थी। इन अंग्रेजों में से 95 प्रतिशत से अधिक स्कॉटलैंड के थे या फिर एंग्लो-इंडियंस। इतिहास के किन्हीं पन्नों में दर्ज है कि भारत में अंग्रेजी हकूमत स्कॉट्स के बिना असंभव थी और इसे डाटकर रखना और भी मुश्किल। राजनैतिक प्रभुसत्ता की इच्छा और ताकत को साम्राज्य की कॉलोनी में अगर कोई चैलेंज करता है तो उसे निश्चित रूप से टेररिस्ट या आतंकी ही कहा जाएगा, ऐसा साम्राज्यवादियों के शब्दकोष में दर्ज होता है। संप्रभुता का हनन करने वाले के विरुद्ध अगर हिंसा का इस्तेमाल करते हुए जो भी मारा जाता है, उसे 'मार्टेयर' या देश पर प्राण न्योछावर करने की स्थिति में वीरगति होना या शहीद होना कहा जाता है। इसलिए इस बिंदु पर गौर करने के लिए हमें हिस्ट्री ऑफ टेररिज्म को देखना चाहिए। यह भी कि टेररिज्म और 'आर्म्ड रेजिस्टेंस फॉर फ्रीडम' के परिदृश्य में 'रेवलुशन' के नियम और आदर्श कैसे फिट बैठते हैं।

माओवादी और खालिस्तानी हों या श्रीलंका में लिट्टे तमिलियंस और कश्मीर के जिहादी इन्हें किसी भी माने में नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा खड़ी की गई आजाद हिंद फौज की स्थापना और मकसद की 'आइडियोलॉजी' से नहीं मापा जा सकता। मूल्यांकन का पैमाना ही मौलिक अंतर पैदा करता है, लेकिन सबसे अहम होती है संगठन की ताकत। स्टेट या राज्य के संगठन की ताकत अगर अधिक है या बड़ी है तो वह विरोधी को कुचल देती है। बेशक सुभाष चंद्र बोस की या लिट्टे के प्रमुख प्रभाकरन की 'आइडियोलॉजी' कितना भी सही क्यों न रही हों। अर्थात् गलत आइडियोलॉजी के साथ अगर ब्रिटिश लोग भारत पर अधिपत्य जमा कर बैठे रहे तो उन्हें किसी भी उपाय से देश से निष्काषित करना आइडियोलॉजी के अनुसार उचित है, यह बीसवीं सदी के दूसरे और तीसरे दशक के भारत के परिदृश्य में देखना होगा। यह या ऐसी आइडियोलॉजी किसी और रूप में भी सक्रिय होती है और हुई है। जैसे मोहनदास करमचंद गांधी का उदय और इनका क्रमशः विकास या पॉलिटिकल एव्ल्युशन जिसकी नींव अहिंसा और रचनात्मक विरोध न विद्रोह पर आधारित रही थी। गांधी जी कभी पॉलिटिकल व्यक्तित्व थे ही नहीं। वे हमेशा सोशियो पॉलिटिकल रहे और ब्रिटिश हकूमत को यह अहसास दिलाकर कि भारत पर उनका कब्जा खुद उनकी अपनी नैतिकता और ब्रिटिश लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर, उनके अपने पॉलिटिकल थिंकर्स की थ्योरीज और आइडियोलॉजीज के मुताबिक गलत और अनैतिक है, स्वाधीनता की ओर ले गए थे।

अराजकता (एनार्की), सशस्त्र विद्रोह या काउंटर टेररिज्म दुनिया के लिए नई बात नहीं है। आतंकवाद के इतिहास पर इसकी उत्पत्ति और क्रमशः विकास के बारे में हमारे पास सैंकड़ों की संख्या में आज पुस्तकें हैं। वैश्विक मानव थ्योरीज हमेशा से ही स्वतंत्रता को सर्वोपरि मानती रही है चाहे कबीलाई युग रहा हो, वर्तमान की लोकतांत्रिक या निरंकुश सरकारें या नाजायज सरकारों को चैलेंज करने वाली विद्रोही सेनाएं जो अनेक मुल्कों में, खासतौर से अफ्रीकी देशों सक्रिय हैं।

क्या पॉलिटिकल थ्योरिस्ट्स विद्रोह को क्रांति या क्रांति को बाद में विद्रोह कह सकते हैं? उदाहरण के लिए सन् 1857 में हिन्दुस्तान में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के लंबे समय से चले आ रहे अत्याचार पूर्ण रवैये, घोर अन्याय और शोषण के विरुद्ध ही तंग आकर भारतीयों ने सशस्त्र विद्रोह किया जिसे अंग्रेजों ने 'सीपाय म्युटिनी' कहा। भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम कहा गया । म्युटिनी से होते हुए आजादी के लिए पहली जंग तक पहुंचने की दास्तानों का बड़ा दस्तावेजीकरण हुआ है। रूस और फ्रांस की 'क्रांतियों' को भी विद्रोह की संख्या दी गई, लेकिन राजद्रोह तो किसी ने नहीं कहा।

भारत को स्वाधीन करने के लिए आतंकी उपायों का समर्थन गांधी जैसे युगपुरुष ने कभी नहीं किया, लेकिन आइडियोलॉजी के अंतर्गत भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को आम मुआफी (जनरल रेप्रीव) के लिए क्यों विचाराधीन न रखा गया, यह एक रहस्य ही बना रहेगा।

## प्रसंगवश

# राम मंदिर पर बुलडोजर

चुनाव प्रचार चरम पर है। इसके साथ-साथ प्रचार का स्तर भी उत्तरोत्तर घटिया होता जा रहा है। ऐसे में बड़े नेता को पुष्ट आधार वाली ही बातें कहनी चाहिए न कि निराधार, उत्तेजना फैलानी वाली कटूक्तियां। बाराबंकी, फतेहपुर, हमीरपुर आदि की जनसभाओं में कहा गया है कांग्रेस अयोध्या के निर्मित हो रहे राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देगी। सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस ने ऐसा अपने घोषणा पत्र में कहा है? यदि नहीं तो ऐसा आधारहीन भाषण देकर सनसनी क्यों फैलाई जा रही है? बुलडोजरों से निर्माणों के ध्वस्तीकरण की परंपरा तो भाजपा ने डाली है और वाराणसी में विकास और नव निर्माण के नाम पर तमाम मंदिर गिराए भी गए हैं। जिस अयोध्या मंदिर का पूरा श्रेय लिया जा रहा है। वहां बाबरी मस्जिद के रहते रामलला का श्री विग्रह तो 23 दिसंबर, 1949 में ही प्रतिष्ठित कर दिया गया था, जब प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू थे। यह आधार न पड़ गया होता, तो बाद की कार्रवाईयां, मुकदमें बाजी, मस्जिद ध्वस्तीकरण आदि होता कैसे? गुजरात के सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार सरदार पटेल के प्रयासों से ही हुआ और ज्योतिर्लिंग स्थापना 11 मई, 1951 को डॉ. राजेन्द्रप्रसाद ने की थी। ये लोग कांग्रेसी ही थे। पुस्तक "फ्रीडम ऐट मिड नाइट" में उल्लेख है कि आजादी की रात राजेंद्र बाबू के दिल्ली आवास पर हवन हो रहा था। इस पुस्तक के लेखक अंग्रेज थे, कांग्रेसी नहीं। जवाहरलाल नेहरू ने अपनी वसीयत में लिखा था कि मरणोपरांत उनके शरीर की भस्म का एक भाग वायुयान से भारत की भूमि पर और शेष संगम (इलाहाबाद) में विसर्जित कर दिया जाए। उनकी पुस्तक "डिस्कवरी ऑफ इंडिया" में वेदों, उपनिषदों के विपुल संदर्भ आए हैं, जो वैदिक वाङ्मय के उनके गहरे अध्ययन के द्योतक हैं। ऐसे में स्पष्ट किया जाना चाहिए कि कांग्रेस शासनकाल में कितने मंदिर तोड़े गए और वर्तमान आशंका कि राम मंदिर पर कांग्रेस बुलडोजर चलवा देगी, का पुष्ट और विश्वसनीय आधार क्या है?



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# हीट वेव जोखिम न्यूनीकरण के उपाय



डॉ. नन्द किशोर साह
इटावा

> सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें, जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था, घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए।

जलवायु परिवर्तन एवं तापमान वृद्धि के कारण विश्व में गर्मी बढ़ रही है। भारत में भी एक गंभीर मौसमी घटनाओं के रूप में उभरी है। लू को प्राकृतिक आपदाओं में साइलेंट किलर के रूप में भी जाना जाता है। लू से बुजुर्ग, बच्चे गर्भवती महिलाएं बीमार, मजदूर, झोपड़-पट्टी में रहने वाले और आश्रय विहीन अधिक प्रभावित होते हैं। असंगठित और अनौपचारिक क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों को जोखिम उठाना पड़ता है।

गर्मी के बढ़ते मौसम में हीट वेव की स्थिति, शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। अगर प्रभावित व्यक्ति को तत्काल उचित उपचार न मिले तो व्यक्ति की स्थिति गंभीर हो जाती है। गर्मी सहन करने की एक सीमा होती है। तापमान में कोई भी अत्यधिक परिवर्तन उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। ऐसे में हीट वेव से बचाव एवं न्यूनीकरण के संबंध में तैयारियां एवं जानकारी आवश्यक है।

इस संबंध में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कानपुर में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया था। इसमें कानपुर मंडल की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया था। इटावा जनपद की ओर से मुझे भी प्रतिभाग करने का अवसर मिला था। उस कार्यशाला की प्रासंगिकता आज महसूस हो रही है। हीट वेव के प्रभावों को कम करने के लिए व्यक्ति को प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहना चाहिए। तेज धूप होने पर बाहर न निकलें बचें। हीट वेव के दौरान बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए। यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा है तो इसका मतलब है कि वह पानी की कमी का शिकार हैं, उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं। किसी भी स्थिति में बच्चों या जानवर को बिना देखरेख के धूप में खड़ी वाहन में छोड़कर न जाएं, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते हैं।

दोपहर के समय बीच बाहर सीधा धूप में बाहर जाने और कठोर परिश्रम वाली गतिविधियों से बचें। धूप में नंगे पांव न रहें। दिन में जब तापमान अधिक होता है, उस दौरान खाना पकाने से बचें। खाना पकाने के लिए हवादार, खुले दरवाजे और खिड़कियों वाले स्थान चुनें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड पेय से बचे, जो शरीर को निर्जलित करता है। उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें जितना हो सके घर के अंदर रहे।

यदि आप बेहोशी या कमजोरी महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं, जहां तक संभव हो, तेज गर्मी के दौरान मवेशी को घर के भीतर रखें। जानवरों को किसी बंद आश्रय में न रखें। ध्यान रखें कि आपके जानवर पूरी तरह साफ हों, उन्हें ताजा पीने का पानी दें। हीट वेव से बचाव के लिए सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित हो। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां छाया है, जहां पर लोगों का ठहराव होता हो, का चिन्हांकन कर जगह-जगह पर पीने के पानी के लिए प्याऊ की व्यवस्था की जाए। पानी के खराब हैंडपंप की मरम्मत कर ली जाए। समूह की बैठक कर लोगों को हीट वेव के बारे में बताया जाए। साथ ही साथ उसके बचाव के संबंध में जानकारी दी जाए।

सभी विद्यालयों में पेयजल एवं पंखों की व्यवस्था सुनिश्चित हो। बच्चों को हीट वेव से बचने की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाए। अग्निशमन हर समय एक्शन मोड में रहें, जहां भी आगजनी की समस्या सुनने को मिले तत्काल कार्यवाही करें। जर्जर, टूटे हुए बिजली के खंभों को सही कर लिया जाए। सभी गौशालाओं में गायों के लिए पानी, छाया और हरा चारा व भूसे की पर्याप्त व्यवस्था, घायल व बीमार गौवशों के उपचार की समुचित व्यवस्था कर ली जाए। स्थानीय मौसम की जानकारी के लिए जागरूक रहें। ग्रामीण क्षेत्रों में लू से बचने व बचाने के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार का प्रबंध हों। इससे हम लू से बचाव और जोखिम को कम कर सकते हैं।

## सोशल फोरम

# साहित्य बोध में परिवर्तन

सत्तर के दशक में बड़े-बड़े रचनाकारों की पलटन थी। उनमें से अच्छे-बुरे लेखक का भेद करना हम लोग अध्ययन और अनुभव से सीख रहे थे। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसे बड़े लेखक हैं नहीं और युवाओं में दूसरों की रचना पढ़ने का धैर्य कम हो रहा है। भले महत्वपूर्ण वरिष्ठ लेखक ही क्यों न हों, युवाओं की अभिरुचि अपनी पकी-अधपकी रचना पढ़वाने में ज्यादा है। सत्तर के दशक में हम एक-दूसरे के साथ संवाद और बहस करते हुए अपना विकास करते थे, उत्तर भूमंडलीय दौर में नए से नए रचनाकार को केवल अपनी प्रशंसा स्वीकार है, कमी निकाली नहीं कि गए काम से।

सत्तर के दशक में लघु पत्रिकाओं में छपना मान्यता और प्रसिद्धि के लिए मूल्यवान होता था, इसलिए बड़ी पत्रिका में छपने वाले लेखक मुड़कर लघु पत्रिकाओं की ओर आए। उत्तर भूमंडलीय दौर में वैसी आंदोलन परक लघु पत्रिकाएं रही नहीं, रचनाकारों को उनकी जरूरत भी नहीं है, सोशल मीडिया हर मंच का विकल्प और स्थानापन्न है। सत्तर के दशक में विचारधारा का महत्व बहुत अधिक था। उत्तर भूमंडलीय दौर में अस्मिता ने उसका स्थान ले लिया है। विचारधारा का मोल था तो रचनाओं का मूल्यांकन भी होता था, अस्मिता का समय है तो मूल्यांकन के बदले अनुमोदन और भर्त्सना रह गई है। मूल्यांकन के लिए रचना की विषय वस्तु और कलात्मक प्रयोग, रचना का सामाजिक संदर्भ और मनोवैज्ञानिक प्रभाव, परंपरा से संबंध और नवीनता में योगदान आदि अनेक पक्षों पर ध्यान देना आवश्यक था। मैं यह नहीं मानता कि पहले सब अच्छा था, अब पतित है। इसे ऐतिहासिक दृष्टि से परिवर्तन कहना उचित है। जैसे वाल्मीकि की ऊंचाई पर कोई दूसरा नहीं पहुंचा वैसे भवभूति की उदात्तता तक और कालिदास के सौंदर्य बोध तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा। अस्मिता वादियों के गाली देने पर भी तुलसीदास के काव्यात्मक धरातल तक कोई दूसरा नहीं पहुंचा, निराला के करुणा-सौंदर्य-औदात्य तक दूसरा नहीं पहुंच पाया। फिर भी वाल्मीकि से निराला तक साहित्य का विकास होता आया है। यह क्रम आगे भी चलेगा, लेकिन तभी जब हम उत्तेजना से नहीं, विवेक से परिचालित होकर प्रयत्न करेंगे।



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

-फेसबुक वॉल से

# डिजिटल यूटोपिया में सकारात्मक रिश्ते हुए दुर्लभ

सोशल मीडिया के माध्यम से आज हमारे पास एक बहुत बड़ी दुनिया है, जो कमरे में बैठकर सोशल होना सिखाती है। इस बड़ी सी दुनिया से हमारी छोटी सी दुनिया की अक्सर झपट हो जाती है। बड़ी दुनिया के बड़े तौर तरीके छोटी वाली दुनिया झेल नहीं पाती। बड़ी दुनिया छोटी सी स्क्रीन पर बड़ी-बड़ी लफ्फाजियां दिखाती है। कमरे में बैठा छोटा सा आदमी फंस जाता है और छोटी सी स्क्रीन के सहारे वह बड़ी वाली दुनिया का हिस्सा बनने का मुगालता पाल लेता है और इसमें तो खुली आंखों से जादू किया जाता है। देखते ही देखते सामने वाला आदमी फोन की स्क्रीन में डूब जाता है और बगल में बैठे सोसायटी के दूसरे सज्जन तक उसकी गुमशुदगी की आहट नहीं पहुंचती। इस प्रकार इक्कीसवीं सदी में हर व्यक्ति आभासिक सामाजिक जीवन आभासिक खुशी से व्यतीत कर रहा है।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

आभासिक सत्य और खुशियों की दुनिया कितनी सत्य एवं कितनी खुश है। ये दुनिया है स्टेटस पर लगे जबरदस्ती हंसते-चेहरों की दुनिया, फेसबुक पेज पर इठलाते घुम्मकड़ों की दुनिया, इंस्टा पर मचलते युवाओं की दुनिया। इन सबको देखो और थोड़ी बहुत टीवी पर आदर्शवादी खबर चैनल सुन लो तो लगता है रामराज्य आ ही गया। पर क्या आ ही गया? इस खुशनुमा आभास को तकनीकी और नई भाषा में मैं "डिजिटल यूटोपिया" कहूंगी और इस डिजिटल यूटोपिया के सामने रखूंगी" डिजिटल डिस्टोपिया", जो इस तथाकथित खुशनुमा दुनिया के विपरीत है। डिजिटल यूटोपिया (डिजिटल रामराज्य) वास्तविक जीवन में डिस्टोपिया (रामराज्य की उलट व्यवस्था) का निर्माण कर रहा है। डिजिटल जीवन मूल जीवन का सारा डाटा खत्म किया जा रहा है। इस जीवन की जीबी सोशल अकाउंट्स की लाइफ पर खर्च हो जा रही है और जीवन का डिवाइस सूना सूना, बिना नोटिफिकेशन का रह जाता है।

इतना इंस्टा-फेसबुक ये और वो के बाद भी सामाजिक जीवन के लाभ नहीं मिल पा रहे। सामाजिक जीवन के लाभ थे तनाव मुक्ति, एकाकीपन और मन से निवृति पाना, दूसरे को समझना, मन की तरंगों की अनुभूति करना, किसी अन्य को अपनी तरंग ऊर्जा से परिपूरित करना। ये सब संभव है जब सचमुच की दुनिया में सामाजिकता निभाई जाए और सचमुच के सामाजिक व्यक्ति पर ढोंग की सामाजिकता का वक्त भी नहीं होगा। आभासी दुनिया डिजिटल प्रणाली की सामाजिकता निभाने में सबसे ज्यादा तनावग्रस्त एवं एकाकी लोग मिल रहे हैं।

इस डिजिटल दुनिया में ताबड़तोड़ मारधाड़ के गेम्स और पत्थर प्रधान एवेनजर्स जैसी फिल्में हैं, जो जीवन के मानक तय कर रही है। कुल मिलाकर कहूं तो नकारात्मक सामाजिकता का प्रसार हो रहा है। सकारात्मक रिश्ते बड़े दुर्लभ हुए जा रहे हैं।



अबूझमाड़ का जनजातीय समाज जो मेलजोल की पारंपरिक संस्कृति का वाहक है। हाथों में हाथ डालकर नृत्य करना इनकी संस्कृति है, वे भी नृत्य करते समय मेल प्रेम का हाथ नहीं, बल्कि मोबाइल पकड़े हुए हैं।

# लोकसभा चुनाव में संविधान की गूंज



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> विपक्ष की बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले ही विपक्ष ने संविधान को मुख्य मुद्दा बना दिया था। जैसे-जैसे तिथियां नजदीक आती गईं, बल्कि चुनावी प्रक्रिया शुरू होती गई उतनी ही तेजी से संविधान की गूंज तेजी से बढ़ती गई और निरंतर जारी है। सत्ताधीशों द्वारा प्रचंड रूप से सत्ता के हिंदुत्व के एजेंडे के सामने और कोई बात इतनी असरकारी हो नहीं सकती थी, क्योंकि जो हिदुत्व का दर्शन भाजपा का है उसमें सबसे अधिक संविधान के लाभकारी लोग ही हैं जिसमें पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग सरकारी नौकरी व शिक्षा के प्रावधान से लाभान्वित लोग हैं।

संविधान खत्म करने की बात भाजपा के इस नारे से चली अबकी बार चार सौ पार यह अति उत्साही नारा था। एक बार तो भाजपा के कार्यकर्ताओं व समर्थकों में ऊर्जा का संचार हुआ। कांग्रेस के राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, बिहार से तेजस्वी यादव, महाराष्ट्र से उद्धव ठाकरे, बंगाल से ममता बनर्जी झारखंड से कल्पना सोरेन जो कि निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं, आप पार्टी के संजय सिंह और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आदि विपक्ष के नेताओं ने सत्तापक्ष पर एक ही वार किया कि भाजपा चार सौ पार इसलिए चाहती है कि संविधान खत्म कर सकें। कमजोर वर्गों का हिंदुत्व का तिलिस्म टूटने लगा और भाजपा से मोह भंग होने लगा।

यह पूरी तरह नहीं कहा जा सकता कि सभी बहुजन नाराज हैं। कहीं खुद की जाति के उम्मीदवार तो कहीं सरकारी योजनाओं से लाभकारी कमजोर वर्ग उनके पाले में हैं, लेकिन काफी हद तक लोगों के जेहन में यह बात पहुंच गई कि संविधान खत्म तो उनकी गरिमा खत्म, जो कि संविधान उन्हें समानता की गारंटी देता है। संविधान कमजोर वर्गों के लिए संवेदनशील मुद्दा ही नहीं है, बल्कि संविधान तो सभी देशवासियों के लिए है जिससे सभी के हित सुरक्षित हैं। विपक्ष की संविधान पर की गई बात तेजी से फैली और उसका असर होते देख प्रधानमंत्री को उसको बेअसर करने के लिए कहना पड़ा संविधान को बाबा साहब आंबेडकर भी आ जाएं तो भी खत्म नहीं कर सकते।

1952 से अब तक के लोकसभा चुनाव में सत्ता के खिलाफ संविधान मूल मुद्दा कभी नहीं रहा, रहा हो मेरे जेहन में नहीं है। आज संविधान व आंबेडकर की बदौलत डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, कलेक्टर, पुलिस कप्तान, सांसद, विधायक योग्यताओं को प्राप्त करते हुए का सपना देख सकता है। मुझ जैसे साधारण व्यक्ति की कलम भी कुछ लिखने योग्य है, जबकि मेरे पिता बहुत शिक्षित नहीं थे और बाबा बिल्कुल निरक्षर, जो कि रेलवे में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी थे। वे मुश्किल से टेढ़े-मेढ़े शब्दों में हस्ताक्षर कर पाते थे।

## योगी नंबर वन, 50 दिन में 151 जगह किया प्रचार



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा को प्रदेश में मिशन-80 और देश में 370 सीटों के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए जबर्दस्त चुनाव प्रचार कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक योगी आदित्यनाथ 27 मार्च से 19 मई तक 50 दिन में 1113 जनसभाएं करके भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार किया है। प्रदेश के साथही देश के दूसरे राज्यों में भी उनकी सभाएं हो रही हैं। जनसभाओं के अलावा उत्तर प्रदेशके मुख्यमंत्री ने 15 प्रबुद्ध सम्मेलन और एक दर्जन से ज्यादा रोड शो भी किए हैं। इसके अलावा वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन में भी शामिल हुए थे।

### 5वें चरण की 49 सीटें

2019 का स्कोर कार्ड

| | |
|---|---|
| एनडीए | 39 |
| यूपीए | 08 |
| बीजद | 02 |

### इस बार किस दल के कितने हैं प्रत्याशी

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40 |
| सहयोगी | 09 |
| कांग्रेस | 18 |
| सहयोगी | 31 |
| बीजद | 05 |
| टीएमसी | 07 |
| बसपा | 46 |

### चक्रव्यूह के पांचवें द्वार में मोदी सरकार के पांच मंत्री

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की लखनऊ से इस बार हैट्रिक की तैयारी
- अमेठी की दीदी मंत्री स्मृति इरानी को क्या इस बार मिलेगी चुनौती
- मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को जीत के लिए मिली बसपा की संजीवनी
- जालौन से छठी बार संसद पहुंचने के लिए बेताब हैं मंत्री भानुप्रताप
- मंत्री कौशल किशोर को मोहनलाल गंज में देना पड़ रहा कड़ा इम्तिहान
- रायबरेली में राहुल गांधी की घेरेबंदी

**सपा से धर्मेंद्र यादव, भाजपा से दिनेश लाल यादव और बसपा से मशहूद अहमद उम्मीदवार**

# दो यादवों में नाक की लड़ाई बसपा ने त्रिकोणीय बनाई

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** कैफी आजमी की धरती आजमगढ़ में इस बार चुनावी मुकाबला न सिर्फ दिलचस्प है, बल्कि कांटे का होने की उम्मीद है। यहां से सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव जहां 2022 के उप चुनाव में मिली हार की टीस मिटाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तो भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ जीत की लय बरकरार रखने की कोशिश में लगे हैं। बसपा ने यहां मशहूद अहमद के रूप में मुस्लिम चेहरा उतार कर मुकाबला त्रिकोणीय बनाने का पूरा प्रयास किया है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां कमल खिलाने के लिए जोश भर गए हैं, अब सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सभाएं करने आ रहे हैं, तो दो दिन बाद डिंपल यादव रोड शो करने वाली हैं।

2022 का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से ही सपा हारी थी। ऐसे में इस बार सपा मुकाबला जीतने के लिए अपने हर कील-कांटे को दुरुस्त करने में जुटी है। पार्टी ने बसपा के उस चेहरे को भी अपने साथ ले लिया है जो धर्मेंद्र यादव की हार का कारण बना था। हालांकि पिछले दो चुनावों में बसपा से खिसक कर भाजपा के पाले में जाने वाले दलित मतदाता इस बार किसके साथ रहेंगे, इसे लेकर कयासों का बाजार गर्म है।

आजमगढ़ सीट कभी कांग्रेस का गढ़ थी। 1952 से 1971 तक पांच चुनावों में कांग्रेस को ही जीत मिली, लेकिन 1977 में जनता पार्टी से रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि 1978 के उप चुनाव में मोहसिना किदवई कांग्रेस से जीत गईं। 1980 में जनता पार्टी सेक्युलर और 1984 में कांग्रेस फिर जीती। लेकिन इस चुनाव के बाद कांग्रेस को यहां के मतदाताओं ने कभी जीतने का मौका ही नहीं दिया।

**आजमगढ़ संसदीय सीट**



### राम मंदिर की लहर में यहां जीती थी बसपा

- 1989 के चुनाव में जब पूरे देश में राम मंदिर आंदोलन को लेकर लहर चल रही थी तब यहां से बसपा का हाथी दिल्ली पहुंचा था। 1991 में यह सीट जनता दल के खाते में गई और इसके बाद कभी सपा तो कभी बसपा के खाते में जाती रही। इस सीट से बसपा चार बार बसपा और चार बार सपा के सांसद बने। पहली बार 2009 में भाजपा यहां से जीती थी। तब पार्टी ने 2004 में बसपा के टिकट पर सांसद बने रमाकांत यादव को मैदान में उतारा था। इससे पहले रमाकांत यादव 1996 और 1999 में सपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे।

**2022** का उप चुनाव बसपा से मुस्लिम उम्मीदवार होने की वजह से सपा हार गई थी।

**2014** और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे थे

**2019** में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी

### एम-वाई समीकरण से सपा ने बनाया मजबूत गढ़

इस सीट पर यादव और मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। सपा की जीत में एम वाई समीकरण ही काम करता रहा है। मुस्लिम और यादव मतदाताओं की एकजुटता से सपा जीतती रही। जब मुस्लिम दलितों के साथ बसपा के पक्ष में झुके तो बसपा को यहां से जीत मिल गई। 2014 और 2019 में मुस्लिम मतदाता सपा के साथ मजबूती से खड़े रहे लेकिन 2022 में बसपा ने शाह आलम गुड्डू जमाली को उतारा तो वे बसपा के साथ चले गए। परिणाम यह हुआ कि धर्मेंद्र यादव उप चुनाव हार गए। गुड्डू जमाली 2014 में भी बसपा से लड़े थे लेकिन दलित मतदाताओं के भाजपा में शिफ्ट होने का नुकसान उन्हें हुआ था। तब उन्हें 2,66,528 वोट से ही संतोष करना पड़ा था। उप चुनाव में भी उन्हें 2,66, 210 वोट मिले थे।

### गढ़ दरकता देख खुद उतरे थे मुलायम सिंह

- सपा इस सीट को अपना मजबूत गढ़ मानती है, लेकिन जब 2004 के बाद 2008 के उप चुनाव में बसपा यहां से जीती और 2009 में भाजपा को जीत मिली तो 2014 में खुद सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव को आजमगढ़ के मैदान में उतरना पड़ा। इस चुनाव में भाजपा ने रमाकांत यादव को उनके मुकाबले उतारा। रमाकांत यादव ने मुलायम सिंह को कड़ी टक्कर दी, लेकिन चुनाव हार गए। यही वजह है कि 2019 में अखिलेश यादव खुद मैदान में यहीं से उतरे और जीते भी। अखिलेश यादव के त्यागपत्र के बाद जब इस सीट पर उप चुनाव हुआ तो धर्मेंद्र यादव मैदान में आए। लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा और भाजपा यहां से दूसरी बार जीती।

### विधानसभा की सभी पांच सीटें सपा के पास

- विधानसभा की पांच सीटें इस लोकसभा क्षेत्र में आती हैं। इन सभी पर सपा का कब्जा है। आजमगढ़ सदर सीट पर लगातार छह बार से पार्टी के दुर्गा प्रसाद यादव जीत रहे हैं। इससे पहले भी वे यहां से विधायक बनते रहे हैं। इस सीट पर मुस्लिम व यादव आबादी का दबदबा है। मुबारकपुर विधानसभा क्षेत्र में भी मुस्लिम निर्णायक भूमिका में हैं तो सगड़ी में यादव मतदाता, मुस्लिम मतदाताओं के साथ जीत की इबारत लिखते हैं। यही सपा की मजबूती है।

### रमाकांत के जेल में होने से सपा की रणनीति थोड़ी गड़बड़ाई है

- बाहुबली रमाकांत यादव का जेल में होना सपा को नुकसान पहुंचा रहा है। यादव मतदाताओं में मजबूत पकड़ रखने वाले रमाकांत यादव सपा के फूलपुर पवई विधानसभा सीट से विधायक हैं। यह सीट वैसे तो लालगंज संसदीय क्षेत्र में आती है लेकिन रमाकांत का दबदबा सगड़ी, गोपालपुर, आजमगढ़ सदर आदि विधानसभा क्षेत्रों में भी है। बूथ मैनेजमेंट का उन्हें माहिर माना जाता है।

# कारगिल में निर्दलीय व लेह में भाजपा-कांग्रेस की टक्कर

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद लद्दाख में सोमवार को पहले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लद्दाख में पिछले दो चुनावों में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उतारे गए दो बौद्ध प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। इस बार लद्दाख सीट पर तीन उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह ताशी ग्यालसन और कांग्रेस ने त्सेरिंग नामग्याल को मैदान में उतारा है। लेकिन यहां चुनाव प्रचार बंद होने के बाद त्रिकोणीय मुकाबले की तस्वीर सामने आयी है। लद्दाख में दो जिले लेह और कारगिल हैं। भाजपा और कांग्रेस ने लेह क्षेत्र से उम्मीदवार उतारे हैं, जबकि कारगिल से निर्दलीय हाजी हनीफा जान चुनाव लड़ रहे हैं। कारगिल में हनीफा को नेशनल कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के समर्थकों का भी पूरा साथ मिलता नजर आया है। करगिल में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के विरोध के कारण नेशनल कॉन्फ्रेंस की पूरी यूनिट ने इस्तीफा दे दिया था। करगिल की कांग्रेस इकाई भी यहां अपने उम्मीदवार का समर्थन नहीं कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि यहां भाजपा और निर्दलीय हनीफा के बीच मुकाबले में कांग्रेस तीसरा कोण बना रही है। लद्दाख के लेह और कारगिल में कुल 577 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

# कांग्रेस की आधा दर्जन सीटों पर अग्नि परीक्षा

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कांग्रेस को जो 17 सीटें मिली हैं, उनमें सात सीटों पर चार चरणों में मतदान हो चुका है। पांचवें चरण में कांग्रेस के खाते वाली चारों सीटें अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी और झांसी हैं, जिन पर सोमवार को वोट पड़ेंगे। इसके बाद अगले दो चरणों में कांग्रेस को अपने हिस्से की आधा दर्जन सीटों पर चुनावी इम्तिहान देना है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि 2014 में प्रदेश से दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली कांग्रेस इस बार अपनी तालिका में कितना सुधार कर पाएगी।

कांग्रेस पांचवें चरण की चार सीटों में रायबरेली में राहुल गांधी की जीत के लिए आश्वस्त है, तो अमेठी में केएल शर्मा और बाराबंकी में तनुज पुनिया के बाद झांसी में प्रदीप जैन आदित्य के सीधी लड़ाई में होने से सकारात्मक अवसर देख रही है। इसके बाद बचे दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस को सबसे ज्यादा उम्मीद प्रयागराज से हैं, जहां उसने रेवती रमण सिंह के बेटे उज्जवल रमण सिंह को मैदान में उतार रखा है। बांसगांव में सदल प्रसाद पिछली बार बसपा से चुनाव लड़कर दूसरे नंबर पर रहे थे, इस बार वह कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। यहां पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे सभा करने गए थे। देवरिया में कांग्रेस अपने राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह की जीत का मौका देख रही है। महाराजगंज में कांग्रेस से उतरे वीरेंद्र सिंह ने मुकाबला त्रिकोणीय बना रखा है। सीतापुर से पार्टी ने राकेश राठौर पर दांव लगा रखा है। वाराणसी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय चुनाव मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस यहां सिर्फ अपना आधार बनाए रखने की लड़ाई लड़ रही है।



- प्रदेश से 2014 में दो और 2019 में एक सीट जीतने वाली पार्टी को इस बार तालिका में सुधार की उम्मीद



**मांगे वोट** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर के खड़गपुर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी पर जमकर हमला बोला।

### यूपी में आज कौन कहां से मुकाबले में

| लोकसभा सीट | भाजपा | सपा-कांग्रेस | बसपा |
|---|---|---|---|
| अमेठी | स्मृति इरानी | केएल शर्मा | नन्हे सिंह चौहान |
| रायबरेली | दिनेश प्रताप सिंह | राहुल गांधी | ठाकुर प्रसाद यादव |
| लखनऊ | राजनाथ सिंह | रविदास मेहरोत्रा | सरवर मलिक |
| जालौन | भानुप्रताप वर्मा | नारायण दास अहिरवार | सुरेश चंद्र गौतम |
| मोहनलाल गंज | कौशल किशोर | आरके चौधरी | राजेश कुमार |
| झांसी | अनुराग शर्मा | प्रदीप जैन आदित्य | रवि प्रकाश |
| फतेहपुर | साध्वी निरंजन ज्योति | नरेश उत्तम पटेल | डॉ.मनीष सचान |
| कौशांबी | विनोद सोनकर | पुष्पेंद्र सरोज | शुभ नारायण |
| बाराबंकी | राजरानी रावत | तनुज पुनिया | शिवकुमार दोहरे |
| फैजाबाद | लल्लू सिंह | अवधेश प्रसाद | सच्चिदानंद पांडेय |
| कैसरगंज | करण भूषण सिंह | भगतराम मिश्रा | नरेंद्र पांडेय |
| गोंडा | कीर्ति वर्द्धन सिंह | श्रेया वर्मा | सौरभ मिश्रा |
| बांदा | आरके सिंह पटेल | कृष्णा देवी | मयंक द्विवेदी |
| हमीरपुर | कु. पुष्पेंद्र सिंह | अजेंद्र सिंह राजपूत | निर्दोष कुमार दीक्षित |



**समर्थन करें** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दक्षिणी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सहीराम पहलवान के समर्थन में कालका जी में रोड शो किया।

# पश्चिम बंगाल की सात सीटों पर क्या पलटेगा परिणाम

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** पांचवे चरण में सोमवार को पश्चिम बंगाल की सात लोकसभा सीटों बनगांव, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली, आरामबाग और बैरकपुर पर भी मतदान हो रहा है। 2019 में इन सात में चार सीटें टीएमसी जीतने में कामयाब रही थी जबकि भाजपा केवल तीन सीटें ही जीत सकी थी। इस बार भाजपा ने कम से कम पांच सीटें जीतने के लिए जोर लगाया है।

**हुगली में दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा संघर्ष :** हुगली लोकसभा सीट पर दो अभिनेत्रियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ है। भाजपा की हुगली से सांसद लॉकेट चटर्जी को टीएमसी की तरफ से मैदान में उतरीं रियलिटी शो 'दीदी नंबर 1' की एंकर और अभिनेत्री रचना बनर्जी ने कड़ी टक्कर दी है। हुगली लोकसभा क्षेत्र में आने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में टीएमसी के विधायक हैं। चुनावी जंग में दोनों अभिनेत्रियां एक-दूसरे पर निजी हमला करने से बचती रहीं, इसकी वजह उनके बीच अच्छे दोस्ताना संबंध होना रहा। दोनों ने कई बंगाली फिल्मों में एक-दूसरे के साथ काम भी किया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

### श्रीरामपुर में टीएमसी को चौथी जीत का भरोसा

श्रीरामपुर लोकसभा सीट पर एक चौथाई मतदाता राजस्थान, बिहार या उत्तरप्रदेश के हैं, जो अब वहां बस चुके हैं। टीएमसी के कल्याण बनर्जी श्रीरामपुर से सांसद हैं। वह जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। टीएमसी ने फिर से उन्हें उम्मीदवार बनाया है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कल्याण बनर्जी ने भाजपा के देबजीत सरकार को पराजित किया था। इस बार कल्याण बनर्जी का मुकाबला भाजपा के कबीर शंकर बोस से हुआ है। 2014 में भाजपा से लड़े संगीतकार बप्पी लाहिड़ी यहां चुनाव हार चुके हैं।

### बनगांव में केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर को दूसरी बार जीत का भरोसा

बनगांव बांग्लादेश की सीमा पर स्थित है। इस कारण यहां देश की स्वतंत्रता और बांग्लादेश युद्ध के समय बड़ी संख्या में आए हिंदू शरणार्थी बसे हैं। बांग्लादेश के हिंदू शरणार्थी यानी मतुआ समुदाय ही यहां हार-जीत तय करता है। 2019 में पहली बार भाजपा यहां जीती थी। इस सीट के भाजपा सांसद केंद्रीय राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर मतुआ समुदाय से आते हैं। साल 2019 में उन्होंने अपनी भाभी ममता ठाकुर को 1,11,594 मतों से हराया था। इस बार भाजपा से उतरे शांतनु ठाकुर का मुकाबला टीएमसी के विश्वजीत दास और कांग्रेस के प्रदीप विश्वास से हो रहा है।

**बैरमकुपर में दलबदल पर भाजपा का दांव :** बैरकपुर में बिहार और उत्तर प्रदेश के हिंदी भाषी मतदाताओं की काफी संख्या है। बैरकपुर में 2019 से 2021 के बीच राजनीतिक हिंसा चरम पर थी। इस बार भी यहां 2019 जैसी चुनावी लड़ाई है। 2019 के चुनाव से पहले अर्जुन सिंह टीएमसी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। तीन साल भाजपा सांसद रहने के बाद अर्जुन सिंह दोबारा टीएमसी में चले गए, लेकिन टीएमसी ने जब लोकसभा का टिकट नहीं दिया तो अर्जुन सिंह फिर भाजपा में लौट आए। 2019 के चुनाव में उन्होंने टीएमसी के उम्मीदवार दिनेश त्रिवेदी को 14,000 वोटों से हराया था। इस बार बैरकपुर में भाजपा सांसद अर्जुन सिंह का मुकाबला पार्थ भौमिक (टीएमसी) और देबदत घोष सीपीआई-एम के साथ हुआ है।

**उलुबेरिया में टीएमसी की पांचवी जीत की शोरः** उलुबेरिया में तृणमूल कांग्रेस का पलड़ा एख बार फिर भारी नजर आता है। पार्टी इस सीट पर अपनी लगातार पांचवीं जीत की उम्मीद कर रही है। भाजपा का संगठन यहां कमजोर है। टीएमसी सांसद सजदा अहमद का मुकाबला यहां भाजपा के अरुण दयाल चौधरी और कांग्रेस के अजहर मॉलिक से हुआ है। यहां करीब 28 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता है। भाजपा यहां हिंदू मतों के ध्रुवीकरण की उम्मीज कर रही है।

# विरासत की कहानी में बदलाव की आहट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हाजीपुर का केला अगर देश भर में मशहूर है, तो यह लोकसभा सीट दिवंगत नेता रामविलास पासवान के नाम से जानी जाती रही है। अपने चाचा हाजीपुर के मौजूदा सांसद पशुपति पारस से पिता रामविलास पासवान की विरासत की जंग जीतने के बाद उनके पुत्र लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस बार हाजीपुर से लोकसभा में पहुंचने के लिए कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखी है। पांचवें चरण में सोमवार को उनकी सीट पर भी मतदान होना है। यहां उनको लालू प्रसाद यादव की पार्टी राजद के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ने कड़ी टक्कर दी है।

मतदान से पहले हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन चुका है। दोनों पक्ष अपने ज्यादा से ज्यादा वोटरों को बूथ तक पहुंचने के लिए जोर कसे हैं। यहां पूरी लड़ाई विरासत और बदलाव के बीच नजर आ रही है। चुनाव प्रचार के दौरान हाजीपुर से आठ बार चुनाव जीतने वाले रामविलास पासवान की कमी उनके बेटे चिराग पासवान पूरी करने का वायदा लोगों से करते रहे हैं। उन्होंने लोगों से भावनात्मक अपील की है कि आपका एक-एक वोट रामविलास पासवान के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए मुझे मजबूत बनाएगा। इसके जवाब में राजद उम्मीदवार शिवचंद्र राम शुरू से लोगों को यही समझाने में लगे रहे हैं कि स्थानीय उम्मीदवार ही आपके लिए हर समय उपलब्ध रह सकता है और हाजीपुर की समस्याओं का समाधान कर सकता है। उन्होंने चुनाव को स्थानीय बनाम बाहरी बनाने का पूरा प्रयास किया है। शिवचंद्र हाजीपुर से कई चुनाव लड़ चुके हैं। दो बार राजद से विधायक और मंत्री रहे हैं। चिराग पासवान से उनकी यहां सीधी लड़ाई है। चिराग को जातिगत वोट, पीएम मोदी का नाम, भाजपा और मुख्यमंत्री नितीश के जनता दल (यू) के वोटों का आसरा है।



चिराग पासवान।



शिवचंद्र राम।

2019 में लोजपा ने छह सीटें जीती थीं, तब रामविलास चुनाव नहीं लड़े थे। हाजीपुर से अपने भाई पारसनाथ को उतारा था, जो जीतकर सांसद बने थे और लोजपा में विभाजन के बाद पांच सांसदों के साथ मोदी सरकार को समर्थन देकर केंद्र में मंत्री बने थे। उधर, चिराग पासवान 2019 में जमुई से सांसद चुने गए थे। रामविलास की गैर मौजूदगी में यह पहला चुनाव है जब चिराग खुद जीत हासिल करने के साथ अब लोजपा (र) की पांच सीटें बचाने का दारोमदार है।

# गोंडा में लगेगी जीत की हैट्रिक या फंसेगा मैच

## लोकसभा चुनाव : कैसरगंज का भाग्य भी नए चेहरों पर टिका

**अरुण कुमार मिश्र, गोंडा**

लोकसभा चुनाव में जीत-हार को लेकर कई दिनों की चर्चा-बहस की कवायद सोमवार को समाप्त हो जाएगी। मतदाता 20 मई को स्वामी की भूमिका में रहेंगे और प्रत्याशी याचक के रूप में। मतदान की प्रक्रिया सोमवार सुबह से ही शुरू हो जाएगी। मतदाता अपनी पसंद के प्रत्याशी के भविष्य का निर्धारण करेंगे। मतदान में गोंडा संसदीय सीट पर जीत की हैट्रिक लगेगी या राजनीतिक मैच फंस जाएगा। इस पर भी कयास लगने शुरू हो गए हैं। इसी तरह, कैसरगंज की चुनावी रणनीति दो दिनों में बहुत कुछ बदल गई है। किसी बड़े नेता का आगमन न होना और पहली बार चुनाव मैदान में डटे प्रत्याशियों का राजनीतिक भविष्य भी यहां की जनता तय कर देगी।




गोंडा लोकसभा क्षेत्र में 18 लाख से अधिक मतदाताओं का ध्रुवीकरण किस तरफ होगा। यह कयास अभी तक लोग लगाते रहे हैं। गोंडा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह, सपा से श्रेया वर्मा व बसपा से सौरभ मिश्र मैदान में हैं। कीर्तिवर्धन सिंह को ब्राह्मण, क्षत्रिय, राजभर, कश्यप सहित सभी जातियों पर भरोसा है। वहीं सपा उम्मीदवार को मुस्लिम, यादव और सजातीय वोटर कुर्मी पर भरोसा है। कुर्मी वोटों का बिखराव हुआ तो भाजपा की जीत तय मानी जा रही है। इससे भाजपा प्रत्याशी की जीत की हैट्रिक लग सकती है। यदि ध्रुवीकरण हुआ तो इसका सीधा फायदा सपा को मिलेगा। हालांकि वर्ष 2019 के चुनाव में सपा के कद्दावर नेता विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह ने चुनाव लड़ा था, लेकिन वह दो लाख से अधिक मतों से हार गए थे। पंडित सिंह की छवि लोगों के बीच बहुत अच्छी थी, वे अपने कार्यकर्ताओं को तरजीह देते थे। बावजूद इसके वह चुनाव हार गए थे, लेकिन 2019 में कुर्मी मतदाता भाजपा के साथ खड़ा था।






कैसरगंज लोकसभा सीट पर सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करन भूषण पर भाजपा ने भरोसा जताया है। वह युवा होने के साथ ऊर्जावान हैं और पिता की सियासी पारी के बाद नई पारी शुरू कर रहे हैं, लेकिन दो दिनों से सोशल मीडिया पर अनर्गल प्रचार होने के बाद समीकरण में कुछ बदलाव देखने को मिला है। ब्राह्मण के नाम पर गलत प्रचार किया जा रहा है। इसका फायदा उठाने की कोशिश सपा के भगत राम मिश्र करेंगे। भगतराम मिश्र भी पहली बार कैसरगंज से चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें मुस्लिम, यादव व ब्राह्मण मतदाताओं पर भरोसा है।


वहीं, करन भूषण को भी क्षत्रिय से अधिक ब्राह्मण मतदाताओं पर भरोसा है। करन का कहना है कि ब्राह्मण हमेशा से उनके लिए पूजनीय थे और रहेंगे। ब्राह्मणों को इज्जत देने में उनके परिवार ने कभी कोई कमीं नहीं छोड़ी है। चुनाव जीतना-हारना अलग बात है। वहीं, बसपा ने नरेंद्र पांडेय को चुनाव मैदान में उतारा है।


**गोंडा लोकसभा सीट पर विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| मेहनौन | 378716 | 175171 | 203538 | 07 |
| गोंडा सदर | 361702 | 169400 | 192271 | 31 |
| मनकापुर | 339728 | 159273 | 180455 | 00 |
| गौरा | 334854 | 154531 | 170319 | 04 |
| उतरौला | 428121 | 196293 | 231801 | 27 |
| योग | 1843121 | 854668 | 988384 | 79 |

**कैसरगंज लोकसभा सीट पर विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या**

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 388497 | 183126 | 205363 | 8 |
| कैसरगंज | 392112 | 184895 | 207213 | 4 |
| कटरा बाजार | 404315 | 189484 | 214819 | 12 |
| करनैलगंज | 341294 | 160657 | 180616 | 21 |
| तरबगंज | 378508 | 177123 | 201368 | 17 |




# मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं को नहीं हो कोई असुविधा

## निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

## मतदाताओं के साथ किया जाये घर के सदस्य जैसा व्यवहार

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** अगर मतदाता के द्वारा उपलब्ध पहचान पत्र और मतदाता सूची के विवरण में मामूली अंतर है, तो ऐसे लोगों को मतदान से वंचित न किया जाए। बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कराया जाये। साथ ही मतदाताओं के साथ घर के सदस्य जैसा व्यवहार किया जाये। ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। ये निर्देश रविवार को निर्वाचन आयोग ने अधिकारियों को दिये हैं।

निर्वाचन आयोग द्वारा बाकी बचे तीन चरणों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं की सुविधा के लिए निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब लोकसभा स्तर पर बुलावा टोलियों का गठन किया जायेगा। इन टोलियों में बीएलओ के साथ आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री, युवक मंगल दल, पंचायत स्तरीय कार्मियों को शामिल किया जाएगा। ये टोलियां कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों में विशेष रूप से सक्रिय रहेंगी।


नवदीप रिणवा

**पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ :**

उन्होंने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में गति लाने के निर्देश दिए गए हैं। हर पोलिंग स्टेशन पर वोटर असिस्टेंस बूथ बनाये जाएंगे, जिस पर मतदाता सूची के साथ बीएलओ मौजूद रहेंगे। मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकेंगे।

### कोई मतदाता, सूचना पर्ची नहीं लाया है तो उसे न लौटाया जाए

नवदीप रिणवा ने कहा कि अगर, कोई मतदाता, मतदाता सूचना पर्ची नहीं लाया है तो उसे लौटाया न जाए और मतदान से रोका न जाए। मतदान स्थल पर मतदाताओं के साथ अच्छा व्यवहार करें। अपने वाहन से परिवार के साथ मतदान केन्द्र पर जाने वाले मतदाताओं को निर्धारित स्थान तक पुलिस द्वारा रोका न जाए।

### उपलब्ध कराई जाएं सुविधाएं

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर ही बूथ की संबंधित जानकारी हो, मतदाताओं की कतार तक छाया की व्यवस्था होनी चाहिये। केन्द्रों पर पूरे दिन बिजली आपूर्ति रहे। लू से बचाव के लिए ओआरएस एवं मेडिकल किट उपलब्ध कराए जाएं। एक पैरामेडिक कर्मी के अलावा मतदान केन्द्रों में शीतल पेयजल, शौचालय, दिव्यांग व वृद्धजनों के लिए व्हील चेयर व कुर्सियों की व्यवस्था भी रहे।

## इलेक्शन बायस्कोप


इन दिनों बड़े नेताओं की चुनावी रैलियों में गृहणियां भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। हालांकि इनमें कुछ पार्टी की कार्यकर्ता होती हैं तो कई सिर्फ समर्थक। कुछ ऐसी ही उत्साही महिलाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सोरांव, प्रयागराज की चुनावी जनसभा में रविवार को कैमरे में कैद हुईं। -अमृत विचार

## अखिलेश, राहुल ने वीडियो साझा कर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को 'एक्स' पर एक ऐसा वीडियो साझा किया है जिसमें एक युवक बारी-बारी से अलग-अलग नामों से बूथ पर जाता है और वोट डालता है। वह बाकायदा इसका वीडियो भी बना रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि वह भाजपा को वोट डाल रहा है। अखिलेश ने वीडियो पोस्ट कर लिखा कि अगर चुनाव आयोग को लगे कि ये गलत हुआ है तो वो कुछ कार्रवाई जरूर करे, नहीं तो.... । आगे सपा प्रमुख ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए लिखा कि भाजपा की बूथ कमेटी दरअसल लूट कमेटी है। अखिलेश के ही पोस्ट को राहुल गांधी ने भी साझा किया है। राहुल ने लिखा कि सरकार बनते ही ऐसी कार्रवाई होगी कि आगे कोई भी संविधान की शपथ का अपमान करने से पहले 10 बार सोचेगा। दरअसल, यह वीडियो फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र का बताया जा रहा है। यह विधानसभा एटा जिले में आती है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एटा में कई बार मतदान करने संबंधी वायरल वीडियो में संबंधित व्यक्ति की पहचान कर ली गई है। वीडियो में कई बार मतदान करते दिखाई देने वाला व्यक्ति राजन सिंह पुत्र अनिल सिंह गांव खिरिया पमरान का निवासी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही, मतदान दल के सभी सदस्यों को निलंबित करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# 13 महिला प्रत्याशियों का राजनीतिक भाग्य ईवीएम में होगा बंद

**लोस चुनाव 5वां चरण**

## बाराबंकी से राजरानी रावत, अमेठी से स्मृति ईरानी और फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति मैदान में

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** 5वें चरण में 14 लोकसभा सीटों पर मात्र 13 महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं। इन सभी का राजनीतिक भाग्य 20 मई को ईवीएम में बंद हो जायेगा। इनमें अकेली बाराबंकी सीट है जहां पर तीन महिलाएं चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, एक महिला ने दो सीटों पर नामांकन किया गया है। अन्य कई सीटों पर तो एक भी महिला प्रत्याशी नहीं हैं। आंकड़े बता रहे हैं कि आधी आबादी को प्राथमिकता देने का दंभ भरने वाले राजनीतिक दल भी इन्हें बढ़ाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

संसद में 33 प्रतिशत का आरक्षण बिल भले ही पास हो चुका है, मगर ऐसा लगता है कि दल महिलाओं पर पूरा भरोसा नहीं कर रहे। यही वजह है कि संसद हो या राजनीतिक संगठन, प्रस्तावित पदों पर महिलाओं की नुमाइंदगी नहीं हो पा रही है। लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में बाराबंकी सुरक्षित सीट पर भाजपा की राजरानी रावत, स्वतंत्र अभिव्यक्ति पार्टी से आशा देवी और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मिथलेश कुमारी मैदान में हैं। इनमें राजरानी रावत को भाजपा द्वारा पूर्व में घोषित उपेन्द्र रावत का एक विवादित वीडियो वायरल होने के बाद टिकट दिया गया। इसके अलावा भाजपा की दूसरी महिला प्रत्याशी स्मृति ईरानी कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले अमेठी से दोबारा चुनाव लड़ रही हैं। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चंद्रावती मैदान में डटी हैं। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अरुणिमा पाण्डेय ने कैसरगंज व गोंडा दो सीटों से नामांकन दाखिल किया है। गोंडा सीट पर ही सपा के टिकट पर श्रेया वर्मा मुकाबले में बराबरी की दावेदारी कर रही हैं।

इसके अलावा अन्य चर्चित सीट फतेहपुर है, जहां पर भाजपा ने फायरबांड नेता व केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, सपा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम का सामना कर रही हैं। बांदा सीट पर सपा की कृष्णा देवी पटेल मुकाबले को रोचक बना रही हैं, साथ ही जालौन से प्रेमलता वर्मा बृजमोहन मैदान में है। लखनऊ की मोहनलालगंज सीट से मिशलेश कुमारी मैदान में हैं। इसके अलावा अन्य सीटों पर महिला प्रत्याशियों का सूखा पड़ा है।


राजरानी रावत


स्मृति ईरानी


साध्वी निरंजन ज्योति

### इन सीटों पर होगा मतदान

- लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा।



# मतदान केंद्रों पर अर्द्ध सैनिक बल तैनात

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए अर्द्ध सैनिक बल तैनात किये गये हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी अर्द्ध सैनिक बलों को दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं। मतदान के लिए 35,684 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,089 बैलट यूनिट व 37,565 वीवीपैट तैयार किये गये हैं। आकस्मिकता की स्थिति में मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की व्यवस्था भी की गई है। हेलीकाप्टर की लोकेशन झांसी में व एयर एम्बुलेंस की लोकेशन लखनऊ में रहेगी।

### यहां करें शिकायत

- मतदान से संबंधित कोई भी शिकायत टोल-फ्री नं0-1800-180-1950 (प्रदेश स्तर) पर और 1950 (जिला स्तर) पर काल कर दर्ज कराई जा सकती है। इसके अलावा सी-विजिल, एनजीएसपी-वीएचए ऐप पर भी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

- **मतदान के लिए 35,684 ईवीएम की कंट्रोल यूनिट, 36,089 बैलट यूनिट व 37,565 वीवीपैट किये गये तैयार**
- **मेडिकल सहायता के लिए एयर एम्बुलेंस व हेलीकाप्टर की भी व्यवस्था**

### 50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेबकास्टिंग होगी

50 प्रतिशत मतदेय स्थलों पर (14984 मतदेय स्थल) पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है, इसका पर्यवेक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी व भारत निर्वाचन आयोग तीनों स्तरों पर किया जायेगा। इसके अलावा 4,199 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। इस चरण में कुल 561 आदर्श मतदेय स्थल, 126 महिला, 53 दिव्यांग व 80 युवा कार्मिक प्रबंधित मतदेय स्थल बनाये गये हैं।

## चुनावी चक्कर

**पुराने वीडियो से भ्रम फैला रहे शरारती :**

चुनाव के दौरान आमजन को भ्रमित करने के लिए कुछ शरारती तत्व सोशल मीडिया पर फर्जी और पुराने वीडियो या फोटो भी साझा कर देते हैं। ऐसे में समाज में गलत संदेश भी जाता है। हालांकि यह बात अलग है कि समझदार जनता भ्रमित नहीं होती। ऐसा ही एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मुलाकात को दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर खुराफाती यूजर्स इस वीडियो को मौजूदा लोस चुनाव के मद्देनजर से जोड़कर साझा कर रहे हैं और प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं कि चुनावी नतीजों को देखते हुए अखिलेश यादव पीएम मोदी से मिलने पहुंच गए, लेकिन यह दावा सही नहीं है। दरअसल, यह वीडियो 10 वर्ष पुराना है। एक न्यूज मीडिया ने अपनी जांच में पाया कि वीडियो को लेकर जो दावे किए जा रहे हैं, वे झूठे हैं। वायरल वीडियो जून 2014 का है, तब अखिलेश यादव उप्र. के मुख्यमंत्री थे। फेसबुक पर सक्रिय एक शख्स ने वीडियो साझा करते हुए लिखा, चुनाव का परिणाम जानते ही मोदी दरबार में भूल-चूक व लेनी-देनी करने पहुंचे अखिलेश। बाद में न्यूज मीडिया की टीम ने विभिन्न स्तर से जांच करने को इस वायरल वीडियो से संबंधित कीवर्ड्स से यूट्यूब पर परखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूट्यूब चैनल पर 13 जून 2014 को साझा किया गया यह वीडियो मिला। वीडियो के साथ कैप्शन में बताया गया कि पीएम मोदी ने उप्र. के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। हकीकत तो यह है कि मार्च 2012 से मार्च 2017 तक अखिलेश यादव जब मुख्यमंत्री थे तो उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद शिष्टाचार मुलाकात की थी। बाद में सरकारी मीडिया प्लेटफार्म से दोनों की इस मुलाकात का वीडियो साझा किया गया था।

# शाह होंगे सफल या प्रियंका का बना रहेगा विश्वास

## देश की सबसे महत्वपूर्ण सीट में से एक रायबरेली में इस बार काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा


**दिलीप सिंह, रायबरेली**

देश की सबसे महत्वपूर्ण सीट में से एक रायबरेली में इस बार काफी रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। हर बार लड़ाई प्रत्याशियों के बीच देखी जाती रही है, लेकिन इस बार राजनीतिक दलों के दिग्गजों की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को जीत दिलाने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने पूरा जोर लगा दिया है। अन्य क्षेत्रों में बमुश्किल एक बार जाने वाले गृहमंत्री यहां पर दो बार आकर प्रचार कर चुके हैं। गांधी परिवार को घेरने के साथ ही संगठन में दरार को पाटने का भी उन्होंने पूरा प्रयास किया।

यही नहीं, दिनेश प्रताप सिंह को भाई शब्द से संबोधित करके उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि हर हाल में यहां पर कमल खिलाना है। कांग्रेस को गढ़ में घेरने की मंशा के साथ यहां मुख्यमंत्री योगी के अलावा कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री समेत कई दिग्गज प्रचार करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं, पहली बार जीआईसी में जनसभा के बाद ऊंचाहार से सपा विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय के घर भी गए, ताकि भाजपा प्रत्याशी को ब्राह्मण वोटबैंक का लाभ मिल सके। इसके बाद दोबारा डॉ. मनोज कुमार पांडेय को पार्टी की सदस्यता दिलाने के लिए जगतपुर के दौलतपुर में जनसभा की। इसी के साथ उन्होंने अपने इरादे साफ कर दिए कि यहां पर कमल खिलाना ही एक मात्र लक्ष्य है। दूसरी ओर, अमेठी छोड़कर रायबरेली से पहली बार चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए बहन प्रियंका गांधी ने बागडोर अपने हाथों में ले रखी है। यहां तक कि कांग्रेस के स्थानीय संगठन पर भी विश्वास नहीं रखा। अपनी स्वयं की टीम बनाकर चुनाव के हर पहलू पर नजर बनाए रखी।

रायबरेली के साथ ही अमेठी में भी कांग्रेस को मजबूत करती दिखीं। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भी गांवों में पसीना बहाते नजर आए। जीत को सुनिश्चित करने के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव व सोनिया गांधी भी एक साथ मंच पर पहुंचे। उन्होंने राहुल को जिताने के लिए भावुक अपील भी की। दोनों प्रत्याशियों में से जीत किसी की भी हो, प्रतिष्ठा गृहमंत्री अमित शाह और प्रियंका गांधी की भी इस चुनाव में जुड़ गई है।


अमित शाह


राहुल गांधी


प्रियंका गांधी वाड्रा


दिनेश प्रताप सिंह

### भाजपा प्रत्याशी से अपने ही रहे दूर

भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह से शुरुआती दौर से ही कुछ पार्टी नेता दूरी बनाए रहे। सदर विधायक अदिति सिंह, पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह व कई अन्य पदाधिकारी नामांकन के दौरान ही गायब रहे। इसे लेकर चर्चाओं का दौर खूब चला। गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा के बाद जरूर कुछ स्थिति संभली। इसके बाद अंतिम दिन किसी बड़े नेता का रोड शो न होने से भी काफी किरकिरी हुई। हालांकि गृहमंत्री के सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय को साथ लाने के बाद स्थिति जरूर कुछ मजबूत हुई।

### कांग्रेस को समाजवादी पार्टी का सहारा

जिले में कांग्रेस का संगठन ज्यादा मजबूत नहीं है। पिछले कई चुनावों में मिली हार से काफी किरकिरी हो चुकी है। यही वजह है कि कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने खुद चुनाव की कमान संभाली और प्रचार में पूरी ताकत लगा दी। कांग्रेस को अपने संगठन से ज्यादा समाजवादी पार्टी पर विश्वास है। वह चाहे रैली हो या फिर जनसभा। सबसे अधिक कार्यकर्ता सपा के ही नजर आए। पिछले चुनाव में भी सोनिया गांधी की जीत में सपा खेवनहार बनी थी।

**पिछले तीन लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत**

| मतदान वर्ष | प्रतिशत |
|---|---|
| 2009 | 48.33 |
| 2014 | 51.73 |
| 2019 | 56.34 |

### अपनी ढपली अपना राग


घमंडिया गठबंधन को मत दिया तो आप दोष के भागी बनेंगे। क्योंकि, इनकी चाल- चरित्र दशानन रावण से मिलता है। - डॉ. मोहन यादव


एक 5 किलो राशन पर वोट लेता है और दूसरा 10 किलो का लालच देकर वोट चाहता है। सावधान रहिएगा। - आकाश आनंद


जातिवादी, संकीर्णवादी और धर्मवादी राजनीति के चलते इस बार भाजपा भी सत्ता में नहीं आएगी, भाजपा ने किए गए वादे पूरे नहीं किए। - मायावती


वह डिबेट नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास कोई जवाब नहीं है। इस चुनाव में जनता उनको सत्ता से उतार देगी।। - राहुल गांधी

## एक नजर

### राजनाथ से मिलकर दिया समर्थन का भरोसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा उप्र. के प्रतिनिधिमंडल ने रक्षामंत्री और लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह से रविवार को मुलाकात की। लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वीपी मिश्र ने किया, उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली समेत कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया और चुनाव में सभी कर्मचारियों द्वारा सहयोग व समर्थन देने का विश्वास दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में शशि कुमार मिश्रा, सतीश कुमार पांडेय संयोजक, गिरीश चन्द्र मिश्रा, गिरजा शंकर तिवारी, अतुल मिश्रा, मनोज कुमार मिश्रा, घनश्याम यादव आदि उपस्थित थे।

### खरीफ गोष्ठी 12 जून से

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में खरीफ अभियान 2024 के तहत अधिक फसल उत्पादन के लिए राज्य व मंडल स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। निदेशक कृषि डॉ. जितेंद्र कुमार तोमर ने बताया कि 12 जून को राज्य व लखनऊ मंडल की गोष्ठी राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगी। जबकि 14 जून को मेरठ, सहारनपुर व मुरादाबाद मंडल की गोष्ठी मेरठ में, 18 जून को अलीगढ़, आगरा व बरेली मंडल की गोष्ठी अलीगढ़ में, 20 जून को झांसी, कानपुर व चित्रकूट धाम मंडल की गोष्ठी झांसी में, 22 जून को गोरखपुर, बस्ती व आजमगढ़ मंडल की गोष्ठी गोरखपुर में, 24 जून को वाराणसी, प्रयागराज व विंध्यांचल मंडल की गोष्ठी वाराणसी में व 26 जून को अयोध्या व देवीपाटन मंडल की गोष्ठी अयोध्या में आयोजित होगी।

### सीडीएस ने किया वायु कमान का दौरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनरल अनिल चौहान पीवीएसएम यूवाईएसएम एवीएसएम एसएम वीएसएम, चीफ आफ डिफेंस स्टॉफ एवं सचिव सैन्य कार्य विभाग (सीडीएस) ने रविवार को प्रयागराज स्थित मध्य वायु कमान (सीएसी) का दौरा किया। एयर मार्शल आरजीके कपूर पीवीएसएम एवीएसएम वीएम, वायु अफसर कमांडिंग इन चीफ, मध्य वायु कमान ने सीडीएस को मुख्यालय में भारतीय वायु सेना की मध्य वायु कमान के परिचालात्मक पहलुओं की जानकारी दी।

# हर बेरोजगार के खाते में 8500 रुपये खटाखट डालेंगे : राहुल

## कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष बोले, कूड़ेदान में जाएगी अग्निवीर योजना

संवाददाता, प्रयागराज



करछना में आयोजित जनसभा में मौजूद भारी भीड़ के बीच राहुल गांधी।

**अमृत विचार :** हर बेरोजगार और परिवार की एक महिला के खाते में 8,500 रुपये खटाखट डालेंगे और साल में एक लाख रुपये देंगे। हमारी सरकार प्रत्येक नागरिक को लखपति बनायेगी। इसके अलावा अग्निवीर योजना को कूड़ेदान में डाला जायेगा और सेना में स्थायी भर्ती की जाएगी। यह बात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने करछना में रविवार को इंडी गठबंधन के इलाहाबाद 52 संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जनसभा में कही। मंच पर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी थे।

अखिलेश यादव ने कहा कि यह ऐतिहासिक भीड़ इंडी गठबंधन की विजय का संकेत है। 4 जून के बाद न केवल नौकरी के रास्ते खुलेंगे, बल्कि अग्निवीर परीक्षा सदैव के लिए खत्म की जायेगी। दोनों ने ही भारतीय जनता पार्टी पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने भाजपा पर जनता को ठगने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी जी ने अपने 22 चहेते लोगों को अरबपति बनाने का काम किया। दोनों नेताओं ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। राज्यसभा सभा सांसद प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह, गठबंधन प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह, मेजा विधायक संदीप सिंह, पूर्व विधायक परवेज अहमद टंकी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख करछना राजू सिंह राजकुमार यादव, डॉ विजय बाबू यादव, हरिमोहन सिंह मौजूद रहे।

उधर मुंगारी की जनसभा में राहुल ने कहा है कि हिंदुस्तान के किसानों को अनाज, गन्ना कपास के लिए उन्हें दाम दिया जायेगा। राहुल गांधी के मुताबिक, हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खत्म कर दिया है। हम आपकी जेब में पैसा डालकर हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे।

### प्रेसवार्ता का बहिष्कार

**अमृत विचार, प्रयागराज :** रैली के दौरान उत्पन्न अराजकता के कारण कुछ पत्रकारों को चोटें आईं और उनके सामान को नुकसान पहुंचा। बाद में सपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी, जिसमें सफाई देने की उम्मीद थी लेकिन खेद व्यक्त करने के बजाय पुलिस पर दोषारोपण किया गया। इससे नाराज होकर सभी पत्रकारों ने प्रेस कांफ्रेंस का बहिष्कार कर दिया।

# हमारी सरकार बनी तो ईडी व सीबीआई खत्म : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि ईडी और सीबीआई की जरूरत नहीं है और इन्हें बंद कर देना चाहिए। एक अंग्रेजी अखबार को दिए साक्षात्कार में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वह विपक्ष के इंडी गठबंधन को यह प्रस्ताव देंगे।

साक्षात्कार में अखिलेश यादव ने सीबीआई और ईडी को बंद कर देने के पीछे तर्क दिया कि अगर आपने धोखा दिया है, तो इससे निपटने के लिए आयकर विभाग है। आपको सीबीआई की जरूरत क्यों है? हर राज्य में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए एक विभाग है, जरूरत पड़ने पर इसका इस्तेमाल करें।

अखिलेश यादव ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल केवल भाजपा के राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के सत्ता में आने पर मैं इस निजी प्रस्ताव को गठबंधन के सामने रखूंगा।

# दस वर्ष में पूरा बदल गया भारत : योगी

## करछना में मुख्यमंत्री बोले- दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा, सीमाएं हुईं सुरक्षित

संवाददाता, प्रयागराज



करछना में आयोजित जनसभा के दौरान मंच से लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** वर्ष 2014 के पहले किसान आत्महत्या करता था। गरीब भूख से मरता था। नौजवान पलायन करता था और बेटी व व्यापारी दोनों सुरक्षित नहीं थे। 2014 के बाद दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रभावी अंकुश हुआ है। मोदी की अगुवाई में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की ओर बढ़ रहा है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करछना में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में हुई जनसभा में कही।

उन्होंने कहा कि 10 वर्ष में पूरा भारत बदल गया है। अब तो पटाखे भी बज जाएं तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देता है कि मैंने कुछ नहीं किया है। पाकिस्तान को खाने के लाले पड़े हैं, वहीं भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दिया जा रहा है। प्रदेश में सभी माफिया बुलडोजर का भय खाते हैं। रीता जोशी के आशीर्वाद से नीरज त्रिपाठी को मोदी जी ने चुनाव में उतारा है। अपील करने आया हूं कि आज हम सबको मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से सरकार बनानी है।

इस मौके पर पूर्व विधायक राजबली जैसल ने भाजपा की सदस्यता ली। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सीवी रवि, मंत्री सुरेश खन्ना, सांसद रीता बहुगुणा जोशी, मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, विधायक राजमणि कोल, पियूष रंजन निषाद, महापौर गणेश केसरवानी आदि मौजूद रहे।

# केजीएमयू में तैयार होगी डीएनए और फ्रिंगर प्रिंट लैब

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग में डीएनए और फ्रिंगर प्रिंट लैब तैयार की जाएगी। संस्थान प्रशासन जल्द ही इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है।

केजीएमयू में पूरे देश के छात्र मेडिकल की पढ़ाई के लिए आते हैं। केजीएमयू में फॉरेंसिक की पढ़ाई भी होती है। किसी फॉरेंसिक विशेषज्ञ को डीएनए और फ्रिंगर प्रिंट की जानकारी होना जरूरी होता है। छात्रों के हित में इस लैब को शुरू करने की कवायद की जा रही है। अभी तक यह सुविधा सिर्फ पुलिस विभाग में है। कई बार जांच के लिए सैंपल बाहर भेजने पड़ते हैं। केजीएमयू में लैब शुरू होने से जांच में आसानी हो जाएगी। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि लैब को जल्द शुरू करने की कोशिश की जा रही है।

# 5वें चरण में 144 प्रत्याशी मैदान में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 5वें चरण में 14 लोकसभा सीटों पर 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं, इनमें 131 पुरुष व 13 महिला प्रत्याशी हैं, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार प्रत्याशियों में मुकाबला है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों पर दो करोड़ 71 लाख 36 हजार 363 मतदाता व लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर चार लाख 64 हजार 510 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होना है, उनमें मोहनलालगंज (अजा), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (अजा), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (अजा), बाराबंकी (अजा), फैजाबाद, कैसरगंज व गोण्डा लोकसभा सीटें और लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट शामिल हैं। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

5वें चरण के चुनाव में कुल 28,688 मतदेय स्थल हैं, जिसमें से 4,232 संवदेनशील हैं। कुल 17,128 मतदान केन्द्र हैं। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से तीन विशेष प्रेक्षक, 14 सामान्य प्रेक्षक, नौ पुलिस प्रेक्षक और 15 व्यय प्रेक्षक भी तैनात किये गये हैं। इसके अलावा 2416 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 327 जोनल मजिस्ट्रेट, 549 स्टैटिक मजिस्ट्रेट व 3619 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किये गये हैं। चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराने के लिए 7426 भारी वाहन, 7410 हल्के वाहन व 1,28,642 मतदान कार्मिक लगाये गये हैं।

### सबसे अधिक मतदाता मोहनलालगंज में

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों में इस चरण में दो करोड़ 71 लाख 36 हजार 363 मतदाता हैं, जिसमें एक करोड़ 44 लाख पांच हजार 97 पुरुष, एक करोड़ 27 लाख 30 हजार 186 महिला व 1,080 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता मोहनलालगंज (अजा) व सबसे कम मतदाता बांदा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट में कुल चार लाख 64 हजार 510 मतदाता हैं, जिसमें दो लाख 42 हजार 937 पुरुष व दो लाख 21 हजार 558 महिला और 15 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

### सबसे अधिक प्रत्याशी फतेहपुर सीट पर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा सीटों में सबसे अधिक 15 प्रत्याशी फतेहपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व सबसे कम चार प्रत्याशी कैसरगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।

# पहली बार मिले 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

▸▸ **सरकारी अस्पतालों से मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में नहीं करना पड़ेगा रेफर**

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग को पहली बार 39 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक मिल गये हैं। इन डॉक्टरों के आने से सरकारी अस्पतालों में बीमारी विशेष के इलाज के लिए मरीजों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर नहीं करना पड़ेगा। इन चिकित्सकों की नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा 268 पदों के सापेक्ष हुई है।

स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि लोकसेवा आयोग, प्रयागराज को 268 सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजा गया था। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद आयोग को 71 आवेदन प्राप्त हुए थे, इनमें से 39 विशेषज्ञों का चयन हुआ है। चयनित विशेषज्ञों में एमडी मेडिसिन, प्लास्टिक सर्जन, नेफ्रोलॉजिस्ट, पैथोलॉजिस्ट और अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। जल्द ही इन्हें विभिन्न चिकित्सालयों में तैनाती दी जायेगी, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो।

मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है। जिसकी वजह से विभिन्न बीमारियों के मरीजों को बेहतर इलाज के लिए किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ.राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान या अन्य उच्च संस्थानों में रेफर किया जाता है। अब, इन सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती से सरकारी अस्पतालों में भी अत्याधुनिक और विशेषज्ञता पूर्ण इलाज मिलने का रास्ता प्रशस्त हो गया है। गरीब मरीजों को बेहतर इलाज के लिए बड़े संस्थानों में चक्कर नहीं लगाने पड़ेगे। साथ ही मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

### मिलेगा अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ

19010 चिकित्सकों के विभाग में ग्रेड टू के 7240 पद हैं, इनमें से 3620 पद स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की सीधी भर्ती के लिए हैं, इनमें से सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि का लाभ दिया गया है। यानी ग्रेड चार में पहुंचने तक इन चिकित्सकों को तीन वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाएगा।

# दिव्यांगों को नए कोर्स देंगे उम्मीदों की उड़ान

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय चार नये पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। नये सत्र की शुरुआत में सभी विषयों में कोर्स आउटकम और वार्षिक आउटकम, प्रोग्राम आउटकम, प्रोग्राम स्पेसिफिक आउटकम के रूप में शामिल होगा। विवि के कुलपति का कहना है कि नये कोर्स के सहारे प्रशिक्षण पाने वाले विद्यार्थी रोजगार के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर सकेंगे।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह का कहना है कि विवि में स्थापित किये जाने वाले नये कोर्स को लेकर पैरामेडिकल एवं पुनर्वास संकाय के अंतर्गत एक बैठक की गई। इसमें चार कोर्सों को शुरू किये जाने की संस्तुति हुई। नये चार कोर्सों में कोर्स आउटकम, वार्षिक आउटकम, प्रोग्राम आउटकम और समर इंटर्नशिप शामिल हैं। कोर्स आउटकम में विषयों का सार बताया जाएगा, लाभ-हानि की जानकारी का ब्योरा भी छात्रों के समक्ष प्रस्तुत होगा। वार्षिक आउटकम में एक वर्ष में जितने विषय पढ़ाए जाएंगे, उनकी जानकारी दी जाएगी। प्रोग्राम आउटकम में अस्पतालों में दी जाने वाली सेवाएं और हेल्थ्य केयर सेण्टर से जुड़े विषय शामिल होंगे।

# ड्रोन स्प्रे से पहले किया जाएगा फसलों का सर्वे



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **नमो ड्रोन दीदी योजना में उपलब्धता के आधार पर महिलाओं को बांटें जाएंगे ड्रोन**

**अमृत विचार :** कृषि कार्य में ड्रोन को बढ़ावा देने के लिए विभाग जिलों में फसलों का सर्वे करेगा और बुवाई के आधार पर ड्रोन से तरल उर्वरक व कीटनाशक के छिड़काव यानी स्प्रे की संभावना तलाशेगा। इसी आधार पर केंद्र पोषित नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह की महिलाओं को ड्रोन बांटे जाएंगे।

सर्वे में ऐसे क्षेत्र चिह्नित किये जाएंगे, जहां बड़े क्षेत्रफल में किसान खेती करते हैं और उनके लिए फसलों में स्प्रे करना मुश्किल रहता है। ऐसी जगहों पर महिलाएं किसानों से शुल्क लेकर ड्रोन से फसलों में तरल उर्वरक व कीटनाशक छिड़केंगी। शुल्क से महिलाओं की आमदनी होगी। विभाग ने एक ड्रोन से प्रतिवर्ष 2 हजार से ढाई हजार एकड़ औसतन स्प्रे करने का लक्ष्य रखा है और 25 मई तक सर्वे रिपोर्ट मांगी है।

### 8 लाख का मिलेगा अनुदान, जल्द निर्धारित होगा लक्ष्य

समूह की महिलाओं को कृषि कार्य के लिए ड्रोन खरीदने पर कृषि विभाग योजना के तहत 8 लाख रुपये अनुदान देगा। जबकि फर्टिलाइजर कंपनियां समूह की महिलाओं को निशुल्क ड्रोन बांटेंगी। केंद्र से जल्द ड्रोन का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। वर्ष 2022-23 में नमो ड्रोन दीदी के तहत प्रदेश के 39 जिलों में 114 ड्रोन महिलाओं को दिए गए थे। इस योजना का मकसद कृषि कार्य को ड्रोन के इस्तेमाल से आसान करना है और महिलाओं को रोजगार देना है।


## वर्ग पहेली-75

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी स्थान पर प्रवेश हेतु लिखित अनुमतिपत्र, आज्ञापत्र 2. बिना टिकट लिए
3. 1. लौटाना, वापस करना 2. उलटाना, बदलना।
6. 1. कलकल की आवाज़ होना 2. शरीर में गरमी की अनुभूति होना 3. कुलबुलाना (शरीर का)।
7. 1. झाड़ी, झुरमुट 2. बालों का जूड़ा, जुट्टी 3. पौधों या झाड़ियों का झुरमुट 4. घास-फूस का पूला, जूरी 5. समूह, झुंड 6. झोंटा।
8. गंधी, इत्रफ़रोश, गंधद्रव्य, सुगंधित पदार्थ।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. कुलबुलाने की अवस्था
4. 1. चारों ओर से ठीक एवं दुरुस्त 2. चुस्त, फुरतीला।
5. निरुपाधि।
7. 1. जोखिम 2. ज़िम्मेदारी, जवाबदेही, उत्तरदायित्व।



### वर्ग पहेली -74 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 झ | | 2 उ | 3 प | जा | ति | |
| न | | | रं | | | |
| क | | | प | | 4 बू | ढ़ा |
| 5 ना | मी | गि | रा | मी | | |
| | | | नु | | 6 शी | राँ |
| | | | 7 ग | जा | ल | |
| 8 सं | घ | टि | त | | न | |

### सुडोकू -154

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 4 | | 5 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | | |
| | 9 | | 3 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | | | | 5 | 4 | | | |
| | | | | 4 | 6 | | | |
| | | 1 | | | | 4 | | 5 |
| 7 | | 3 | | | | | 8 | |

### सुडोकू -153 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 6 | 5 | 4 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 8 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी 15 .58 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा पूर्ण रात्रि तक।

**मेष:** आज घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में उन्नति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। शाम के समय आप किसी उत्सव में जा सकते हैं। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे।

**वृष:** आज स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। जॉब में आय बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपके मन में छाया हुआ अज्ञात भय आज दूर हो सकता है।

**मिथुन:** आज बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गम्भीरता से ध्यान दें।

**कर्क:** आज यह धैर्य रखने का समय है। महत्वपूर्ण कार्यों को दिन के दूसरे प्रहर तक कर लेना लाभकारी होगा। अधिकारियों के साथ आपको अच्छे संबंध रखने चाहिए। परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढालने का प्रयास करें।

**सिंह:** आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिये। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। लोग आपके ऊपर पूर्ण विश्वास रखेंगे। मित्रों के साथ किसी गंभीर चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या:** आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसलिए थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। दिन की शुरुआत में आप अपने आप को काफी व्यस्त देख सकते हैं।

**तुला:** आज दिन की शुरुआत में आप अपने आपको काफी व्यस्त देख सकते हैं। शत्रुओं की गतिविधियों को हल्के में लेने की भूल बिल्कुल न करें। अनावश्यक कार्यों में आपको उलझना भी पड़ सकता है, किंतु आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा भी करेंगे।

**वृश्चिक:** आज प्रणय संबंधों में कुछ अनबन देखने को मिल सकती है। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। निर्माण कार्यों को लेकर आपको लोगों की मदद लेनी पड़ सकती है। गलत कार्यों की तरफ आपका रुझान हो सकता है।

**धनु:** आज रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ा नाम मिल सकता है। प्रेम संबंध काफी मधुर रहेंगे। कारोबार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। बड़े भाई-बहनों को लेकर प्रसन्नता रहेगी। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ होगा।

**मकर:** आज महत्वपूर्ण बैठकों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आप भविष्य को लेकर निवेश की योजना बना सकते हैं। आलोचकों की बातों को ज्यादा महत्व न दें। सरकारी कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।

**कुंभ:** आज धन हानि होने के योग बन रहे हैं। पड़ोसियों से आपका झगड़ा हो सकता है। आपके सभी काम रुक-रुक कर ही होंगे। ऑनलाइन कोई भी गतिविधि के दौरान सावधान रहें। अजनबी लोगों से ज्यादा मेलजोल न बढ़ाएं।

**मीन:** आज भोजन और बाकी दिनचर्या अनुशासित रखें। अनावश्यक विचारों के कारण आप अच्छे लोगों से दूर हो सकते हैं। परिजनों का सहयोग मिलेगा। आपको अपने अपमान का भय रहेगा। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
चोरी मेरा काम — सुबह : 10 .02
तकदीर का तमाशा — रात : 07 .00

**Sony Pix**
कैप्टन फिलिप्स — सुबह : 10 .13
टार्जन — रात : 09 .00

**&pictures**
महावीर नं. 1 — सुबह : 09 .10
तमाशा — रात : 08 .00

**Zee Cinema**
एक विवाह ऐसा भी — सुबह : 08 .30
अनोखा बंधन — दोपहर : 01 .50

**Colors Cineplex**
डबल अटैक — सुबह : 11 .31
उगराम — शाम : 05 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुमने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा-यार धोखा हो गया धोखा एक दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू-यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 14 | 20 |
| अर्शदीप सिंह (पंजाब) | 14 | 19 |

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 14 | 708 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| ट्रेविस हेड (हैदराबाद) | 12 | 533 |

# हार की निराशा के साथ पंजाब का सफर खत्म

## सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को चार विकेट से दी शिकस्त, अभिषेक ने लगाया अर्धशतक, क्लासेन चूके




**हैदराबाद, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 69वें मैच में रविवार को अभिषेक शर्मा (66) और हाइनरिक क्लासन (42) रनों की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को चार विकेट से हरा दिया है।

आज यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में ट्रैविस हेड (शून्य) का विकेट गवां दिया। उसके बाद अभिषेक शर्मा और राहुल त्रिपाठी ने पारी को संभाला। पांचवें ओवर में हर्षल पटेल ने त्रिपाठी को अर्शदीप के हाथों कैच आउट करा दिया। त्रिपाठी ने 18 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (33) रन बनाए। नितीश कुमार रेड्डी ने 25 गेंदों में (37), शाहबाज अहमद (3) रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 66 रनों की पारी खेली। हाइनरिक क्लासन ने 26 गेंदों में 42 रन बनाए। अब्दुल समद (11) और सनवीर सिंह (6) रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद ने 19.1 ओवर में छह विकेट पर 215 रन बनाकर चार विकेट से मुकाबला जीत लिया। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल ने दो-दो विकेट लिये। हरप्रीत बराड़ और शशांक सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले प्रभसिमरन सिंह (71), राइली रुसो (49) और अथर्व तायडे (46) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिये 215 रनों का लक्ष्य दिया था। चोटिल शिखर धवन और सैम करन की अनुपस्थिति में कप्तान बनाये गये जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रभसिमरन सिंह और अथर्व तायडे की सलामी जोड़ी ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट लिए 97 रन जोड़े।



अर्धशतकीय साझेदारी के दौरान बातचीत करते पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और रिली रोसोउ।

10वें ओवर में टी नटराजन ने अथर्व तायडे को आउट कर हैदराबाद को पहली सफलता दिलाई। तायडे ने 27 गेंदों में 46 रन बनाए। 15वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह के रूप में पंजाब का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें विजयकांत वियसकांत ने आउट किया।

प्रभसिमरन सिंह ने 45 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए सर्वाधिक (71) रन बनाए। शशांक सिंह (2) और आशुतोष शर्मा (2) रन बनाकर आउट हुए। राइली रुसो ने 24 गेंदों में 49 रनों की पारी खेली। जितेश शर्मा 15 गेंदों में (32) और सुबोध भाटी (2) रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 214 रनों का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से थंगारसु नटराजन ने दो विकेट लिए। पैट कमिंस और वी वियसकांत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रद | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता (क्वा) | 14 | 9 | 3 | 20 | 2 | +1.428 |
| हैदराबाद (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.414 |
| राजस्थान (क्वा) | 14 | 8 | 5 | 17 | 1 | +0.273 |
| बेंगलुरु (क्वा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.459 |
| चेन्नई (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | +0.392 |
| दिल्ली (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.377 |
| लखनऊ (बा) | 14 | 7 | 7 | 14 | 0 | -0.667 |
| गुजरात (बा) | 14 | 5 | 7 | 12 | 2 | -1.063 |
| पंजाब (बा) | 14 | 5 | 9 | 10 | 0 | -0.353 |
| मुंबई (बा) | 14 | 4 | 10 | 8 | 0 | -0.318 |

**पंजाब 214/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अथर्व तायड़े का सनवीर बो नटराजन | 46 | 27 | 5/2 |
| प्रभसिमरन सिंह का क्लासेन बो व्यासकांत | 71 | 45 | 7/4 |
| रिली रोसोउ का समद बो कमिंस | 49 | 24 | 3/4 |
| शशांक सिंह रन आउट | 2 | 4 | 0/0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 32 | 15 | 2/2 |
| आशुतोष शर्मा का सनवीर बो नटराजन | 2 | 3 | 0/0 |
| शिवम सिंह नाबाद | 2 | 3 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-36-0, कमिंस 4-0-36-1, नटराजन 4-0-33-2, व्यासकांत 4-0-37-1, शाहबाज 1-0-13-0, रेड्डी 3-0-54-0

**हैदराबाद 215/6** — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो अर्शदीप | 0 | 1 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा का शिवम बो शशांक | 66 | 28 | 5/6 |
| राहुल त्रिपाठी का अर्शदीप बो हर्षल | 33 | 18 | 4/2 |
| नीतिश कुमार रेड्डी का शिवम बो हर्षल | 37 | 25 | 1/3 |
| हेनरिच क्लासेन बो बरार | 42 | 26 | 3/2 |
| शाहबाज अहमद का शशांक बो अर्शदीप | 3 | 6 | 0/0 |
| अब्दुल समद नाबाद | 11 | 8 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-37-2, ऋषि 3-0-35-0, हर्षल 4-0-49-2, चाहर 4-0-43-0, बरार 3-0-36-1, शशांक 1-0-5-1, तायडे 0.1-0-4-0

# निजता के उल्लंघन को लेकर आईपीएल प्रसारक पर भड़के रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टीवी प्रसारक पर निजता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कहा कि 'एक्सक्लूजिव' और 'व्यूज' के चक्कर में एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेटरों और क्रिकेट के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा।



रोहित ने उनके और कोलकाता नाइट राइडर्स के सहायक कोच अभिषेक नायर के बीच बातचीत का वीडियो वायरल होने पर निराशा जताई। इस वीडियो में वह मुंबई इंडियंस के साथ अपने भविष्य पर बात करते नजर आ रहे हैं। रोहित ने एक्स पर लिखी पोस्ट में आईपीएल के टीवी प्रसारक स्टार स्पोटर्स पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा मेरे मना करने के बावजूद स्टार स्पोर्ट्स ने मेरी बातचीत को न सिर्फ रिकॉर्ड किया बल्कि प्रसारित भी कर दिया। यह निजता का उल्लंघन है। उन्होंने लिखा क्रिकेटरों की जिंदगी में इतना दखल हो रहा है कि कैमरा हर कदम पर पीछा करता है।

भारतीय कप्तान ने कहा एक्सक्लूजिव पाने और व्यूज तथा इंगेजमेंट पर ही फोकस रखने से एक दिन प्रशंसकों, क्रिकेट और क्रिकेटरों के बीच का विश्वास खत्म हो जाएगा। रोहित ने प्रसारकों से ऑडियो बंद करने का अनुरोध किया था। यह बातचीत 11 मई को मुंबई और केकेआर के बीच आईपीएल मैच के बाद हुई थी। विवाद के बाद केकेआर की सोशल मीडिया टीम ने भी वह वीडियो हटा दिया था। इसके बाद 17 मई को रोहित लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई के मैच से पहले मुंबई इंडियंस के पूर्व खिलाड़ी धवल कुलकर्णी से बातचीत कर रहे थे।

# सुकांत, तरूण और सुहास ने पैरालंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** शीर्ष भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम, तरूण और सुहास ने पेरिस में आगामी पैरालंपिक के लिए अपने स्थान पक्के किए। सुकांत कदम पहली बार पैरालंपिक में हिस्सा लेंगे और वह पुरुषों के एसएल 4 वर्ग में खेलेंगे। एसएल 4 में वो खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके शरीर के एक तरफ या दोनों पैरों में निचले स्तर पर मूवमेंट प्रभावित होता है। उनके अलावा तरूण और सुहास ने भी इसी वर्ग में क्वालीफाई किया। एसएल3 महिला वर्ग (शरीर के एक तरफ, दोनों पैर या अंगों की अनुपस्थिति वाले खिलाड़ियों के लिए) में मनदीप कौर ने जबकि मिश्रित युगल एसएल6 वर्ग में निथ्या और शिवराजन ने भी कट हासिल किया। पेरिस पैरालंपिक 28 अगस्त से आठ सितंबर तक आयोजित होंगे। कदम पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और लगातार पदक जीत रहे हैं।

## खेल डायरी

### चेन्नइयिन ने मिडफील्डर जितेश्वर का करार बढ़ाया



**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नइयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले मिडफील्डर युमखाइबाम जितेश्वर सिंह का करार 2025 तक बढाने का फैसला किया। मणिपुर के इस मिडफील्डर ने 2022 में चेन्नइयिन एफसी के लिये पदार्पण किया था। वह टीम के लिए 44 मैच खेल चुके हैं। टीम के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने कहा जीतू कहीं नहीं जा रहा है। वह अगले सत्र में भी हमारे साथ होगा। जितेश्वर पिछले साल एएफसी अंडर 23 एशियाई कप खेलने वाले भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

### त्वेसा 67 के कार्ड से संयुक्त 21वें स्थान पर

**ब्रेंडनबर्ग (जर्मनी)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में पांच अंडर 67 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 21वें स्थान पर बनी हुई हैं। यह लेडीज यूरोपीय टूर में करीब चार साल में त्वेसा का सर्वश्रेष्ठ राउंड है। उन्होंने तीसरे दौर में एक ईगल और पांच बर्डी लगायी जबकि दो बोगी कर बैठीं। यह 2021 के बाद एलईटी पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में सनशाइन लेडीज टूर पर 65 का सर्वश्रेष्ठ कार्ड खेला था। भारत की कट हासिल करने वाली अन्य दो खिलाड़ी प्रणवी उर्स (71) और दीक्षा डागर (73) क्रमश: संयुक्त 31वें और संयुक्त 43वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### रोहित के प्रदर्शन से रॉयल-ईमी ने बांटे अंक

**नई दिल्ली।** डीएसए ए डिवीजन लीग में खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में रोहित संतोष के दमदार खेल की बदौलत रॉयल एफसी ने ईमी एफसी को 1- 1 की बराबरी पर रोक कर अंक बांटे। नेहरू स्टेडियम मैदान में दोनों टीमों ने प्रदर्शन किया। रॉयल ने 12 वें मिनट में स्पर्श शर्मा के गोल से बढ़त बनाई, जिसे ईमी के अखिलेश देवरानी ने 49 वें मिनट में पेनल्टी से बराबर कर दिया। तत्पश्चात ईमी ने खेल पर दबदबा बनाया लेकिन रॉयल के गोल रक्षक कप्तान रोहित संतोष ने बेहतर प्रदर्शन से गोल का बचाव किया। होकिप, आशुतोष थपलियाल, गांगते और डेविड के प्रयासों पर रोहित के पूर्वानुमान दर्शनीय रहे जिसकी एवज में उसे प्लेयर ऑफ द मैच आंका गया।

### सबसे ऊंचे पोलिंग बूथ पर आज पहुंचेंगे साइकिल सवार

**रोम।** पांचवीं शिमला। दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग से साइकिल सवार देश के मतदाताओं को मतदान का संदेश देने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन स्पीति में शनिवार को पहुंच गये। ताबो के सेरकोंग स्कूल के बच्चों द्वारा इन साइकिल सवारों का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही स्कूल में कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। शिमला के रिज मैदा प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने साइकलिंग एक्सपीडिशन के साइकिल सवार शिमला से 436 किलोमीटर की दूरी तय कर स्पीति के काजा में पहुंचे हैं। लोकसभा और विधानसभा उप-चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकलिंग एक्सपीडिशन आयोजित की गई है। ये साइकिल सवार 20 मई को टशीगंग (15256 फीट) पहुंचेंगे। स्टेट इलेक्शन आइकन जसप्रीत पाल उनके साथी क्षितिज शिमला से टाशीगंग जाएंगे।

# चिराग-सात्विक ने जीता थाईलैंड ओपन

**बैंकॉक, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष भारतीय जोड़ी ने रविवार को चीन की चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी को फाइनल मुकाबले में हराकर थाइलैंड ओपन का पुरुष युगल खिताब जीत लिया है। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 46 मिनट तक चले मुकाबले में चीन की जोड़ी को 21-15, 21-15 से हराकर 2024 बैडमिंटन सत्र का अपना दूसरा खिताब अपने नाम किया।

शानदार खेल दिखाते हुए भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआत में 4-1 की बढ़त बनाई। इसके बाद यांग और यी की जोड़ी ने भी पलटवार किया और पहले हाफ टाइम तक 11-10 से बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद विश्व बैडमिंटन रैंकिंग की वरीयता प्राप्त सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी ने



शानदार वापसी की और चीनी जोड़ी को गलती करने पर मजबूर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने अपनी लय हासिल करते हुए 19-15 की बढ़त बनाई। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने दो अंक अर्जित करते हुए पहला गेम 21-15 से जीत लिया। दूसरे गेम में चीनी खिलाड़ियों ने दो अंक लेकर एक बार फिर भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की बराबरी कर ली। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने स्मैश के जरिए चीनी खिलाड़ियों को बैकफूट पर धकेल दिया ओर इंटरवल तक 11-6 की बढ़त हासिल कर ली। आत्मविश्वास से भरी भारतीय जोड़ी ने कोर्ट 19-15 की बढ़त के साथ खेल को अपने कब्जे में लिया और फिर लगातार दो और अंक हासिल करते हुए मैच पर जीत की मुहर लगा दी।

चिराग और सात्विक के लिए यह वर्ष 2024 बैडमिंटन सत्र का दूसरा खिताब था और थाईलैंड ओपन का भी दूसरा खिताब था। मार्च में फ्रेंच ओपन जीतने से पहले चिराग और सात्विक इस साल की शुरुआत में मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में हार गए थे। सात्विकसाईराज ने खिताब जीतने के बाद कहा थाईलैंड ओपन हमारे लिए एक विशेष टूर्नामेंट रहा है क्योंकि हमने यहां पहला सुपर 500 खिताब भी जीता था और उसके बाद कई और टूर्नामेंट जीते हैं। हम उम्मीद कर रहे हैं कि यह जीत हमारे लिए विजयी अभियान शुरू करेगी।

# भारत ने तीसरे दिन एक रजत और एक कांस्य पदक किया अपने नाम

**पैरा एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप**

**कोबे (जापान), एजेंसी**

भारत के लिए ऊंची कूद के पैरा एथलीट निषाद कुमार ने रविवार को यहां कोबे 2024 पैरा एथलेटिक्स विश्व चैम्पियनशिप के तीसरे दिन रजत पदक और प्रीति पाल ने महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक जीता।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता निषाद ने पुरुषों की ऊंची कूद टी47 फाइनल में 1.99 मीटर के प्रदर्शन से दूसरा स्थान हासिल किया और भारत का खाता खोला। निषाद ने पेरिस में 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में इसी स्पर्धा का रजत पदक जीता था। अमेरिका के रोड्रिक टाउनसेंड ने 2.05 मीटर की कूद से स्वर्ण



प्रतिस्पर्धा के दौरान निषाद कुमार

पदक अपने नाम किया। टी 47 में वो पैरा ट्रैक एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनका कोहनी या कलाई के नीचे का हिस्सा कटा होता है या इसमें विकृति होती है। फिर प्रीति पाल ने महिलाओं की टी 35 वर्ग की 200 मीटर स्पर्धा के फाइनल में 30.49 सेकेंड के समय से तीसरा स्थान हासिल कर भारत को दूसरा पदक दिलाया।

# ओलंपिक ट्रायल में सबसे सफल निशानेबाज रहीं मनु

**भोपाल, एजेंसी**



ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर राइफल और पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में सबसे सफल निशानेबाज रहीं, उन्होंने रविवार को यहां अंतिम दिन महिलाओं की 10 मीटर पिस्टल ओएसटी टी4 मैच में जीत हासिल की। मनु की दो स्पर्धाओं के ट्रायल में यह चौथी जीत रही।

उन्होंने महिलाओं की 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के ट्रायल भी जीते। मनु ने ओएसटी टी4 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में 240.8 का स्कोर बनाया। उन्होंने हांग्झोऊ एशियाड की चैंपियन पलक को 4.4 अंक से पछाड़ा। इससे पहले इलावेनिल वलारिवान ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल ओएसटी टी4 में 254.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। दिव्यांश पंवार ने पुरुषों की एयर राइफल ओएसटी टी4 में 253.3 के स्कोर से जीत दर्ज की। यह स्कोर उनके मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.4 कम रहा। अर्जुन बबूता (250.0) और रुद्रांक्ष पाटिल (229.5) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी4 फाइनल में रविंदर सिंह 242.2 के स्कोर से विजेता रहे।

# अराविंद ने शारजाह मास्टर्स शतरंज में एकल बढ़त बनाई

**शारजाह।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम ने स्थानीय खिलाड़ी ए आर सालेह सलेम को हराकर शारजाह मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में एकल बढत बना ली। चिदंबरम के बाद चार खिलाड़ी दूसरे स्थान पर है जिनमें ईरान के अमीन टाबाटाबाइ और बर्डिया दनेश्वर और अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और सैम शांकलैंड शामिल हैं। शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगेसी आठ अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है जिनमें भारत के संकल्प गुप्ता भी हैं। एरिगेसी और वोलोडार मुरजिन की बाजी बराबरी पर छूटी जबकि संकल्प ने अजरबैजान के तैमूर राजदाबोव को ड्रॉ पर रोका।

# बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद हुआ राजस्थान-केकेआर का मैच



**गुवाहाटी, एजेंसी**

- दोनों टीमों को बांटा गया एक-एक अंक, कोलकाता शीर्ष पर
- अब केकेआर-सनराइजर्स से और आरसीबी-रॉयल्स से भिड़ेगी

रूक-रूक कर हो रही बारिश के करण रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 70वें मैच को टॉस के बाद रद्द घोषित कर दिया गया। बारिश रुकने के बाद अम्पायरों ने मैदान का निरीक्षण करते सात-सात ओवरों मैच की मंजूरी दी।

देर रात कोलकाता ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। टॉस जीतने के बाद कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि हमारी टीम में एक बदलाव है। अनुकुल टीम में वापस आए हैं। इस पिच को हम ज्यादा नहीं जानते, हमें नहीं पता कि पिच कैसा व्यवहार करने वाली है। यह सात-सात ओवर का मैच है तो हम पहले गेंदबाजी करते हुए, पिच का व्यवहार जान लेना चाहते हैं। वहीं राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि हम भी पहले गेंदबाजी करना चाहते थे। आज हमारी टीम में अंतिम समय में कुछ एक बदलाव हुए हैं तो मुझे उस बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता है। हालांकि नांद्रे बर्गर टीम में हैं। इससे पहले कि मैच शुरु हो पाता बारिश फिर से शुरु हो गई। बारिश के कारण मैच में एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी और अंपायरों ने मैच को आधिकारिक रूप से रद्द घोषित कर दिया गया।

राजस्थान की टीम इस मैच को जीतकर अपने पिछले चार मैचों के हार के क्रम को तोड़कर चाह रही थी। मैच रद्द होने के बाद दोनों टीमों एक-एक अंक बांट दिया गया है जिसके बाद कोलकाता नाइटराइडर्स 20 अंक के साथ शीर्ष पर है। राजस्थान की 17 अंक के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

इस परिणाम के साथ सनराइजर्स हैदराबाद की टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। 21 मई को क्वालीफायर वन में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच भिड़ंत होगी। वहीं 22 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच एलिमिनेटर मुकाबला होगा। दोनों मैच अहमदाबाद में खेले जाएगें।

# धोनी सीएसके का हिस्सा नहीं रहेंगे तो आश्चर्य होगा : हेडन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- मैथ्यू हेडन बोले- धोनी शायद अपना आखिरी मैच खेल चुके हैं, एमएस ने लगाया 110 मीटर का सबसे लंबा छक्का

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज मैथ्यू हेडन का मानना है कि करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपना आखिरी मैच खेल लिया है लेकिन वह चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ किसी भूमिका में जुड़े रहेंगे। सीएसके का इस आईपीएल में शुक्रवार को अपने आखिरी लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार के बाद सफर खत्म हो गया। इस मैच में धोनी ने 13 गेंद में 25 रन की आतिशी पारी खेली लेकिन यह टीम को प्लेऑफ में पहुंचाने के लिए काफी नहीं था।

धोनी ने यश दयाल की गेंद पर इस सत्र का सबसे लंबा 110 मीटर का छक्का लगाकर चेन्नई की उम्मीदें बनाए रखी थी लेकिन वह अगली गेंद पर आउट हो गए। इसके बाद टीम



चार गेंद में सिर्फ एक रन ही बना सकी। धोनी ने मौजूदा सत्र में 220.55 की शानदार स्ट्राइक रेट से और 53.67 की औसत से 161 रन बनाए। वह इस अब तक इस आईपीएल के सबसे बड़े आकर्षण रहे है और हर मैदान में बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक पहुंच रहे थे। हेडन ने कहा कि धोनी अगले सत्र में अगर सीएसके का हिस्सा या मेंटोर नहीं होंगे तो उन्हें काफी आश्चर्य होगा।

## टेस्ट की तरह बर्ताव कर रही पिच पर 200 पार करना अविश्वसनीय : डुप्लेसी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि बारिश के बाद टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही पिच



बल्लेबाजों का स्कोर को 200 के पार ले जाना और आखिरी ओवर में यश दयाल का गेंदबाजी प्रदर्शन अविश्वसनीय रहा। मैच जीतने के बाद डुप्लेसी ने कहा मुझे लगा कि मैंने बारिश के बाद अब तक सबसे मुश्किल पिच पर यहीं बल्लेबाजी की। यह इतनी मुश्किल प्रतीत हो रही थी कि मैं और विराट कोहली तो 140-150 के स्कोर तक पहुंचने की बात कर रहे थे। यह रांची के पांच दिवसीय टेस्ट मैच की तरह बर्ताव कर रही थी और वहां से 200 के स्कोर को पार करना अविश्वसनीय था। जब हम जीत नहीं रहे थे तब भी प्रशंसक हमारे साथ खड़े थे। जिस तरह का समर्थन हमें मिला इसके लिए हम प्रशंसकों के शुक्रगुजार हैं।

## चमत्कारिक प्रदर्शन से दूसरी टीमों को मिलेगी प्रेरणा : कार्तिक

**बेंगलुरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि लगातार छह जीत दर्ज करके आईपीएल प्लेआफ में जगह बनाने वाली उनकी टीम के चमत्कारिक प्रदर्शन से भविष्य में दूसरी टीमों को प्रेरणा मिलेगी। पहले आठ में से सात मैच हारने वाली आरसीबी ने बाहर होने की कगार से निकलकर वापसी की और अंतिम चार में जगह बनाई है। कार्तिक ने कहा जिस तरह आठ मैचों के बाद हमने वापसी की। हमें छह मैच जीते, लोग इस टीम को याद रखेंगे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत, पांच लापता

**बुडापेस्ट।** हंगरी में डेन्यूब नदी में हुई एक नौका दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हो गए। हंगरी पुलिस को शनिवार देर रात एक रिपोर्ट मिली कि वेरोसे शहर के पास डेन्यूब के तट पर एक व्यक्ति के सिर से रक्तस्राव हो रहा है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि वह व्यक्ति एक नौका दुर्घटना का शिकार हुआ है, और बाद में पास में एक पुरुष और एक महिला के शव पाए गए। नौका पर सवार पांच अन्य लोगों की तलाश जारी है।

### अमेरिकी एनएसए और क्राउन प्रिंस ने की चर्चा

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवान ने रविवार तड़के सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात कर चर्चा की। सऊदी अरब ने इस चर्चा को दोनों देशों के बीच व्यापक सुरक्षा समझौते के सेमी-फाइनल संस्करण के रूप में वर्णित किया है। इसके पहले हमास की ओर से पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमले के कारण रणनीतिक समझौता नहीं हो सका था।


### जर्मन रक्षा मंत्री ने यूक्रेन की मदद के लिए किया अनुरोध

**बर्लिन।** जर्मनी के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन को सहायता प्रदान करने के लिए सरकार से अतिरिक्त 4 अरब 13 करोड़ का अनुरोध किया है। जर्मन अखबार बिल्ड ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और वित्त मंत्री क्रिश्चियन लिंडनर से मुलाकात की। जिसका मुख्य उद्देश्य अतिरिक्त धनराशि के लिए अनुरोध जून में मंजूरी के लिए संसद में प्रस्तुत किया जाना है।

### पुलिस अधिकारी ने आरोपी को भागने में की थी मदद, निलंबित

**कोझिकोड (केरल)।** केरल पुलिस के एक अधिकारी को घरेलू हिंसा मामले के एक आरोपी को देश छोड़ने में मदद करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कोझिकोड शहर के पंथिरनकावु थाने के एक वरिष्ठ नागरिक पुलिस अधिकारी (सीपीओ) को आंतरिक जांच में यह आरोप सामने आने के बाद निलंबित कर दिया गया है कि वह राहुल पी गोपाल के साथ नियमित संपर्क में थे। गोपाल पर अपनी नवविवाहित पत्नी पर हमला करके हत्या का प्रयास करने का आरोप है। मामले की जांच जारी रहने के बीच गोपाल ने कुछ दिन पहले देश छोड़ दिया, जिसके बाद पुलिस को उसके खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के लिए इंटरपोल से संपर्क करना पड़ा।

## आस्था



पुडुचेरी के उपराज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कराईकल में थिरुनाल्लारू श्री दरबारनेश्वर मंदिर के रथ उत्सव में भाग लिया।

## असम में 105 करोड़ रुपये की 10 किलोग्राम हेरोइन जब्त

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को बताया कि कछार जिले में 105 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की गई है। प्रतिबंधित मादक पदार्थ का वजन दस किलोग्राम से अधिक है। यह पड़ोसी राज्य से लाया जा रहा था।

शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा राज्य में नशा मुक्ति अभियान के प्रयास जारी है। मादक द्रव्य के तस्करों पर कार्रवाई करते हुए कछार पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया और पड़ोसी राज्य से लाई गई 10.333 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। उन्होंने मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रखने और यह सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई कि युवा ऐसे जाल में न फंसे। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर जब्त किए गए मादक पदार्थ के साथ दो आरोपियों की तस्वीर भी साझा की।

# गर्मी में घर के बाहर जा रहे हैं तो इन बातों का रखें ध्यान, नहीं तो लू ले सकती है जान

उत्तर भारत में भीषण गर्मी ने प्रचंड रूप ले लिया है। ऐसे में आईएमडी की ओर से रेड अलर्ट जारी किया जा चुका है। धूप तेज होने से डिहाइड्रेशन के कारण बीमार पड़ने की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे में घर से बाहर निकलने से पहले आप अपने चेहरे और त्वचा को ढंक कर ही निकलें तो अच्छा रहेगा। वहीं दिन में घर से बाहर जा रहे हैं तो खानपान और पेयपदार्थ का भी विशेष ध्यान रखें। खुद में ताजगी बनाए रखने के लिए प्रतिदिन 3.5 लीटर से 4 लीटर पानी पीएं और ठंडे चीजों का सेवन करें। घर से बाहर निकलने से पहले कैप यानी कैप लगाना न भूले। आहार में ताजा फल और सब्जियों का सेवन करें, जिससे आप खुद को एनर्जेटिक महसूस कर सकेंगे। गर्मियों में अधिक समय तक धूप में काम करने से बचना चाहिए। इन सावधानियों का पालन करके आप खुद को गर्मियों में सुरक्षित रख सकते हैं।



### डिहाइड्रेशन के लक्षण

- मुंह सूखना, बार-बार पानी मांगना।
- आंखों का धंस जाना।
- कमजोरी व चक्कर आना।
- पेशाब कम और पीले रंग का आना।
- शरीर का तापमान कम होना।
- बेहोशी आना।

### अधिक खाने से परहेज करें

एक बार में अधिक खाने से परहेज करें गर्मी के मौसम में दिन की शुरुआत मीठे और रसीले फल से करना अच्छा रहेगा। चीकू, आड़ू, तरबूज, खरबूज या संतरा अच्छा विकल्प हो सकते हैं। खाने में प्याज और खीरा सलाद के तौर पर जरूर खाएं। यह पाचन संबंधी परेशानियों से बचाएंगे और तापमान नियंत्रित रखेंगे।

### ढीले-ढाले कपड़े पहनें

ढीले-ढाले व हल्के रंगों के कपड़ों का चुनाव करना चाहिए। यह सूरज के प्रकोप से बचाते हैं और पसीने सूखने में मदद करते हैं। इस मौसम में आंखों का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए। इसलिए तेज धूप में घर से बाहर निकल रहे हैं तो सनग्लासेज का इस्तेमाल जरूर करें।

### बचाव

- खनिज की पूर्ति करने वाले पेय पदार्थों का सेवन करें।
- नारियल का पानी, कच्चे दूध की लस्सी पीना।
- मौसमी फलों का सेवन करें।
- साफ ताजा पानी पिएं, ज्यादा ठंडा पानी पीने से बचे।
- डायरिया होने पर ओआरएस का घोल पिलाएं।
- नींबू पानी, बेल का शरबत, शिकंजी, छाछ पीना।
- जंक फूड का सेवन करने से बचे।
- खुले में बिकने वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें।
- तला भूना, मिर्च मसाले वाले भोजन से बचें।
- चिकित्सक की सलाह से उपचार कराएं।

# गोपी थोटाकुरा बने पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक

## ब्लू ओरिजिन कैप्सूल से छह लोगों ने की अंतरिक्ष की सैर

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री के रूप में 90 वर्षीय एड ड्विट भी शामिल

भारतीय मूल के पायलट गोपी थोटाकुरा समेत छह लोगों ने रविवार को अंतरिक्ष की सैर की है। इनमें अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुने गए 90 वर्षीय एड ड्विट भी शामिल थे, जिन्होंने आखिरकार 61 साल बाद अंतरिक्ष की उड़ान भरी। अमेरिकी वायुसेना में कैप्टन रहे एड ड्विट का अंतरिक्ष यात्री के रूप में 1961 में तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने चुनाव किया था, लेकिन किसी कारण से वह 1963 में उड़ान में नहीं जा सके थे।

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट और कैप्सूल (एनएस-25) ने सभी छह अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर अमेरिका के पश्चिमी टेक्सास से स्थानीय समय के अनुसार रविवार सुबह 9.36 बजे उड़ान भरी। अंतरिक्ष यात्रियों में गोपी थोटाकुरा और एड ड्विट के अलावा उद्यमी मेसन एंजेल, फ्रांसीसी शराब कंपनी मोंट-ब्लैंक के संस्थापक सिल्वेन चिरोन, सॉफ्टवेयर इंजीनियर और उद्यमी केनेथ एल हेस और सेवानिवृत्त लेखाकार कैरोल स्कॉलर शामिल थे। कंपनी ने बताया कि कैप्सूल करीब 10 मिनट तक अंतरिक्ष में रहा और उसके बाद सुरक्षित जमीन पर उतर आया। सभी अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह से सुरक्षित और स्वस्थ हैं। इस उड़ान के साथ ही ड्विट सबसे अधिक उम्र के अंतरिक्ष यात्री बन गए हैं। इससे पहले सबसे बुजुर्ग अंतरिक्ष यात्री होने का रिकॉर्ड स्टार ट्रेक अभिनेता विलियम शैटनर के नाम था, जो 2021 में अंतरिक्ष में गए थे। ड्विट शैटनर से करीब दो महीने बड़े हैं।



अंतरिक्ष से लौटे गोपी थोटाकुर।

### गोपी पायलट और कुशल एविएटर हैं

आंध्र प्रदेश में जन्मे गोपीचंद थोटाकुरा ने अंतरिक्ष की यात्रा कर इतिहास रच दिया है। वह 1984 में भारतीय सेना के विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष पर्यटक और दूसरे भारतीय बन गए हैं। गोपी एक पायलट और कुशल एविएटर हैं। वह अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जेट पायलट के रूप में काम कर चुके हैं। थोटाकुरा एम्ब्री-रिडल एरोनॉटिकल यूनिवर्सिटी से स्नातक हैं।

## हमलावरों पर कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों को खुली छूट दी गई : सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शोपियां और पहलगाम में हुए आतंकी हमले की रविवार को कड़ी निंदा की तथा कहा कि इन हमलों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सुरक्षा बलों को खुली छूट दी गई है। आतंकवादियों ने शनिवार रात कश्मीर में दो स्थानों पर हमले कर शोपियां में एक सरपंच की हत्या कर दी और अनंतनाग में राजस्थान के एक पर्यटक दंपती को घायल कर दिया। बारामूला में लोकसभा चुनाव से दो दिन पहले इन हमलों को अंजाम दिया गया।



सिन्हा ने यहां एक बयान में कहा मैं आतंकी हमले और पूर्व सरपंच एजाज अहमद शेख की बर्बर हत्या से स्तब्ध हूं। वह जमीन से जुड़े नेता थे और लोगों की निस्वार्थ सेवा करने के लिए जाने जाते थे। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों के साथ है। हम इस मुश्किल घड़ी में परिवार के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया जघन्य हमला भी आतंकियों की हताशा को प्रदर्शित करता है।

**घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश :** उपराज्यपाल ने कहा मैंने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को घायल दंपती को हर संभव उपचार मुहैया करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। उन्होंने कहा सरकार ने आतंकवादियों और उसके सहयोगियों को कुचलने के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस तथा सुरक्षा बलों को खुली छूट दी है।

# सरकार से खफा युद्ध कैबिनेट सदस्य ने दी इस्तीफे की धमकी

यरूशलम, एजेंसी

- गाजा में नई योजना अपनाने को लेकर बेनी गैंट्ज ने नेतन्याहू सरकार पर बनाया दवाब

इजराइल के तीन सदस्यीय युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज ने गाजा में युद्ध के लिए नई योजना नहीं अपनाने पर सरकार से इस्तीफा देने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांग नहीं मानती है तो वह 8 जून को पद से इस्तीफा दे देंगे। शनिवार को की गई उनकी इस घोषणा से सात महीने से गाजा में युद्ध लड़ रहे इजराइल के नेतृत्व में विभाजन के संकेत मिले हैं।

वहीं द टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, नेतन्याहू की सरकार से इस्तीफा देने की गैंट्ज की धमकी की मंत्रियों की आलोचना की है और उन्हें पद से हटाने की मांग की है। शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में गैंट्ज ने मंत्रिमंडल से छह सूत्री योजना पर सहमत होने का आह्वान किया, जिसमें संघर्ष समाप्त होने के बाद घेरे गए क्षेत्र के शासन के लिए एक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया है।

गैंट्ज की योजना में गाजा में इजरायली बंदियों को रिहा करने, क्षेत्र को विसैन्यीकृत करने और इसके नागरिक मामलों की देखरेख के लिए अमेरिकी, यूरोपीय, अरब और फिलिस्तीनी तत्वों के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की बात कही गई है।



संवाददाताओं को जानकारी देते बेनी गैंट्ज।

### गाजा में एक और बंधक का शव मिला

इजरायली सेना ने कहा है कि गाजा पट्टी से एक और इजरायली बंधक का शव बरामद किया गया है। 24 घंटे के भीतर ये चौथा शव है। सेना के प्रवक्ता अविचाई एड्राई ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, सेना और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी के संयुक्त विशेष अभियान में रॉन बेंजामिन का शव बरामद किया गया। एक बयान में, एड्राई ने कहा कि सेना की जानकारी से संकेत मिलता है कि रॉन बेंजामिन पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास के हमले के दौरान मारे गए थे और उनके शव को हमास के आतंकवादी गाजा ले गए थे। इजरायल का अनुमान है कि गाजा में अभी भी कम से कम 129 इजरायली बंधक हैं, जिनमें से कुछ, हमास के अनुसार, मर चुके हैं।

# ग्रेजुएट रूट पॉलिसी खत्म करने की योजना बना रहे ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- मंत्रियों ने जताया विरोध, भारतीय छात्रों पर पड़ेगा इसका प्रभाव

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कानूनी प्रवासन के आंकड़ों को कम करने के लिए पोस्ट स्टडी वीजा (ग्रेजुएट रूट पॉलिसी) पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। यह स्नातकों को उनके डिग्री कोर्स के बाद दो साल तक रहने और काम करने की अनुमति देता है।



इसे लेकर उन्हें अपने कुछ मंत्रियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। द ऑब्जर्वर अखबार की खबर के अनुसार अगर पोस्ट स्टडी योजना पर रोक लग जाती है, तो इससे भारतीय छात्रों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। यह योजना भारतीय छात्रों के बीच ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों को चुनने का एक बड़ा कारण है। साल 2021 में लांच होने के बाद से यह भारतीयों की पसंद बनी हुई है।

द आब्जर्वर के अनुसार, सुनक को योजना को खत्म करने की प्लानिंग पर कैबिनेट के विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है। इसका विरोध करने वालों में शिक्षा मंत्री गिलियन कीगन, चांसलर जेरेमी हंट और विदेश मंत्री डेविड कैमरन शामिल हैं।

## स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत गंभीर

**पेजिनोक।** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको की हालत जानलेवा हमले के चार दिन बाद भी गंभीर बनी हुई है। रक्षा मंत्री रॉबर्ट कलिनक ने यह जानकारी दी। हालांकि कलिनक ने यह भी कहा कि हालत में कुछ सकारात्मक सुधार देखने को मिला है।

अस्पताल उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर ताजा जानकारी जारी करता रहेगा। अस्पताल के उप-निदेशक मिलान उर्बनी ने संवाददाताओं से कहा चिकित्सकों के सुबह के परामर्श के आधार पर, हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वह फिलहाल प्राणघातक हालात से बाहर हैं, लेकिन उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

# नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड को विश्वास मत जीतने का भरोसा

काठमांडू, एजेंसी

- गठबंधन सहयोगी द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड ने विश्वास जताया है कि वह सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत जीत जाएंगे। एक गठबंधन सहयोगी द्वारा उनकी सरकार से अपना समर्थन वापस लेने के बाद उन्हें विश्वास मत का सामना करना पड़ रहा है।

प्रचंड (69) नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंधित हैं। यह पार्टी प्रतिनिधि सभा में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। वह पद संभालने के 18 महीने के भीतर चौथी बार संसद में विश्वास मत हासिल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने 25 दिसंबर 2022 को पद संभाला था। प्रधानमंत्री प्रचंड ने शनिवार को काठमांडू में सत्तारूढ़ पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा इसमें कोई संदेह नहीं है कि मेरी सरकार शक्ति परीक्षण में सफल रहेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी दलों के बीच मतभेदों को बातचीत के जरिए सुलझाया जाएगा। प्रधानमंत्री जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं यदि वह विभाजित हो जाती है या गठबंधन सरकार का कोई सदस्य समर्थन वापस ले लेता है तो प्रधानमंत्री को 30 दिन के भीतर विश्वास मत हासिल करना आवश्यक होता है।

## लूटपाट



अमेरिका द्वारा गाजा में बनाए गए पोतघाट के जरिए मध्य गाजा पट्टी पर ट्रक से मानवीय सहायता पहुंचाई गई। इस दौरान लोगों ने ट्रक को लूटने की कोशिश की। • एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल

### रणवीर को पसंद आई फिल्म श्रीकांत आ रहा है सबकी आंखें खोलने

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत – आ रहा है सबकी आंखें खोलने बेहद पसंद आयी है। गुलशन कुमार और टी-सीरीज फिल्म्स प्रस्तुत और चॉक एन चीज फिल्म्स के बैनर तले तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित फिल्म इस फिल्म में राजकुमार राव की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 10 मई को रिलीज हुई है। दर्शकों और क्रिटिक्स से इस फिल्म को को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। कुछ दिन पूर्व अक्षय कुमार ने फिल्म और राजकुमार राव की तारीफ की थी।अब रणवीर सिंह ने श्रीकांत देखने के बाद अपना रिव्यू शेयर किया है। श्रीकांत देखने के बाद रणवीर भी फिल्म की तारीफ की।उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि एक उत्साहवर्धक कहानी और एक खास अभिनेता का बेहतरीन प्रदर्शन। श्रीकांत की टीम को बधाई।



### कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर की शुरुआत होती है वर्ष 1967 से। उधमपुर के एक आर्मी अस्पताल का सीन देखने को मिल रहा है। एक आदमी बेड पर लेटा नजर आ रहा है, जिसे 1965 की जंग में 9 गोलियां लगी हैं। उसके बाद से वह आदमी कोमा में है। आगे एक वॉर सीक्वेंस देखने को मिलता है। हाथों में बंदूक लिए कार्तिक फायरिंग करते नजर आ रहे हैं।आगे कार्तिक के बचपन की कहानी दिखाई जाती है। उनसे स्कूल में पूछा जाता है कि बड़े होकर क्या बनना है, जिस पर वो कहते हैं कि चैंपियन बनना है और मेडल लाना है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे चंदू पिता नहीं चाहते थे कि वह स्पोर्ट्स में जाये, लेकिन बचपन से ही खेल-कूद में उन्हें बड़ी दिलचस्पी थी। उन्होंने कुश्ती से करियर शुरू किया। ' 'चंदू नहीं, चैम्पियन है मैं। यह डायलॉग है मुरलीकांत बने कार्तिक आर्यन का।



### 50 वर्ष के हुये नवाजुद्दीन सिद्दीकी

**मुंबई।** बॉलीवुड में अपने संजीदा अभिनय के लिये मशहूर नवाजुद्दीन सिद्दीकी 50 वर्ष के हो गए। सिद्दीकी का जन्म 19 मई 1974 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना गांव में हुआ था। वर्ष 1999 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी अभिनेता बनने का सपना लिये मुंबई आए थे। नवाजउद्दीन बैक स्टेज पर काम किया करते थे। स्टेज की साफ-सफाई करना, एक्टर्स के लिए चाय-पानी लाने का काम भी करते थे।

### बजरंग और अली 7 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** दो दोस्तों की कहानी पर आधारित फिल्म बजरंग और अली 7 जून को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में दो विभिन्न समुदायों से ताल्लुक रखने वाले बजरंग और अली की गहरी और अनूठी दोस्ती को दिलचस्प तरीके से दर्शाया गया है। फिल्म में अलग-अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखने वाले दो दोस्तों की वफादारी और निस्वार्थ भाव को बड़े ही मार्मिक अंदाज में पेश किया गया है। बजरंग और अली की दोस्ती के माध्यम से यह संदेश भी देने की कोशिश की गयी है कि किसी शख्स का ताल्लुक किसी भी मजहब से क्यों ना हो, यदि आपके मन में एक-दूसरे के लिए इज़्जत है तो फिर ऐसे में आपकी पृष्ठभूमि कोई मायने नहीं रखती है।

## यूक्रेन ने 30 तो रूस ने 60 ड्रोन को मार गिराने का किया दावा

**कीव।** रूस ने अपने क्षेत्र में यूक्रेन के लगभग 60 ड्रोन और कई मिसाइल मार गिराने का दावा किया है, जबकि कीव ने कहा है कि उसने 30 से अधिक रूसी ड्रोन नष्ट किये हैं। खार्किव के बाहरी इलाके में एक हमले में रविवार को कम से कम चार लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस ने यूक्रेन के युद्धग्रस्त उत्तर-पूर्व इलाके में नये सिरे से आक्रमण शुरू कर दिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी हवाई सुरक्षा ने दक्षिणी क्रास्नोडार क्षेत्र में रात भर में 57 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।

स्थानीय सैन्य अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन का मलबा स्लावियांस्क-ऑन-क्यूबन शहर में एक तेल रिफाइनरी पर गिरा, लेकिन इससे आग की कोई घटना अथवा किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। समाचार आउटलेट एस्ट्रा ने वीडियो प्रकाशित किया, जिसमें रिफाइनरी में एक विस्फोट दिखाया गया, क्योंकि इससे एक ड्रोन टकराया।

# डॉक्टर पर ऑपरेशन के दौरान गलत रॉड डालने का आरोप

कोझिकोड (केरल), एजेंसी

- मरीज ने सरकारी अस्पताल में कराया था फ्रैक्चर का ऑपरेशन अस्पताल प्रबंधन ने आरोप नकारे

केरल में कोझिकोड के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में गलत ऑपरेशन करने का एक और मामला सामने आया है। एक मरीज ने हाथ में फ्रैक्चर के इलाज के दौरान चिकित्सकीय लापरवाही के चलते उसके हाथ में गलत रॉड डालने को लेकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

हालांकि रविवार को अस्पताल ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मरीज का एकदम सही ऑपरेशन किया गया है। मेडिकल कॉलेज पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शनिवार को इलाज में हुई गड़बड़ी को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

हाथ के ऑपरेशन को लेकर सवाल उठाते हुए मरीज ने कहा कि उसके दाहिने हाथ में किसी और मरीज की रॉड डाल दी गई है जिससे उसका हाथ बुरी तरह दर्द कर रहा है। एक सड़क हादसे के बाद एक दिन पहले ही उसे बीच हॉस्पिटल से यहां रेफर किया गया था। मेडिकल कालेज अस्पताल के आर्थोपेडिक विभागाध्यक्ष डा.जेकब मैथ्यू ने कहा कि मरीज के इलाज में कोई गलती नहीं हुई है। उन्हें लगाया गया रॉड मानक के अनुरूप है। उल्लेखनीय है कि कुछ ही दिन पहले इस अस्पताल के एक डॉक्टर को गलत ऑपरेशन करने पर निलंबित किया गया था।

### एक्सरे में हुआ खुलासा

ऑपरेशन के बाद तकलीफ बढ़ने से कराए गए एक्सरे में पता चला कि डॉक्टर ने गलत राड मरीज को लगा दी है। मरीज के स्वजनों ने बताया कि डॉक्टर ने मरीज का दोबारा ऑपरेशन करने का दबाव बनाया, मना करने पर वह स्वजनों पर चिल्लाया भी था। परिवार ने डॉक्टर के बताने पर तीन हजार का चिकित्सकीय सामान खरीदा था जिसमें से एक भी ऑपरेशन में इस्तेमाल नहीं किया गया है।

## जेईआई के पूर्व प्रवक्ता ने किया आत्मसमर्पण

**श्रीनगर।** प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के एक पूर्व प्रवक्ता ने 2019 में जेल से भागने की कोशिश करने के सिलसिले में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी अली मोहम्मद लोन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत रैनवाड़ी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी आगजनी, दंगा, जेल से भागने की कोशिश, राष्ट्र विरोधी नारेबाजी और श्रीनगर केंद्रीय कारागार में पथराव करने में कथित तौर पर संलिप्त है। लोन को पहली बार मार्च 2019 में गिरफ्तार किया गया था लेकिन उसकी एहतियाती हिरासत को अदालत ने उस साल जुलाई में रद कर दिया था। हालांकि, उसे छह दिन के अंदर निवारक कानून के तहत फिर से हिरासत में ले लिया गया लेकिन इस आदेश को 2020 में अदालत ने निरस्त कर दिया था।